राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 71
लखनऊ, शनिवार 21 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं बीज वितरण जारी 10

सहकारिता विभाग के कर्मिकों को प्रशिक्षण की जरूरत : जेपीएस राठौर 03

संक्षिप्त समाचार

कौशल दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे प्रधानमंत्री

लखनऊ,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 नवम्बर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले कौशल दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यूपी कौशल विकास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है, जिसे लेकर प्रदेशवासियों में अपार उत्साह है।

मुश्किल में स्पाइसजेट, कंपनी कर्जदार, सिर्फ 13 प्लेन बचे

नई दिल्ली, एजेंसी। 2019 में देश की दूसरी सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी रही स्पाइसजेट के पास सिर्फ 13 विमान बचे हैं, जिनमें 10 से भी कम उड़ान भरने की स्थिति में हैं। इस साल अगस्त और सितंबर में स्पाइसजेट की हर पांच में से एक उड़ान कैंसिल हुई। पिछले 9 महीने में कंपनी का मार्केट शेयर 3.9 प्रतिशत से घटकर 0.6 प्रतिशत हो गया है। लगातार फ्लाइट कैंसिल होने, देरी और ऑपरेशनल गड़बड़ियों को लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, यानी ने स्पाइसजेट को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा गया है।

केंद्र ने दी 1.75 लाख नए शहरी मकानों को मंजूरी

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत 1.75 लाख नए मकानों के निर्माण को मंजूरी दी है। इसके अलावा 1.5 लाख मकानों के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति भी दी गयी है। इसके साथ ही योजना के तहत स्वीकृत मकानों की कुल संख्या 24.15 लाख से अधिक हो गई है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की 11वीं बैठक 19 नवंबर को शहरी विकास विभाग के सचिव सतेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई।

चिकित्सा क्षेत्र में नैतिकता, संवेदनशीलता को दें प्राथमिकता: राष्ट्रपति

टेलीमेडिसिन से भौगोलिक दूरियां कम कर दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचाया जा सकता है विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श

एजेंसी, नई दिल्ली।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि युवा डॉक्टर पेशेवर नैतिकता के उच्चतम मानकों का पालन करें और चिकित्सा सेवाओं में करुणा, संवेदनशीलता तथा मानवता की सेवा को सर्वोच्च स्थान दें। विज्ञान भवन में अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान (एबीवीआईएमएस) और डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने चिकित्सा शिक्षा में छात्राओं की उल्लेखनीय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि बेटियों की उपलब्धियां चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं केवल शहरी और संपन्न आबादी तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि दूरदराज और वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक भी पहुंचनी चाहिए। राष्ट्रपति ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की मरीजों को बेहतर सेवाएं देने में भूमिका की भी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में अस्पताल की ओपीडी में 19 लाख से अधिक मरीज पहुंचे। इससे यहां पढ़ने वाले मेडिकल छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और क्लीनिकल ज्ञान हासिल करने का महत्वपूर्ण अवसर मिला। मुर्मु ने कहा देशभर में करीब 1.75 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी चिकित्सा शिक्षा और सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है। इससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को अपने घरों के नजदीक बेहतर इलाज मिलना संभव हुआ है। उन्होंने टेलीमेडिसिन को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से भौगोलिक दूरियों को कम कर दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों तक विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श पहुंचाया जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की स्वास्थ्य नीति अब केवल बीमारियों के इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि रोकथाम और समय रहते बीमारी की पहचान पर भी जोर दिया जा रहा है। मधुमेह, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और कैंसर जैसी गैर-संचारी बीमारियों की शुरुआती जांच और उपचार बेहद जरूरी है। उन्होंने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके तहत पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवर दिया।

सीएम योगी की मां का निधन

ली अंतिम सांस, अंतिम संस्कार आज

समृद्धि न्यूज,लखनऊ।



मां सावित्री देवी के निधन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। वह अब गोंडा नहीं जाएंगे और गोरखपुर से सीधे उत्तराखंड रवाना होकर मां के अंतिम दर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी के निधन के बाद उनके सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री अब गोंडा नहीं जाएंगे। वह गोरखपुर से लखनऊ के रास्ते सीधे उत्तराखंड अपने पैतृतक आवास के लिए रवाना हो गए। जहां अपनी मां के अंतिम दर्शन करेंगे। पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार ऋषिकेश के संपूर्णानंद घाट पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का 89 वर्ष की आयु में उत्तराखंड के पौड़ी जिले स्थित पैतृक गांव पंचूर में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार और शुभचिंतकों में शोक की लहर है।

22-23 नवंबर को भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे नेपाल के पीएम



एजेंसी,नई दिल्ली। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह 22 और 23 नवंबर को भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही यह यात्रा मार्च 2026 में पदभार संभालने के बाद उनकी पहली भारत यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यात्रा के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 नवंबर को बालेन्द्र शाह के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत-नेपाल संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के साथ आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को आगे बढ़ाएगी।

शांति की सबसे मजबूत गारंटी है सांस्कृतिक संबंध : पीएम

पीएम मोदी ने किया दिल्ली में पहले एससीओ फोरम का उद्घाटन

एजेंसी, नई दिल्ली।



पीएम मोदी ने शुक्रवार शाम दिल्ली के पुराना किला में पहले शंघाई सहयोग संगठन एससीओ सिविलाइजेशनल डायलॉग फोरम का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। ऐसे में सांस्कृतिक सहयोग और आपसी जुड़ाव से वैश्विक शांति का रास्ता मजबूत हो सकता है। मोदी ने कहा- जब दुनिया में युद्ध और अशांति पर चर्चा हावी है, तब भारत में सभ्यताओं के बीच संवाद हो रहा है। सांस्कृतिक जुड़ाव वैश्विक शांति के लिए जरूरी है। मोदी ने पुराना किला और भारत की सभ्यतागत विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि यहां दी जाने वाली प्रेम और एकता की शिक्षाएं प्राचीन होने के साथ-साथ सार्वभौमिक भी हैं।

20 से 22 नवंबर तक चलने वाले इस फोरम में पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण समन्वय मंत्री मुसादिक मसूद मलिक समेत कई देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहली बार है, जब पाकिस्तान का कोई मंत्री भारत आया है। फोरम का आयोजन संस्कृति मंत्रालय और विदेश मंत्रालय मिलकर कर रहे हैं। मोदी ने कहा- भारत के महान गणितज्ञ ब्रह्मगुप्त के विचार विदेशों तक पहुंचे और सूफी परंपरा ने भारत में कव्वाली को विकसित किया देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की यह प्रक्रिया आज भी जारी रहनी चाहिए। ऐसे में एससीओ जैसे मंचों की भूमिका अहम हो जाती है। पीएम मोदी ने कहा कि एससीओ ने कुछ महीने पहले ही अपनी स्थापना के 25 साल पूरे किए हैं। ऐसे में सांस्कृतिक और सभ्यतागत सहयोग सदस्य देशों के संबंधों को और मजबूती देगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस फोरम के जरिए एक नई परंपरा की शुरुआत होगी और इसे ऐतिहासिक बनाया जाएगा। पीएम ने दिल्ली के पुराना किला का जिक्र करते हुए कहा कि यह भारत की अद्भुत सांस्कृतिक धरोहर है और इसका इतिहास महाभारत काल तक जाता है। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में बौद्ध दर्शन की प्रस्तुति और हनुमान जी की यात्रा के जरिए प्रेम और एकता का संदेश दिया गया। मोदी ने कहा कि प्रेम और एकता की ये शिक्षाएं जितनी प्राचीन हैं, उतनी ही सार्वभौमिक भी हैं। ये लोगों को सहज ही एक-दूसरे से जोड़ती हैं और आज के समय की मांग भी हैं। मोदी ने कहा- यह पहला एससीओ सिविलाइजेशनल डायलॉग फोरम है। मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं। जब दुनिया में युद्ध और अशांति पर चर्चा हावी है, तब हम भारत में सभ्यताओं के बीच संवाद कर रहे हैं। यह इसलिए भी अहम है, क्योंकि वैश्विक शांति के लिए सांस्कृतिक जुड़ाव जरूरी है।

आज दुनिया में पीपल-टू-पीपल कनेक्ट की होती है चर्चा

पीएम ने कहा- डिजिटल माध्यमों ने सांस्कृतिक जुड़ाव की नई संभावनाएं पैदा की हैं। अब अलग-अलग देशों के लोग कुछ ही मिनटों में एक-दूसरे से जुड़ सकते हैं। एससीओ देशों को इन संभावनाओं का लाभ उठाना चाहिए। पीएम ने कहा- आज दुनिया में पीपल-टू-पीपल कनेक्ट की चर्चा होती है।



संक्षिप्त खबरें

अब क्यूआर कोड से बनवायें आयुष्मान कार्ड



बहराइच समृद्धि न्यूज़ सरकार के निर्देश पर 01 नवंबर से 31 दिसंबर तक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत विशेष अभियान जिले में संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच में आने वाले पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की विशेष व्यवस्था की गई है। चिकित्सालय के आपातकालीन विभाग के निकट आयुष्मान कियोस्क स्थापित किया गया है, जहां पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा, जिससे मरीजों एवं उनके परिजनों को कार्ड बनवाने में सुविधा मिल सकेगी। उक्त कियोस्क का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) संजय खत्री एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) संजय खत्री ने कहा कि इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जोड़ना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। सीएमओ ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना जरूरतमंद एवं पात्र परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। चिकित्सालय परिसर में आयुष्मान कियोस्क स्थापित होने से मरीजों एवं उनके तीमारदारों को कार्ड बनवाने में आसानी होगी तथा योजना का लाभ प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी।

शिक्षकों ने सीखा प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, नौनिहालो को देंगे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



बहराइच समृद्धि न्यूज़ शुक्रवार को जिले उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों को परियोजना आधारित शिक्षा हेतु विज्ञान शिक्षको का दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुआ। शकुंतला मेमोरियल उन्नैसा बहराइच महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकास खण्ड पयागपुर, जरवल, मिहीपुरवा, हुजूरपुर के शिक्षको ने उच्च प्राथमिक स्तर के छात्रों के लिए पाठ्यक्रम अनुरूप परियोजना आधारित शिक्षण की बारीकियों सीखीं। प्रशिक्षण प्रभारी डायट प्रवक्ता गोविंद किशोर ने मौजूद प्रतिभागी शिक्षकों से कहा कि प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक तक सीमित रखने के बजाय गतिविधियों, प्रयोगों और वास्तविक जीवन की परिस्थितियों से जोड़कर सीखने का अवसर मिलेगा। राज्यस्तरीय सन्दर्भदाता राजेश मिश्रा ने शिक्षकों से विद्यालय स्तर पर इन गतिविधियों को नियमित एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने की अपील की। डॉ० नन्द कुमार शुक्ल, पीबीएल ऐसी शिक्षण पद्धति है, जिसमें विद्यार्थी वास्तविक जीवन से जुड़ी समस्याओं को हल करते हुए सीखते हैं। इससे रटने के बजाय विद्यार्थियों में विषय की समझ, खोजबीन और आपसी सहयोग की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि इस पद्धति में विद्यार्थी अपनी सीख को किसी उत्पाद या मॉडल के रूप में तैयार कर प्रस्तुत करते हैं। वहीं, शिक्षक की भूमिका केवल जानकारी देने तक सीमित न रहकर सुगमकर्ता, मार्गदर्शक और सीखने में सहयोग करने वाले की होती है। रावेंद्र चौधरी ने पीबीएल मेले में विज्ञान विषय से संबंधित प्रोजेक्ट तैयार कर प्रदर्शित किए जाएंगे। इसमें अभिभावकों, एसएमसी सदस्यों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान सुनील परिहार, संदीप मेहरोत्रा, चन्द्रशेखर समेत प्रतिभागी शिक्षक मौजूद रहे।

एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर किया परेड का निरीक्षण



बहराइच समृद्धि न्यूज़ शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ग्रहण कर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन करते हुए उच्च कोटि की वर्दी धारण करने तथा आमजन के साथ शिष्ट एवं मधुर व्यवहार बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। साथ ही परेड में अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल कराई। परेड के उपरान्त एसपी ने पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवहन शाखा (एमटी), क्षेत्राधिकारी लाइन कार्यालय, शस्त्रागार, आरटीसी मेस, यूपी-112 कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शस्त्रागार में शस्त्रों के रख-रखाव एवं अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त पुलिस अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात पुलिस लाइन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। पुलिस मॉडर्न स्कूल में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक सुविधा हेतु निर्माणाधीन पुस्तकालय तथा पुलिस लाइन स्थित आवासों के समीप बेरिया माता मंदिर की ओर चल रहे निर्माण कार्य एवं बाउंड्रीवाल निर्माण की प्रगति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कवच परियोजना के तहत पंचायत सहायकों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़ विकासखंड पयागपुर के ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को कवच परियोजना के अंतर्गत आरओएसओ संस्थान बहराइच की ओर से पंचायत सहायकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) महेंद्र प्रताप सिंह ने की। प्रशिक्षण के दौरान बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसमें बाल श्रम, बाल विवाह, बच्चों के अधिकार एवं उनके संरक्षण से संबंधित विषयों पर पंचायत सहायकों की भूमिका को रेखांकित किया गया। साथ ही बाल संरक्षण से प्रभावित बच्चों एवं उनके परिवारों को विभिन्न विभागीय और सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सहायकों की भूमिका बाल संरक्षण व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण है। उन्हें जरूरतमंद एवं पात्र बच्चों तथा उनके परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने, योजनाओं के प्रति जागरूक करने और संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पंचायत सहायकों की क्षमता का संवर्धन करना तथा ग्राम पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना रहा। इसके माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को सामाजिक सुरक्षा एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने में पंचायत सहायकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

माफिया मांग रहे माफी, दंगे वाले हुए दफा- पंकज चौधरी

अब हर हर गंगे से जाना जा रहा उत्तर प्रदेश, अखिलेश पूरे प्रदेश में लेकर चलें 'पश्चाताप रथ', सपा शासन में हर दूसरे दिन होता था दंगा



समृद्धि न्यूज़

बाराबंकी । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्वांचल में रथ लेकर निकलने के बजाय उन्हें पूरे प्रदेश में पश्चाताप रथ लेकर निकलना चाहिए। वर्ष 2012 से 2017 तक सपा सरकार में 815 दंगे हुए, यानी हर दूसरे दिन प्रदेश में दंगा होता था। जनता गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार से परेशान थी और बेटियां घरों में कैद रहने को मजबूर थीं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में दंगाई या तो प्रदेश से दफा हो गए या दफन हो गए। अब उत्तर प्रदेश की पहचान दंगे वाले नहीं, हर-हर गंगे वाले प्रदेश की है। वह बाराबंकी के जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित 24वें सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा नेता अभी से समझ लूंगा, देख लूंगा और निपट लूंगा जैसी भाषा बोल रहे हैं। शिवपाल यादव को भी अपने नेताओं को ऐसी बयानबाजी से रोकना पड़ रहा है। सपा और कांग्रेस जाति-धर्म के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश कर रही हैं। अखिलेश यादव को सपा शासन में परेशान हुए परिवारों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 में फिर भाजपा सरकार बनाने के लिए जुटने की अपील की। पंकज चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 से अधिक रियासतों का भारत में विलय कराकर देश की एकता और अखंडता मजबूत की, लेकिन उन्हें इतिहास में उचित सम्मान नहीं मिला। 1946 में कांग्रेस अध्यक्ष के चयन में 15 में से 12 प्रांतीय समितियों ने पटेल का समर्थन किया था, जबकि नेहरू के पक्ष में कोई प्रस्ताव नहीं आया। गांधीजी की इच्छा पर पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में आज भी पद योग्यता के बजाय गांधी परिवार की पसंद से तय होते हैं। पटेल प्रधानमंत्री बने होते तो संभव है कि कश्मीर समस्या का समाधान भी उसी समय हो जाता। उन्होंने डॉ. आंबेडकर को संविधान सभा में दोबारा शामिल कराने में पटेल की भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान दिया है। बाराबंकी के राजा बलभद्र सिंह चंदनाई के 1857 के योगदान को भी राष्ट्रीय पहचान दिलाई गई। योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में माफिया पर कार्रवाई हुई है और साढ़े नौ वर्षों में साढ़े नौ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं। गरीबों को आवास, बिजली, शौचालय, पेयजल, गैस और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कार्यक्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। इससे पहले भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

पुलिस कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण, अभिलेख दुरुस्त रखने के निर्देश



समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव और शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, वाचक शाखा, शिकायत प्रकोष्ठ, जनशिकायत निस्तारण शाखा, पासपोर्ट शाखा, जनसूचना शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ और सामाजिक माध्यम प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अभिलेखों का अवलोकन करते हुए उन्हें अद्यतन, व्यवस्थित और सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मियों और लिपिकों को निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का समयबद्ध ढंग से निर्वहन करने तथा कार्यालय आने वाले लोगों के साथ शिष्ट और सहयोगात्मक व्यवहार करने को कहा। उन्होंने जनशिकायतों, जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से मिलने वाली शिकायतों का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही शिकायतों के लंबित रहने से बचने के लिए प्रतिदिन उनकी समीक्षा करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यालय की सभी शाखाओं में अभिलेखों और पत्रावलियों का उचित रख-रखाव सुनिश्चित करने के साथ ही परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

450 से अधिक जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह, बेटियों के खाते में पहुंचेगी 65 हजार की धनराशि

राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, वैवाहिक सामग्री भी दी जाएगी



समृद्धि न्यूज़

दरियाबाद (बाराबंकी)। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मान और गरिमा के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विधानसभा दरियाबाद में भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। रामसनेहीघाट स्थित मिनी स्टेडियम, तहसील मुख्यालय परिसर में कल सुबह 11 बजे आयोजित होने वाले इस समारोह में 450 से अधिक जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए प्रदेश के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समारोह में आने वाले वर-वधू और उनके परिजनों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजन में किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए और सभी जोड़ों का विवाह पूरे सम्मान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया जाए। राज्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक पात्र वधू के खाते में 65 हजार रुपये की धनराशि आरटीजीएस के माध्यम से भेजी जाएगी। इसके अलावा 20 हजार रुपये की वैवाहिक सामग्री भी प्रदान की जाएगी, जिससे नवविवाहित जोड़े अपने नए जीवन की शुरुआत बेहतर ढंग से कर सकें। उन्होंने वर-वधू दोनों पक्षों के परिजनों, रिश्तेदारों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। कहा कि सामूहिक विवाह केवल एक सरकारी आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सहयोग और बेटियों के सम्मान का उत्सव है।

छात्र संसद चुनाव में अमृता बनीं प्रधानमंत्री, खुशबू उप प्रधानमंत्री निर्वाचित



समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, विशुनपुर विश्राम में 19 नवंबर को छात्र-छात्राओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से छात्र संसद चुनाव कराया गया। इसमें विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, सदन प्रमुख और उप सदन प्रमुख के विभिन्न पदों के लिए मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव किया। चुनाव परिणामों के अनुसार कक्षा 12 की अमृता प्रधानमंत्री तथा कक्षा 10 की खुशबू उप प्रधानमंत्री निर्वाचित हुईं। वहीं सदन प्रमुख के पद पर ऋचा, अनुराधा, पिंकी और रुक्मिणी तथा उप सदन प्रमुख के पद पर संध्या, अनुराधा, रुक्मिणी और कनिया हड़मुन ने जीत दर्ज की। विद्यालय के प्रधानाचार्य और संयुक्त मजिस्ट्रेट बलरामपुर की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतगणना के बाद सभी निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया और नई जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट एवं खंड विकास अधिकारी गैसड़ी शिवांश सुभाष जागाड़े ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, ईमानदारी, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय की व्यवस्था बेहतर बनाने तथा अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि छात्र संसद जैसे आयोजनों से विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामूहिक निर्णय लेने की क्षमता और प्रशासनिक समझ का विकास होता है। इससे उन्हें नेतृत्व करने और जिम्मेदार नागरिक बनने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जेवरात बंटवारे को लेकर हुआ खूनी संघर्ष

समृद्धि न्यूज़

जैदपुर बाराबंकी। जैदपुर थाना क्षेत्र में जेवरात के बंटवारे को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हो गया।बेटी के घर सुलह-समझौता कराने पहुंचे मायके पक्ष के लोगो और दामाद के परिवार के बीच विवाद इतना बढ़ा कि दोनो तरफ से लाठी-डंडे चलने लगे।मारपीट में महिलाओं समेत करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।दरअसल बेरी आलमपुर गांव में दो भाइयों के बीच जेवरात के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था।इसी मामले में रामनगर थाना क्षेत्र के कुम्हारनपुरवा गांव से लड़की के पिता गजराज अपने बेटों और परिवार की महिलाओं के साथ पहुंचे थे।दोनो पक्षो के बीच जेवरात का बंटवारा भी हुआ,लेकिन किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई।देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों तरफ से लाठी-डंडों से हमला बोल दिया गया।मारपीट में दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोग घायल हुए।सूचना पर पहुंची जैदपुर पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी जैदपुर पहुंचाया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।कई लोगों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं।वही थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई है।सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।तहरीर और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।सवाल यह है कि जिस पारिवारिक विवाद को आपसी बातचीत से सुलझाया जा सकता था, आखिर वह लाठी-डंडों के खूनी संघर्ष तक कैसे पहुंच गया?

अपर पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण, पुलिस लाइन की व्यवस्थाएं परखीं

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों की शारीरिक दक्षता और स्वास्थ्य की परख के लिए दौड़ कराई गई। अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलियों में विभाजित कर जवानों से अभ्यास भी कराया गया। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड में शामिल आपातकालीन पुलिस सेवा के वाहनों का निरीक्षण किया। वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण उपकरणों, प्राथमिक उपचार पेटी और अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता एवं स्थिति जांची। उन्होंने आपात परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी सहायता पहुंचाने तथा प्रतिक्रिया समय बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने श्वान दल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान श्वान मोना ने सलामी दी। अपर पुलिस अधीक्षक ने श्वान के बेहतर स्वास्थ्य, नियमित प्रशिक्षण और उचित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस लाइन परिसर में स्थित भंडार कक्ष, क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, सामान्य डायरी कार्यालय, कैंटीन, नाई की दुकान, परिवहन शाखा, आदर्श आरक्षी बैरक, आवासीय परिसर, निर्माणाधीन प्रशिक्षण संस्थान और पुलिस भोजनालय का निरीक्षण किया। भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही पुलिसकर्मियों के रहने वाले बैरकों, आवासीय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने तथा सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में नौ विद्यार्थियों ने हासिल किए स्थान

बलरामपुर। पंडित आशाराम मेमोरियल संस्थान, तुलसीपार्क की ओर से 25 अक्टूबर को आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को लॉरेल कॉन्वेंट अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा निखारने के साथ उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना और आत्मविश्वास विकसित करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में तीन वर्गों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

बजाज चीनी मिल में पेराई सत्र का शुभारंभ, 12 किसान सम्मानित



समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल की उतरौला इकाई में शुक्रवार को पेराई सत्र 2026-27 का विधिवत शुभारंभ उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गन्ना किसान, जनप्रतिनिधि, सहकारी गन्ना समितियों के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में इकाई प्रमुख श्याम सिंह ने अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और किसानों का स्वागत करते हुए नए पेराई सत्र में उनके सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि चीनी मिल और गन्ना किसानों के बीच बेहतर समन्वय एवं आपसी सहयोग से ही पेराई सत्र सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से मिल को स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण गन्ने की नियमित आपूर्ति करने की अपील की। इस दौरान चीनी मिल को सर्वाधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले 12 प्रगतिशील किसानों को इकाई प्रमुख श्याम सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि किसानों का प्रोत्साहन गन्ना उत्पादन और आपूर्ति को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में सहकारी गन्ना समिति विक्रमजोत के पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह, सहकारी गन्ना विकास समिति बलरामपुर के अध्यक्ष रणवीर सिंह उर्फ रन्नू सिंह, उतरौला समिति के अध्यक्ष तोता राम वर्मा, हुसैनाबाद के मुन्ना दूबे, गयासुद्दीन खां, उतरौला के पूर्व चेयरमैन अतीक अहमद, नगर पालिका परिषद उतरौला के अध्यक्ष अनूप गुप्ता, कमरुद्दीन उर्फ दम्मर भाई, चंद्र प्रकाश पांडेय सहित विभिन्न गन्ना समितियों के सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और किसानों ने नए पेराई सत्र की सफलता के साथ क्षेत्र की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर बाइक की टक्कर से पांच घायल, मासूम बच्चों समेत तीन जिला अस्पताल रेफर

मोदी ढाबे के पास सड़क पार कर रहे लोगों को बाइक ने मारी टक्कर, पुलिस ने घायलों को जीप से पहुंचाया सीएचसी



समृद्धि न्यूज़

रामसनेहीघाट (बाराबंकी)। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर शुक्रवार शाम करीब चार बजे मोदी ढाबे के पास सड़क हादसे में बाइक सवार समेत पांच लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस का इंतजार किए बिना सभी घायलों को अपनी जीप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामसनेहीघाट पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों की हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, संतकबीरनगर जिले के महुली थाना क्षेत्र के ओड़िया निवासी प्रमोद (49) पुत्र गौरीशंकर अयोध्या की परिक्रमा करने के बाद बाइक से लखनऊ लौट रहे थे। इसी दौरान रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में मोदी ढाबे के पास उनकी बाइक सड़क पार कर रहे लोगों से टकरा गई। हादसे में प्रमोद के अलावा जयचंदपुर निवासी रामकला (50) पत्नी बजरंगबली, उनकी बहू सबिता (30) पत्नी अंकुर और सबिता के दो बच्चे परी (7) व आभास (8) घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक विमलेश द्विवेदी और कांस्टेबल अजय कुमार करीब पांच मिनट में पुलिस जीप लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिसकर्मियों ने एंबुलेंस का इंतजार किए बिना सभी घायलों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया।

सूचना

मेरे पुत्र आलिम व पुत्रवधू इकरा का आचरण अच्छा न होने पर उनसे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरी पत्नी शबन्ना व पुत्रगण जमील, मुस्तकीम, आरिफ, शालिम व नाजिम का कोई वास्ता नहीं होगा।

जलील खॉ पुत्र वकील खॉ
निवासी ग्राम कपूरपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज

संक्षिप्त खबरें

दिन में तेज धूप खिली,कल बारिश के आसार

लखनऊ। राजधानी में शुक्रवार सुबह हल्की धुंध के बाद मौसम साफ हो गया। दिन में तेज धूप खिली रही। मौसम विभाग के अनुसार, आज अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। गुरुवार को भी अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस बीच शहर की हवा की गुणवत्ता में गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार सुबह छह मॉनिटरिंग स्टेशनों का औसत एक्यूआई 168 रहा। गुरुवार शाम पांच बजे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों में औसत एक्यूआई 154 दर्ज किया गया था। यानी एक दिन में एक्यूआई में 14 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। शहर के ज्यादातर इलाके यलो जोन में हैं। केंद्रीय विद्यालय अलीगंज का एक्यूआई 217 दर्ज किया गया, जो ऑरेंज जोन में है। वहीं, कुकरैल पिकनिक स्पॉट-1 में एक्यूआई 80 रहा। यहां हवा सबसे साफ और ग्रीन जोन में दर्ज की गई। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान अकवान का असर लखनऊ के मौसम पर पडने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 22 नवंबर को शहर के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने का अनुमान है। इससे ठंड बढ़ेगी। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद ठंडी और शुष्क उत्तर-पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। इनके कारण पिछले 72 घंटों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दिन और रात के तापमान में 3 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। हवा में नमी कम होने से सुबह के घने कोहरे से भी राहत मिली है।

लोहे के पोल से लटका मिला बैंककर्मी का शव

लखनऊ। राजधानी के महिंगवां थाना क्षेत्र के इंदारा गांव में 55 वर्षीय बैंककर्मी अशोक मिश्रा का शव घर के पीछे टीनशेड के लोहे के पोल से लटका मिला। शव कपड़े के फंदे से लटका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अशोक मिश्रा, हृदय नारायण मिश्रा के बेटे थे। वह माल थाना क्षेत्र के नवी पनाह स्थित आर्यावर्त बैंक में संविदाकर्मी के तौर पर काम करते थे। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे परिजनों ने घर के पीछे उनका शव लटका देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग मौके पर जुट गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से जानकारी ली। शुरुआती जांच में फांसी लगाकर जान देने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। अशोक मिश्रा के परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नैपियर घास उत्पादन योजना से दूर होगी हरे चारे की कमी

लखनऊ। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनपदों में हरे चारे की 44 प्रतिशत तथा सूखे चारे की 21 प्रतिशत की कमी को दूर कर हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने और पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाने के लिए 'चारा नीति 2025-26' के अन्तर्गत नैपियर घास उत्पादन योजना संचालित की जा रही है। जनपद के पशुपालकों, प्रगतिशील किसानों एवं गौ आश्रय स्थलों को निःशुल्क नैपियर घास की जड़े प्रदान करने के साथ खेत की तैयारी एवं उर्वरक के लिए नकद अनुदान दिया जायेगा। गोवंश आश्रय स्थलों से सम्बद्ध चारागाह भूमि में फसली हरा चारा की बुवाई हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायतों को 22,000 प्रति हेक्टेयर की दर से सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।

पीसीएफ ने धान एवं गेहूं खरीद कमीशन के भुगतान हेतु जनपदों को भेजे 47.18 करोड़

लखनऊ। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर द्वारा सहकारी समितियों के लंबित देयकों व कमीशन का भुगतान शीघ्र कराए जाने के सम्बन्ध में दिए गए सख्त निर्देशों के अनुपालन में कोऑपरेटिव फेडरेशन लि. ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पीसीएफ द्वारा धान एवं गेहूं खरीद वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत समिति कमीशन के भुगतान हेतु 47.18 करोड़ की सम्पूर्ण धनराशि प्रदेश के विभिन्न जनपदों को प्रेषित कर दी गई है। इस निर्णय से प्रदेश भर की सहकारी समितियों को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी।पीसीएफ के प्रबन्ध निदेशक डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि धान खरीद वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत प्रदेश के 59 जनपदों को 38.55 करोड़ तथा गेहूं खरीद वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत प्रदेश के 75 जनपदों को कुल 8.63 करोड़ की धनराशि समिति कमीशन मद में आवंटित की गई है। प्रेषित की गई इस धनराशि में प्रमुख रूप से जनपद शाहजहांपुर को 2.75 करोड़, बहराइच को 2.31 करोड़, सीतापुर को 1.76 करोड़, पीलीभीत को 1.62 करोड़ तथा जौनपुर को 1.54 करोड़ की राशि भेजी गई है। सहकारिता मंत्री के विशेष निर्देश पर अब सहकारी समितियों को धान खरीद में कमीशन का भुगतान शत-प्रतिशत किया जा रहा है, जो कि पूर्व में केवल 60 प्रतिशत ही देय था। शत-प्रतिशत कमीशन मिलने से समितियों को अपने कर्मचारियों को पर्याप्त कमीशन व लाभ वितरण करने में सुगमता होगी तथा समितियों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी।प्रबन्ध निदेशक डॉ. नीरज शुक्ला ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि जनपदों को प्रेषित की गई इस धनराशि का भुगतान सम्बन्धित सहकारी समितियों को बिना किसी विलम्ब के तत्काल सुनिश्चित कराया जाए। पीसीएफ प्रशासन सहकारी समितियों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और फेडरेशन का निरन्तर प्रयास है कि समितियों के देयकों का समयबद्ध निस्तारण हो, जिससे वे सुचारू रूप से कार्य करते हुए किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराती रहें।

गांव और शहर में हो निर्बाध विद्युत आपूर्ति

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शुक्रवार को शक्ति भवन में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक कर प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, अनुरक्षण कार्यों, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, विधायक निधि से संचालित विद्युत परियोजनाओं एवं उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के प्रत्येक गांव और शहर में अनवरत, निरंतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अनावश्यक एवं बार-बार शटडाउन लेने तथा ट्रिपिंग की समस्याओं पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्रदेश सरकार के पास न बिजली की कमी है और न ही बजट की समस्या है। खामियों को दूर कर उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। फील्ड स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से कार्य करें। श्री शर्मा ने विधायक निधि से स्वीकृत विद्युत कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अनेक विधायकगणों ने अपने क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए अपनी निधि से धनराशि उपलब्ध कराई है, इसके बावजूद विभिन्न जनपदों में कई कार्य लंबित हैं। कानपुर में पिछले सप्ताह कुछ दिनों तक किसानों को कम विद्युत आपूर्ति मिलने पर सख्त नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों से इसका कारण पूछा। उन्हें अवगत कराया गया कि एक बड़ी लाइन का कार्य चलने के कारण सुबह से शाम तक शटडाउन लिया गया था। इस पर उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को निर्धारित अवधि के अनुरूप बिजली उपलब्ध कराई जाए तथा बार-बार शटडाउन लेकर आपूर्ति बाधित न की जाए। उन्होंने सोनभद्र, सिद्धार्थनगर एवं संतकबीरनगर सहित विद्युत समस्याओं वाले जनपदों पर विशेष ध्यान देने तथा तकनीकी एवं परिचालन संबंधी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही दिसंबर माह में विद्युत लाइनों के अनुरक्षण, पेड़ों की छंटाई एवं अन्य आवश्यक तकनीकी कार्यों के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा।ऊर्जा मंत्री ने विजिलेंस विभाग को बड़े पैमाने पर संगठित तरीके से बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

लखनऊ में इंडियन बैंक के लॉकर से एक करोड़ के जेवर गायब

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। चौक स्थित इंडियन बैंक की सिटी शाखा के लॉकर से एक करोड़ रुपये के सोने के जेवर गायब हो गए। स्वास्थ्य विभाग में तैनात मेडिकल अफसर अपनी पत्नी के साथ गुरुवार सुबह लॉकर खोलने पहुंचे तो इसका खुलासा हुआ। इसकी शिकायत डॉक्टर की पत्नी ने पहले बैंक मैनेजर से की और फिर चौक कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। चौक पुलिस बैंक में लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रही है। चौक के सराय माली खां निवासी डॉ. रवि प्रकाश दीक्षित मेडिकल अफसर हैं। उनकी पत्नी गीता व परिवार के अन्य सदस्य यहां रहते हैं। ने चौक कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि 2006 में उन्होंने चौक स्थित इंडियन बैंक की सिटी शाखा में लॉकर नंबर 896 लिया था। उसमें उनके सास-ससुर और माता-पिता से शादी के समय मिले जेवर रखे थे। सभी सोने के जेवर को उन्होंने एक स्टील के बॉक्स में रखा था। फिर बाक्स को लॉकर में रखा था। आखिरी बार नवंबर 2024 में लॉकर खोला था। इसके बाद गुरुवार सुबह करीब 10:05 बजे वह अपने पति डॉक्टर रवि प्रकाश के साथ बैंक में लॉकर खोलने पहुंचीं। लॉकर में न तो वहां स्टील का बॉक्स था और न ही उसमें रखे जेवर थे। सोने के जेवरों की बाजार कीमत वर्तमान में करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। गीता दीक्षित ने इस मामले में बैंक मैनेजर से शिकायत की। आरोप है कि बैंक के स्टॉफ की तरफ से उन्हें कोई मदद नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने चौक थाने में लॉकर से जेवरों के गायब होने की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर चौक पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

चौक पुलिस ने गीता दीक्षित की शिकायत पर शुक्रवार दोपहर इंडियन बैंक की शाखा जाकर जांच पड़ताल की। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर जांच के लिए सुरक्षित किया। पुलिस का कहना है कि डीबीआर में सीसीटीवी की फुटेज केवल छह माह सुरक्षित रहती है, जबकि डॉक्टर की पत्नी ने दो साल पहले लॉकर खोला था। फिलहाल छह माह की फुटेज खंगाली जा रही है। इसके साथ ही बैंक के मैनेजर व स्टॉफ से भी पूछताछ की जाएगी। बैंक के लॉकर खोलने का रजिस्टर भी चेक किया जा रहा है।

आठ चेन, दो जोड़ी कड़े, 10 बड़ी अंगूठियां, तीन छोटी अंगूठियां, दो बड़े झाले, एक नथ, एक मोहर, एक झुमकी, एक मांग टीका, एक हार, एक सीतारामी। सभी जेवर सोने के थे।

सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा परीक्षा शुचितापूर्ण व शांतिपूर्ण संपन्न

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि सहायक आचार्य पद की लिखित परीक्षा के दूसरे दिन 20 नवम्बर को भी प्रदेश के 6 मंडल मुख्यालयों पर परीक्षा पूर्ण शुचिता, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हो गई। उन्होंने बताया कि प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ एवं आगरा के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में 18 विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। इस प्रकार 19 एवं 20 नवम्बर को संपन्न हुई दो दिवसीय लिखित परीक्षा में कुल पंजीकृत 1,27,571 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1,03,393 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को आयोजित परीक्षा के विषयों का विवरण देते हुए बताया कि प्रथम पाली प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक में कुल 7 विषयों हिन्दी, राजनीतिक शास्त्र, मनोविज्ञान, शस्य विज्ञान, कृषि आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन, कीट विज्ञान तथा एशियन कल्चर की परीक्षा हुई। वहीं द्वितीय पाली अपराह्न 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक में कुल 11 विषयों समाजशास्त्र, रसायन विज्ञान, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, प्राणि विज्ञान, गृहविज्ञान, प्राचीन इतिहास, उद्यान विज्ञान, सैन्य विज्ञान, संगीत वादन तथा कृषि सांख्यिकी की लिखित परीक्षा संपन्न कराई गई। आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह ने शुक्रवार की परीक्षा में उपस्थिति के आधिकारिक आंकड़े साझा करते हुए बताया कि दोनों पालियों को मिलाकर कुल 52,399 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। प्रथम पाली में कुल पंजीकृत 31,828 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 26,994 तथा द्वितीय पाली में कुल पंजीकृत 31,677 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 25,405 उपस्थित रहे। दोनों पालियों में महिला परीक्षार्थियों की कुल उपस्थिति 24,523 तथा पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 27,876 दर्ज की गई।आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों पर दोनों दिन की परीक्षा अत्यंत सुचारू, पारदर्शी, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित वातावरण में निर्विघ्न संपन्न हुई है।

सहकारिता विभाग के कार्मिकों को प्रशिक्षण की विशेष जरूरत: जेपीएस राठौर

30 नवम्बर तक पैक्स व सहकारी समितियों के अध्यक्षों और क्लर्कों के प्रशिक्षण की कार्ययोजना लागू करने के निर्देश

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर की अध्यक्षता में लखनऊ में सहकारी कार्यशाला में सहकारिता विभाग की विगत 10 वर्षों की प्रगति रिपोर्ट एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान विभाग संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों तथा सहकारी क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जानकारी साझा की गई। कार्यशाला में सहकारी संस्थाओं को अधिक सक्षम, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी बनाने, प्रशिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा जनभागीदारी के माध्यम से सहकारिता आंदोलन को आगे बढ़ाने पर गहन चर्चा की गई।कार्यशाला में सहकारी कार्मिकों की कार्यक्षमता बढ़ाने और सहकारी संस्थाओं के कामकाज को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से तैयार किए गए विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके माध्यम से सहकारी समितियों के कार्मिकों को व्यवस्थित एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर सहकारिता क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी लाने पर बल दिया गया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने निर्देशित किया कि आगामी 30 नवम्बर तक प्रदेश की सभी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों पैक्स एवं अन्य सहकारी समितियों के अध्यक्षों तथा क्लर्कों के प्रशिक्षण की कार्ययोजना तैयार कर उसे प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए उनके पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षित, दक्ष और तकनीकी रूप से सक्षम होना अत्यंत आवश्यक है।सहकारिता मंत्री ने बताया कि प्रदेश में सहकारिता की उपलब्धियों, उत्पादों एवं संभावनाओं को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से आगामी 01 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक 'कोआपरेटिव एक्सपो' का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से सहकारी संस्थाओं के कार्यों, उत्पादों, नवाचारों तथा सफल गतिविधियों को आम जनमानस के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त दिसम्बर माह में प्रदेश के जिला सहकारी बैंकों के मुख्यालयों पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सहकारिता क्षेत्र की विगत 10 वर्षों की कार्यप्रगति एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में किसान सहकारी बंधुओं सहित सहकारी संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारियों, सदस्यों एवं अन्य संबंधित लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2026 का भूमि पूजन संपन्न

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। प्रदेश के सबसे बड़े हस्तशिल्प आयोजनों में शामिल होने जा रहे 'हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2026' का भूमि पूजन समारोह शुक्रवार को मान्यवर श्री कांशीराम जी सांस्कृतिक स्थल (स्मृति उपवन), बंगला बाजार, आशियाना में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। भूमि पूजन का अनुष्ठान आचार्य पंडित अनुराग मिश्रा शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया। इस अवसर पर महोत्सव की सफलता एवं निर्विघ्न आयोजन के लिए मंगलकामना की गई। माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 29 नवंबर 2026 से शुरू होकर 3 जनवरी 2027 तक होने वाले महोत्सव का उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्पियों, कारीगरों, लघु उद्यमियों एवं पारंपरिक कला से जुड़े लोगों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। इसके माध्यम से भारतीय हस्तशिल्प, लोककला, संस्कृति एवं स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने के साथ ही आमजन को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराया जाएगा। भूमि पूजन समारोह में महोत्सव के आयोजक एवं अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा एवं रणबीर सिंह सहित हेमू चौरसिया, मोनालिसा, रोली जायसवाल, रुद्र प्रताप बाजपेई,प्रखर सिंह, शक्ति सिंह एडवोकेट , डॉक्टर दिनेश सहगल,करणी सेवा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान, करणी सेना के प्रदेश संगठन मंत्री विकास सिंह, निलांश ग्रुप के संतोष श्रीवास्तव, मनोज सिंह चौहान, महेश सहित अनेक गणमान्य लोग एवं आयोजन से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव केवल खरीदारी और मनोरंजन का आयोजन नहीं, बल्कि देश की पारंपरिक कला, संस्कृति, हस्तकला एवं हुनर को सम्मान देने का एक बड़ा मंच है। महोत्सव के माध्यम से हस्तशिल्पियों और छोटे व्यापारियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का अवसर मिलेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

वैश्विक वित्तीय प्रतिनिधियों के साथ यूपी ने साझा की निवेश संभावनाये

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने दिया निवेश का न्योता

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने लखनऊ स्थित इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ एक्सचेंजेज और 30 से अधिक देशों के वित्तीय एक्सचेंजों एवं राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधियों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश गेटवे टू ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फाइनेंशियल लीडर्स डायलॉगर में निवेश के अवसरों की तलाश, अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को मजबूत करने तथा व्यापार एवं आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हो रहे आर्थिक परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश एक दशक से अधिक समय से राजस्व अधिशेष रेवेन्यू सरप्लस की स्थिति बनाए हुए है और पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी एवं निवेश अनुकूल औद्योगिक वातावरण विकसित कर रहा है।श्री खन्ना ने सिंगल विंडो सिस्टम, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत किए गए सुधारों और 40 से अधिक क्षेत्र-विशिष्ट नीतियों का उल्लेख किया। इन नीतियों के तहत जीएसटी प्रतिपूर्ति और पूंजीगत सब्सिडी जैसे प्रोत्साहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, खाद्य प्रसंस्करण और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया। वैश्विक कंपनियों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए उन्होंने समयबद्ध स्वीकृतियों, पारदर्शी प्रक्रियाओं और निवेशकों को शुरू से अंत तक हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

क्वीन मैरी अस्पताल का 94वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। क्वीन मैरी अस्पताल प्रसूति एवं स्त्रीरोग विभाग ने 20 नवंबर 2026 को अपना 94वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। अस्पताल की स्थापना 4 नवंबर 1932 को हुई थी। यह देश के सबसे बड़े प्रसूति एवं स्त्रीरोग विभागों में से एक है, जो प्रति वर्ष लगभग 10,000 प्रसवों के साथ बड़ी संख्या में जटिल गर्भधारणों का प्रबंधन करता है।

इस वर्ष चंडीगढ़ के पीजीआईएमईआर में प्रसूति एवं स्त्रीरोग विभाग की प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. वनिता जैन ने "सुश्रुत से दा विंची तक - एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली यात्रा" विषय पर भाषण दिया। समारोह में संस्थान की विभागाध्यक्ष प्रो. अंजू अग्रवाल ने विभागीय रिपोर्ट प्रस्तुत की। कुलपति केजीएमयू, प्रो. सोनिया नित्यानंद के मार्गदर्शन में विभाग ने इन 10 महीनों में 77,005 ओपीडी रोगियों का इलाज किया, 6,664 शिशुओं का जन्म कराया और 16,359 शल्यक्रियाएं संपन्न कीं। 2025 में 1431 गंभीर रोगियों को वेंटिलेटरी सपोर्ट और आईसीयू देखभाल की आवश्यकता थी, जिनमें से 84.2% को बचाया गया। 2026 में अब तक 1526 गंभीर रोगियों में से 86.23% को बचाया जा सका है। टीम ने 78 शोध पत्र प्रकाशित किए और 36 अध्ययनों पर काम चल रहा है। नई उपलब्धियां विभाग ने रोबोटिक सर्जरी शुरू की और तीन सफल हिस्टेरेक्टॉमी पूरी कीं। कोविड-19 के बाद आईवीएफ से जन्मे पहले बच्चे का जश्न मनाया और पहली टीईएसए प्रजनन प्रक्रिया से सफल गर्भावस्था हुई। प्रसव के दौरान दर्द निवारण सेवाएं उन्नत की गईं, नवजात शिशुओं के लिए नया कंगारू मदर केयर (केएमसी) वार्ड खोला गया, नई लेप्रोस्कोपी प्रणाली जोड़ी गई और इन-हाउस एबीजी परीक्षण सुविधा स्थापित की गई। 5 जनवरी 2026 को नवीनीकृत रेन बसेरा खोला गया, पहली मंजिल पर अतिरिक्त नमूना संग्रह केंद्र और क्लीयरेंस काउंटर स्थापित किया गया। स्त्री रोग और प्रसवपूर्व ओपीडी को केंद्रीय रूप से वातानुकूलित किया गया और टोकन प्रणाली शुरू की गई। सम्मान डॉ. पी. एल. महाजन मोस्ट ह्यूमेन रेजिडेंट अवार्ड तृतीय वर्ष की कनिष्ठ निवासी डॉ. स्तुति कुलश्रेष्ठ को दिया गया। डॉ. कीर्ति चौधरी, डॉ. सुरभि पटेल और डॉ. वर्षिता जे को कार्य और उपस्थिति में नियमितता के लिए सम्मानित किया गया। कर्मचारियों में शिल्पी (एएनएस), वंदना शुक्ला (नर्सिंग ऑफिसर), दिनेश चंद्र (वरिष्ठ प्रशासनिक सहायक), दीपक कश्यप (रिकॉर्ड क्लर्क) और राजा (चतुर्थ श्रेणी) को सम्मानित किया गया।

सबसे स्वच्छ वार्ड का पुरस्कार एमसीएच की पहली मंजिल के प्रसवोत्तर वार्ड को दिया गया। समारोह के हिस्से के रूप में स्नातकोत्तर छात्रों और निजी चिकित्सकों के लिए पीओसीएसओ रोगियों के प्रबंधन पर एक जानकारीपूर्ण कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

लगभग 4 लाख किसानों के हितों से जुड़ा मामला, मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। FPO Association of Uttar Pradesh दवारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अंतर्गत एफ०पी०ओ० गठन, लंबित अनुमोदन एवं CBBO (Cluster Based Business Organisations) संस्थाओं के बकाया भुगतान का गंभीर मुद्दा उठाया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि वितीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 625 किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष लगभग 500 एफ०पी०ओ० का गठन एवं पंजीकरण कराया जा चुका है। इन एफ०पी०ओ० से लगभग 4 लाख किसान जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद लंबे समय से अनुमोदन एवं संबंधित भुगतान की प्रक्रिया लंबित होने के कारण किसानों तथा योजना को धरातल पर लागू करने वाली CBBO संस्थाओं को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है एसोसिएशन ने बताया कि CBBO संस्थाओं ने लगभग डेढ़ वर्ष तक अपने संसाधनों से कर्मचारियों का वेतन, फील्ड विजिट, प्रशिक्षण, एफ०पी०ओ० पंजीकरण, व्यवसाय योजना तैयार करने, क्षमता निर्माण एवं अन्य आवश्यक गतिविधियों पर खर्च करके योजना को सफल बनाने का प्रयास किया। लेकिन लंबे समय से भुगतान लंबित होने के कारण कई संस्थाओं के सामने कर्मचारियों का वेतन एवं कार्यालय संचालन जारी रखना भी चुनौती बन गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रतिनिधियों ने कहा कि एसोसिएशन पारदर्शिता एवं निष्पक्ष जांच का पूर्ण समर्थन करता है, लेकिन बार- बार जांच और प्रक्रियागत अस्पष्टता के कारण अनुमोदन में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। पात्र एवं सत्यापित एफ०पी०ओ० तथा CBBO संस्थाओं के मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाना आवश्यक है। किसानों के हितों पर पड़ रहा है प्रतिकूल प्रभाव एसोसिएशन ने कहा कि यह केवल CBBO संस्थाओं के भुगतान का विषय नहीं है, बल्कि प्रदेश के लाखों किसानों के भविष्य से जुड़ा मामला है। अनुमोदन में देरी के कारण एफ०पी०ओ० की व्यावसायिक गतिविधियां, बाजार से जुड़ाव, सामूहिक खरीद-बिक्री, इक्विटी ग्रांट, क्रेडिट गारंटी एवं अन्य वितीय सुविधाओं की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इससे किसानों के बीच एफ०पी०ओ० व्यवस्था के प्रति विश्वास भी कमजोर होने की आशंका है। एसोसिएशन की प्रमुख मांगें FPO Association of Uttar Pradesh ने प्रदेश सरकार एवं संबंधित विभागों के समक्ष निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखीं: वर्ष 2024-25 के अंतर्गत गठित एवं पात्र लगभग 500 एफ०पी०ओ० के लंबित अनुमोदन पर तत्काल निर्णय लिया जाए। आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अंतर्गत सभी लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए।पात्र एवं सत्यापित CBBO संस्थाओं के लंबित भुगतानों का तत्काल भुगतान किया जाए। बढ़ाई जाए। बार-बार जांच के स्थान पर पूर्व में की गई जांच एवं सत्यापन के आधार पर अनुमोदन की प्रक्रिया आगे एफ०पी०ओ० को Equity Grant, Credit Guarantee एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष लंबित निश्चित समय-सीमा निर्धारित की जाए।

कार्ययोजना बनाई जाए। अनुमोदन एवं भुगतान के निस्तारण के लिए 7. इस पूरे प्रकरण के समाधान के लिए शासन स्तर पर उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जाए। वित्तीय वर्ष 2022-23 में गठित 276 एफ०पी०ओ० के लंबित Equity Grant एवं Management Cost का भुगतान शीघ्र कराया जाए। मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की अपील अधिकारियों से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा किसानों को एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, माननीय कृषि मंत्री एवं संबंधित विभागीय संगठित कर उनकी आय एवं आर्थिक स्थिति मजबूत करने की है। ऐसे में योजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर कर एफ०पी०ओ० एवं CBBO संस्थाओं को राहत देना आवश्यक है।

राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी का शाहजहांपुर दौरा

महिला जनसुनवाई में सुनीं 15 शिकायतें, कारागार का किया निरीक्षण

मदनापुर में लगी जागरूकता चैपाल

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने गुरुवार को जनपद का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महिला जनसुनवाई, अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक, जिला कारागार निरीक्षण, ब्लॉक मदनापुर में जागरूकता चैपाल का आयोजन तथा अन्य महिला कल्याण गतिविधियों का मूल्यांकन किया। महिला जनसुनवाई एवं समस्या निवारणविकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार द्वारा सदस्य की अनुमति से किया गया। सदस्या ने महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, आर्थिक सहायता, महिला सुरक्षा, शिक्षा एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि जनपद का महिला कल्याण विभाग महिलाओं की समस्याओं के प्रति संवेदनशील तरीके से कार्य कर रहा है। महिलाओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाना नहीं चाहिए और प्रशासन को भी उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। जनसुनवाई के दौरान 4 मामले घरेलू हिंसा के, 2 मामले जमीनी विवाद के, 1 मामला पोक्सो, 1 मामला हत्या के मामले में गिरफ्तारी, 1 मामला नाली के विवाद का, 1 मामला मारपीट का, 1 मामला आंगनबाड़ी संबंधी भर्ती, 1 मामला राशन कार्ड के संबंध में तथा 3 अन्य



मामलों सहित कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं।

जिला कारागार का निरीक्षण: राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी द्वारा जिला कारागार में महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर उन्होंने महिला बंदियों की स्थिति का जायजा लिया और जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि उन्हें आवश्यक कानूनी सहायता, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं सुधारात्मक कार्यक्रमों का लाभ दिलाया जाए। निरीक्षण के दौरान सदस्य, राज्य महिला आयोग सुजीता कुमारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार, जेल अधीक्षक जे.पी. तिवारी, जेलर राम नरेश गौतम व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जागरूकता चैपाल का आयोजन: ब्लॉक परिसर में जागरूकता चैपाल कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग इत्यादि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर योजना की जानकारी प्राप्त की गई। इसके पश्चात उन्होंने ब्लॉक सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह कैडर, आशा, केयरटेकर एवं ब्लॉक के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार एवं अन्य सरकारी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, तीन बच्चों का अन्नप्राशन तथा तीन बालिकाओं का कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ हर पात्र महिला तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख महेश पाल सिंह, खंड विकास अधिकारी इंद्र कुमार शुक्ला, एडीओ रामचंद्र राणा, प्रभारी थानाध्यक्ष विजय पाल सिंह सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण तथा महिला कल्याण विभाग की टीम भी उपस्थित रही।

रामलीला में हुआ अहिल्या उद्धार और गंगा अवतरण का भावपूर्ण मंचन



सिंधौली (शाहजहांपुर)। कस्बे के नकाशा बाजार में चल रही रामलीला में कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का सुंदर मंचन किया। रामलीला में महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा, अहिल्या उद्धार, गंगा अवतरण और जनकपुरी से भगवान श्रीराम को मिले निमंत्रण के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। मंचन के दौरान दिखाया गया कि महर्षि विश्वामित्र भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ लेकर यज्ञ की रक्षा के लिए जाते हैं। इसके बाद भगवान श्रीराम द्वारा अहिल्या का उद्धार किया जाता है। वहीं गंगा अवतरण के प्रसंग ने दर्शकों को धर्म और भक्ति के महत्व से परिचित कराया। जनकपुरी से भगवान श्रीराम को निमंत्रण मिलने के प्रसंग पर दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। रामलीला का मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रामाधार सिंह यादव, वीरपाल यादव, सुरेंद्र पाल, वासुदेव मिश्रा, छोटेलाल पांडेय, राजीव वर्मा और रामरतन शर्मा सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

टेंपो की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

तिलहर,शाहजहांपुर। बाइक सवार को टेंपो ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह पीलीभीत के थाना बिलसंडा के ग्राम बितेरा निवासी 17 वर्षीय विजय अपनी बाइक से निगोही से तिलहर आ रहा था । इसी दौरान गांव जनयूरी के समीप टेंपो ने उसकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

निर्माणाधीन पुल की सैकड़ों बोरी सीमेंट की कालाबाजारी की शिकायत पर पुलिस ने पकड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली

तिलहर - शाहजहांपुर। नदी पर निर्माणाधीन पुल के लिए मंगाई गई सीमेंट बोरियों से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को अन्यत्र कालाबाजारी को भेजे जाने की आशंका की शिकायत पर पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक विरसिंग पुर चौकी क्षेत्र के गांव इटौवा और गांव गोरा के बीच गर्रा नदी पुल पर विगत करीब छह माह से पुल का निर्माण चल रहा है । क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि आए दिन पुल के लिए मंगाई गई सरिया व सीमेंट को निर्माण कार्य में लगे जिम्मेदार लोग बड़े स्तर पर दुकानदारों को बिक्री करबाते रहते हैं । शुक्रवार को शाम करीब पांच बजे निर्माण स्थल से ट्रैक्टर ट्रॉली में भारी संख्या में सीमेंट बोरियों को भरकर बिरसिंगपुर से तिलहर की ओर आने की शिकायत पर चौकी पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर एक स्कूल में खड़ा करा दिया । पुन: शिकायत पर कोतवाल प्रभाष चंद्र के निर्देश पर कांस्टेबिल सुनील कुमार ने उक्त ट्रैक्टर ट्रॉली को स्कूल से लेजाकर विरसिंग पुर चौकी पर खड़ा करा दिया । कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि संबंधित जेई के मुताबिक सीमेंट दूसरी साइड पर भेजा जा रहा था। फिलहाल समाचार भेजे जाने तक सीमेंट बोरियों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली का कोई निस्तारण नहीं हो सका है।

तुलसी माता को दुल्हन की तरह सजाकर की पूजा-अर्चना



शाहजहांपुर। हर वर्ष की भांति इस बार भी जनपद में जगह-जगह तुलसी-शालिग्राम विवाह का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया और पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों और घरों में महिलाओं ने कीर्तन-भजन कर माता तुलसी का भव्य श्रृंगार किया। इसी क्रम में लोदीपुर स्थित सिटी पार्क के लक्ष्मी नारायण मंदिर में कालोनी निवासी अमृता पांडे ने तुलसी विवाह के उपलक्ष्य में माता तुलसी को दुल्हन की तरह सजाकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने माता रानी से सभी के कल्याण, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की तथा सभी को आशीर्वाद प्रदान करने की प्रार्थना की। पूजा अर्चना में अन्य महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

फायरिंग में दो को लगी गोली, भर्ती

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।

थाना क्षेत्र के पैना बुजुर्ग गांव में ट्रैक्टर-ट्रॉली हटाने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद ताबड़तोड़ फायरिंग हो गई। घटना में गोली लगने से दीपक सिंह और सुमित सिंह घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, 19 नवंबर की शाम करीब 7.30 बजे गांव के कुछ लोगों के घर के सामने सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी थी। इसी दौरान दीपक और उसके चचेरे भाई सुमित ने ट्रैक्टर-ट्रॉली हटाने को कहा। इस बात को लेकर अजय मिश्रा, आदित्य मिश्रा, अनिरुद्ध मिश्रा और अंशुमान मिश्रा से कहासुनी हो गई। आरोप है कि गाली-गलौज के बाद आरोपियों ने एक राय होकर दोनों युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि विवाद बढ़ने पर अजय मिश्रा ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल और अन्य आरोपियों ने लाइसेंसी राइफलों से जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। इसमें एक गोली दीपक के पेट में और दूसरी सुमित की पीठ में लगी। गोली लगने से दोनों घायल होकर गिर पड़े। आरोप है कि फायरिंग के बाद चारों आरोपी मौके से भाग गए। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मतदाता जोड़ो अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल की बैठक संपन्न

बूथ और शक्ति केंद्रों को मजबूत बनाने पर दिया जोर, मतदाताओं को संगठन से जोड़ने की बनी रणनीति

समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।



भारतीय जनता पार्टी मंडल खुदागंज की बैठक शुक्रवार को नगर पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष रोहित सिंह ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ और शक्ति केंद्र पर सक्रिय होकर संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने और जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर से ही सुनिश्चित होती है। आगामी चुनावों को देखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व निभाने चाहिए। बैठक में मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह, उमेश सिंह, विधानसभा विस्तारक अभिषेक सिकरवार, जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह, लखपत सिंह, मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्रपाल सिंह एवं अरविंद सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री रंजीत सिंह ने किया।

वंदेभारत सहित तीन ट्रेनों में यात्रियों की बिगड़ी हालत

चार साल की बच्ची के हाथ पर गिरा गर्म पानी, उल्टी और पेट दर्द से भी परेशान हुए यात्री, रोजा स्टेशन पर रेलवे चिकित्सक ने किया उपचार

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



वंदेभारत सहित अलग-अलग ट्रेनों में सफर के दौरान एक चार साल की बच्ची सहित तीन यात्रियों की अचानक हालत बिगड़ गई। कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर रोजा रेलवे अस्पताल में तैनात चिकित्सक डा. विवेक ने स्टेशन पर पहुंचकर सभी का उपचार किया। इसके बाद यात्रियों ने आगे का सफर शुरू किया। इस दौरान ट्रेनें कुछ देर तक रोजा जंक्शन पर खड़ी रहीं। जानकारी के अनुसार, लखनऊ से जम्मूतवी जा रही ट्रेन के ए-1 कोच की बर्थ संख्या 32 पर सफर कर रहे भास्कर को अचानक उल्टी होने लगी। वहीं, लखनऊ से दिल्ली जा रही सद्भावना ट्रेन में यात्रा कर रहे विमल कुमार ने पेट में दर्द की शिकायत की। इसी दौरान देहरादून से लखनऊ जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस में मनीष की चार वर्षीय बेटी के हाथ पर गर्म पानी गिर गया, जिससे वह परेशान हो गई। तीनों घटनाओं की सूचना रेलवे प्रशासन को दी गई। इसके बाद रोजा रेलवे अस्पताल में तैनात चिकित्सक डा. विवेक स्टेशन पहुंचे और यात्रियों को प्राथमिक उपचार दिया। उपचार मिलने के बाद सभी यात्रियों ने राहत महसूस की और अपनी यात्रा जारी रखी। रेलवे चिकित्सक की तत्परता से यात्रियों को स्टेशन पर ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकी।

बचपन एकेडमी में श्याम बाबा का मनाया गया जन्मदिन



शाहजहांपुर। देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर श्याम बाबा का जन्मदिन खूब धूम धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के संस्थापक विमल शुक्ला ने खाटू श्याम बाबा की पूजा अर्चना की उसके बाद बच्चों व समस्त स्टाफ के साथ केक काट कर श्याम बाबा का जन्मदिन मनाया और श्याम बाबा से प्रार्थना की सभी बच्चों को सदबुद्धि दे और ज्ञान का भंडार दे ।जिससे सभी बच्चे सदमार्ग पर चलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करके अपना जीवन खुशहाल बनाए। इस कार्यक्रम में अरविंद वर्मा,सौरभ दीक्षित, अंशिका,अनुष्का गुप्ता, सविता यादव, दिव्यांशी, प्रियांशी, फिजा, व सभी नन्हे मुन्ने बच्चे आदि का सहयोग रहा।

वीडियो वायरल होने के बाद रोजा पुलिस ने दबोचा सटोरिया

रोजा, शाहजहांपुर। सट्टा लिखते हुए एक व्यक्ति का वीडियो वायरल होने के बाद रोजा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से नकदी, दो सट्टा पर्चियां और एक पेन बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना रोजा क्षेत्र के लोदीपुर निवासी एक व्यक्ति का सट्टा लिखते हुए वीडियो कई दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। पुलिस ने वीडियो वायरल

सट्टा लिखते हुए आरोपी गिरफ्तार, 960 रुपये नकद, दो पर्चियां और पेन बरामद

होने के बाद हरकत में आई। पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिली कि लोदीपुर निवासी मोहम्मद ताहिर मुकीम कॉलोनी तिराहे पर स्ट्रीट लाइट की रोशनी में सट्टा लिख रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर उसे पकड़ लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसकी पैंट की बाई जेब से दो सट्टा पर्चियां, शर्ट की बाई जेब से 960 रुपये और एक पेन बरामद हुआ। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट, 1867 की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई। बाद में गिरफ्तार आरोपी को थाने से ही जमानत दे दी गई।

सीएमओ ने स्वयं फाइलेरिया दवा का सेवन कर किया लोगों को जागरूक

सीएचसी से लोगों के घर-घर जाकर किया प्रेरित

समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।

फाइलेरिया रोग की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे दवा वितरण अभियान की सफलता के क्रम में सीएमओ विवेक मिश्रा ने सीएचसी पहुंचकर स्वयं फाइलेरिया की डोज लेकर लोगों को जागरूक किया । इस दौरान सीएमओ ने स्टाफ के साथ घर घर जाकर भी लोगों को फाइलेरिया दवा का सेवन करने के लिए प्रेरित किया। शुक्रवार को पूर्वान्ह करीब 11 बजे सीएमओ विवेक कुमार मिश्रा सीएचसी पहुंचे और फाइलेरिया दवा वितरण स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने यहां स्वयं भी दवा की पूरी डोज लेकर लोगों को जागरूक किया । इसी क्रम में सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओमेंद्र राठौर, डॉ अनुराग गुप्ता, हरिओम के सानिध्य में समीपस्थ मोहल्लों में कुछ घरों पर जाकर लोगों



को फाइलेरिया जैसे घटक रोग की रोकथाम के लिए दी जा रही दवाई का सेवन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्तिक मेला ढाईघाट: तीन दिन से चल रहे मेले में सज गई दुकानें, खरीददार श्रद्धालुओं का इंतजार

मेले में श्रद्धालुओं का अभाव, जिला पंचायत कर्मियों, पंडा पुरोहितों और दुकानदारों का जमाबाड़ा

समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।



जिला पंचायत शाहजहांपुर के प्रबंधन में ऋंगी ऋषि की तपोभूमि ढाईघाट 18 नबंवर से चल रहे कार्तिक मेले में दुकानें सजकर तैयार हो गई हैं। मेले में जिला पंचायतकर्मियों, पंडा पुरोहितों और दुकानदारों का जमाबाड़ा लगा हुआ है। किंतु श्रद्धालुओं का दूर दूर तक पता नहीं है। दूर दराज से आए दुकानदारों ने अपनी दुकानें लगाकर कारोबार शुरू करने की तैयारी कर ली है। मेले में कहीं खिलौनों की दुकानें सजी हैं तो कहीं घरेलू सामान, मिठाई, चाट-पकौड़ी, सौंदर्य प्रसाधन और अन्य जरूरत के सामान की दुकानें लगी हुई हैं। लेकिन मेले के बाजार में सन्नाटा है। जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम हरेवा से आए कॉस्मेटिक दुकानदार दल सिंह ने बताया कि तीन दिन से दुकान लगाए बैठे हैं। किंतु ग्राहकों का दूर दूर तक पता नहीं है। मेले में हर साल की तरह श्रद्धालु नहीं आ रहे हैं। फिर भी दुकानदारों को उम्मीद है कि जैसे-जैसे मेले में श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे बाजार में भी रौनक लौटेगी और कारोबार गति पकड़ेगा। इस मेले में जिला पंचायत प्रशासन श्रद्धालु सुविधाओं के नाम पर 32 लाख का बजट खर्च कर रहा है। इस भारी भरकम बजट में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त आलीशान टेंट, प्रकाश, पेयजल, सीसी टीवी कैमरे, यातायात के लिए अस्थाई सड़कें, शौचालयों आदि के निर्माण पर खर्च कर रहा है। जबकि गंगास्नान के लिए सिर्फ सदर घाट को छोड़कर अन्य घाटों का समतलीकरण तक नहीं करवाया गया है।

शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

रोजा पुलिस ने गुर्री चैकी के पास टेढ़ी पुलिया से दबोचा, न्यायालय में पेश करने की तैयारी

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



थाना रोजा पुलिस ने महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार दोपहर गुर्री चैकी के पास टेढ़ी पुलिया से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 11 नवंबर को एक व्यक्ति ने थाना रोजा में तहरीर देकर बताया था कि 13 जून को गांव कुआडांडा निवासी राधेश्याम पुत्र बेचेलाल उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी राधेश्याम के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 505/26 धारा 87 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की थी।

विवेचना के दौरान पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर उसके बयान दर्ज कराए। पीड़िता के धारा 180 और 183 बीएनएसएस के तहत दर्ज बयानों के आधार पर मुकदमे में धारा 69 बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। इसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। शुक्रवार को थाना रोजा पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था ड्यूटी और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमे में वांछित राधेश्याम गुर्री चैकी के पास टेढ़ी पुलिया पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोपहर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

अधिवक्ताओं को स्वगणना के लिए किया गया प्रेरित

शाहजहांपुर। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन सभागार में जनगणना के अंतर्गत स्वगणना के क्रम में जनगणना अधिकारी एडीएम वित्त अरविंद कुमार के द्वारा बार एसोसिएशन पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं को स्वगणना के लिए प्रेरित किया गया। एडीएम वित्त ने जनगणना के लिए हम लोग अच्छे से कार्य करे और पुन: जनपद एक बार नंबर वन आए। गांव देहात में ऐसे लोग जानकार नहीं है, उनकी मदद को प्रगणक घर घर जा रहे हैं। जनगणना स्टेट मास्टर ट्रेनर अनूप कुमार बरनवाल ने अधिवक्तों को स्वगणना करने के लिए बिन्दुवार जानकारी दी। 40 प्रश्नों के बारे में विस्तार से बताया और किसी तरह की मदद के लिए हम लोग दोबारा आएगें। इस दौरान बार अध्यक्ष सरनाम सिंह यादव, महासचिव नंदकिशोर राजेश अवस्थी, रामेंद्र कुमार मिश्रा, चंद्र वीर सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजन एवं छप्पन भोग प्रसंग से भावविभोर होंगे श्रद्धालु

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



श्री बाबा विश्वनाथ मंदिर में श्रीमती मंजू रानी गुप्ता (रमेश चंद्र ज्वेलर्स) जजमान परिवार के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन पूतना वध,भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं गोवर्धन पूजन एवं छप्पन भोग के दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन हुआ। वृंदावन धाम से पधारी परम पूज्य देवी पूजा किशोरी जी के श्रीमुख से कथा श्रवण कर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हुए। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की मनोहर बाल लीलाओं के साथ गोवर्धन लीला का वर्णन हुआ। भगवान द्वारा गोवर्धन पर्वत धारण कर इंद्र के अभिमान का शमन करने एवं ब्रजवासियों की रक्षा करने के प्रसंग के माध्यम से अहंकार त्याग, प्रकृति के प्रति सम्मान और ईश्वर की शरणागति का संदेश दिया गया। गोवर्धन पूजन एवं छप्पन भोग का प्रसंग श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहा, जिसमें भगवान के प्रति प्रेम, श्रद्धा और समर्पण की महिमा बताई गई। कथा का आयोजन प्रतिदिन 2 बजे से 5 बजे तक हो रहा है। आयोजक परिवार ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कथा में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का श्रवण करने एवं पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। कथा में मंजू गुप्ता, रोहित गुप्ता, अनामिका गुप्ता, मोहित, संगीता, हेमू, शाश्वत, स्तुति, प्राप्ति, भाव्या समृद्धि, भव्या, हनुराज आरती सेठ, प्रीति अग्रवाल, मीनू गुप्ता, शिप्रा अग्रवाल, शिखा, ईशा अग्रवाल, डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा, लवली तुली, पूनम गुप्ता , सुनीता गुप्ता, शैफाली गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

जनगणना कार्य में लापरवाही, 24 कार्मिकों का रोका गया वेतन

जिला जनगणना अधिकारी ने वेतन व विभागीय कार्रवाई की प्रस्तावित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जनपद में संचालित जनगणना सर्वेक्षण कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध जिला जनगणना अधिकारी एडीएम वित्त अरविंद कुमार द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए सख्त कार्रवाई की गई है।उन्होंने कंट्रोल रूम एवं संबंधित नोडल अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं और कार्यों की समीक्षा के आधार पर सर्वेक्षण कार्य में अपेक्षित रुचि न दिखाने तथा अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन न करने वाले 17 प्रगणकों, 6 सुपरवाइजरों एवं 4 नोडल अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई को डीएम,सीडीओ के लिए संस्तुति की है। 16 से 30 नवबंर तक जनगणना सर्वेक्षण का कार्य संचालित किया जा रहा है। इसके लिए प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की ड्यूटी निर्धारित करते हुए उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने आवंटित क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण करें तथा आमजन की सुविधा और उपलब्धता के अनुसार उनका सर्वेक्षण कराने में सहयोग प्रदान करें। परिवारों की एसआईडी जनरेट कराने की प्रक्रिया भी सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया गया है कि वह निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इसके बावजूद समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि कुछ प्रगणक न तो अपने निर्धारित कार्यस्थल, विद्यालय में उपस्थित हो रहे थे और न ही आवंटित क्षेत्रों में पहुंचकर सर्वेक्षण कार्य कर रहे थे। वही कुछ पर्यवेक्षकीय एवं नोडल स्तर के अधिकारियों द्वारा भी अपने दायित्वों के प्रति अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही थी। इस प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिला जनगणना अधिकारी ने संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की भूमिका जवाबदेही से जुड़ी हुई है।जिला जनगणना अधिकारी ने संदेश दिया है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता अथवा निर्देशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रगणक, सुपरवाइजर एवं नोडल अधिकारी अपने निर्धारित दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समयबद्धता के साथ निर्वहन सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने संबंधित कार्मिकों को चेतावनी दी है कि सर्वेक्षण कार्य की नियमित समीक्षा की जा रही है। कंट्रोल रूम एवं नोडल अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त होने वाली प्रत्येक महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्यों की प्रगति का आकलन किया जाएगा तथा लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार आगे भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।सीडीओ द्वारा जनगणना के महत्वपूर्ण चरण स्वगणना हेतु अपेक्षित सहयोग न प्रदान करने वाले कार्मिको के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने हेतु आदेशित कर दिया गया है।

अधिवक्ता अवनीश सिंह को न्याय दिलाने के लिए वकीलों ने भरी हुंकार

आज डीएम को देंगे ज्ञापन, सुनवाई न होने पर सोमवार को धरना-प्रदर्शन

शाहजहांपुर। सेंट्रल बार एसोसिएशन सभागार में एक आमसभा बार अध्यक्ष सरनाम सिंह यादव की अध्यक्षता में की गई। बैठक संचालन महासचिव नंदकिशोर राजेश अवस्थी ने किया। बैठक में कचहरी के अधिवक्ता अवनीश कुमार सिंह के भाई के मामले में न्याय दिलाने एवं गिरफ्तारी न होने को लेकर अधिवक्ताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए आक्रोश जताया। वरिष्ठ अधिवक्ताओ ने विचार रखते हुए कहा कि आज हम लोग यहां एकत्र इसलिए हुए हैं कि अधिवक्ता साथी अवनीश को न्याय मिले। इसके लिए जो भी निर्णय बार एसोसिएशन का होगा। उसमें हम सब समर्थन करते हुए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। बार अध्यक्ष ने कहा कि हम लोग अब डीएम से वार्ता करेंगें फिर भी अगर हमारी मांगे न सुनी गयी तो सोमवार को विरोध प्रदर्शन होगा। बार एसोसिएशन महासचिव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शनिवार आज हम लोग डीएम को अवनीश सिंह के भाई के मामले में कार्यवाही को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपेंगे। उसके बाद भी कोई निर्णय नहीं हुआ तो सोमवार को चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान बैठक में अधिवक्ता अवनीश सिंह, विशेश्वर सिंह, रजनीश सिंह तोमर, ओम सिंह, केपी सिंह, अनंगपाल सिंह, राजीव मिश्रा, गुलिस्तां खान, रफत जहां, सुधीर सिंह, प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

युवा नेता रामजी अवस्थी के नेतृत्व में आराधना मिश्रा 'मोना' का शाहजहाँपुर में हुआ स्वागत

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' के शाहजहाँपुर में प्रथम आगमन पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। रामजी अवस्थी ने उन्हें 21 किलो की माला पहनाई और पुष्पगुच्छ, फरसा, पटका व भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ नारे लगाए। रामजी अवस्थी ने कहा कि आराधना मिश्रा 'मोना' के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रोजगार, शिक्षा और महंगाई जैसे मुद्दे युवाओं के भविष्य से सीधे जुड़े हैं। युवा कांग्रेस इन मुद्दों को मजबूती से उठाएगी और युवाओं की आवाज बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शोभित मिश्रा, शहर विधानसभा अध्यक्ष रहीम दाद खान, निहाल खान, कुनाल,

21 किलो की माला पहनाकर किया अभिनंदन, भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट की

शिवओम मिश्र, प्रियांशु राठौर, फिरोज अली, विपिन सिंह, शिवांश मिश्रा (एडवोकेट), उस्मान, उमंग त्रिवेदी, हिमांशु मुद्गल, सदफ, सुधांशु, आकाश विजय राठौर, नितिन और नमन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है: आराधना मिश्रा

शाहजहांपुर में संविधान बचाओ संवाद रैली में उमड़ा कांग्रेसियों का जनसैलाब

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



गुरुवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ संवाद रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी ब्रज जोन, पूर्व विधायक कुणाल चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शाहजहांपुर के साथ-साथ बरेली, बदायूं, फर्रुखाबाद एवं पीलीभीत जनपदों के जिला एवं महानगर अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

रैली को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा %मोना% ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदन से लेकर सड़क तक छात्रों, किसानों, नौजवानों, युवाओं, मजदूरों और महिलाओं के सम्मान एवं अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ रही है। इस संघर्ष का परिणाम आगामी विधानसभा चुनाव में भी दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर सहित पूरे प्रदेश में कांग्रेस संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। पार्टी के पास प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मजबूत एवं सक्षम प्रत्याशी हैं। समाजवादी पार्टी के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बराबरी के आधार पर चुनाव लड़ेगी। जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है और आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति में इसका असर दिखाई देगा।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी ब्रज जोन कुणाल चौधरी ने कहा कि ब्रज जोन के अंतर्गत आने वाले सभी जनपदों में कांग्रेस पार्टी की स्थिति पहले की अपेक्षा काफी बेहतर हुई है। संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की इस मजबूती के परिणाम निश्चित रूप से दिखाई देंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रजनीश गुप्ता %मुन्ना% ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व का शाहजहांपुर की धरती पर उमड़ा विश्वास और कार्यकर्ताओं का उत्साह यह दर्शाता है कि जनपद में कांग्रेस पार्टी बेहद मजबूत स्थिति में है। आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस समाजवादी पार्टी के साथ बराबरी के आधार पर चुनाव लड़ेगी। जनपद की सभी विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के पास मजबूत दावेदार एवं प्रत्याशी हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जनता के बीच संघर्ष कर रहे हैं और आने वाले समय में जनपद में परिवर्तन देखने को मिलेगा। रैली के समापन के पश्चात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने विभिन्न जनपदों से आए जिला एवं शहर अध्यक्षों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर संगठन की स्थिति, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। संविधान, लोकतंत्र और जन अधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ आयोजित इस रैली में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, कुमुद गंगवार, अनूप वर्मा, तनवीर सफदर, दिनेश कुमार, बिंदेश्वरी राज, संजीव पासी, फरीद अली खान, रामजी अवस्थी, अर्चना कटारिया, रफी उल हसन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्कूल बस व ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर, मां-बेटे घायल

सिंधौली बाईपास पर अचानक ट्रैक्टर मोड़ने से हुआ हादसा, सीएचसी भावलखेड़ा में कराया गया भर्ती

रोजा, शाहजहांपुर। सिंधौली बाईपास के पास शुक्रवार शाम स्कूल बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार एक 10 वर्षीय छात्र और उसकी मां घायल हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भावलखेड़ा भिजवाया। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब चार बजे पीआरवी को सूचना मिली कि एक स्कूल बस को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी है। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जांच में पता चला कि एक स्कूल की बस मुकरमपुर की ओर से आ रही थी। इसी दौरान सिंधौली बाईपास की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने अचानक अपना वाहन मोड़ दिया, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली बस से टकरा गई। टक्कर से बस क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बस में सवार छात्र अभी अवस्थी (10) और उसकी मां सीता अवस्थी (40), निवासी रेती, थाना आरसी मिशन, को हल्की चोटें आईं। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए सीएचसी भावलखेड़ा भेज दिया। वहीं, ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

ब्लैकआउट मॉकड्रिल की तैयारियों के संबंध में बैठक

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



22 नवंबर को होने वाली सिविल डिफेंस की ब्लैकआउट मॉकड्रिल की तैयारियों एवं कार्ययोजना के संबंध में एडीएम वित्त अरविंद कुमार की अध्यक्षता में बिस्मिल सभागार में बैठक की गई। बैठक में एसपी सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट सहित नागरिक सुरक्षा विभाग के स्वयंसेवक आदि उपस्थित रहे। 22 नवंबर को प्रस्तावित मॉक ड्रिल के दौरान की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं उनकी समयबद्ध कार्ययोजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।मॉकड्रिल का आयोजन शाम 6 बजे से प्रारंभ होगा।शाम 6:5 बजे हवाई हमले की सूचना प्रसारित की जाएगी, जिसके साथ ही सायरन बजाया जाएगा तथा ब्लैकआउट घोषित कर सभी लाइटें बंद कर दी जाएंगी। इसके पश्चात ड्रोन को निष्प्रभावी करने की कार्रवाई का अभ्यास किया जाएगा तथा शाम 6:12 बजे स्थिति का आकलन किया जाएगा। मॉकड्रिल के दौरान हवाई हमले की स्थिति में उत्पन्न होने वाली विभिन्न आपात परिस्थितियों से निपटने का अभ्यास भी किया जाएगा। आग लगने की स्थिति में अग्निशमन विभाग द्वारा नागरिकों को सुरक्षित निकालने एवं आग पर नियंत्रण करने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने, हड्डी टूटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार देने, ऊंची इमारतों में फंसे व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालने तथा कांच तोड़कर घायल व्यक्तियों को रेस्क्यू करने जैसी गतिविधियां शामिल रहेंगी। इसके अतिरिक्त एनडीआरएफ की टीम के घटनास्थल पर पहुंचने, घटनास्थल का निरीक्षण करने, राहत एवं बचाव कार्यों को संचालित करने तथा हवाई हमले से उत्पन्न आपात परिस्थितियों पर नियंत्रण स्थापित करने संबंधी कार्यों का भी अभ्यास किया जाएगा। एडीएम वित्त ने कहा कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न विभागों की तैयारियों, आपसी समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता को परखना है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की किसी भी अप्रत्याशित स्थिति का सामना करने के लिए सभी संबंधित विभाग एवं नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवक पहले से ही पूरी तरह तैयार एवं सतर्क रहें। एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करें।

खबरें एक नजर में

आग से झुलसने पर शिक्षिका की दर्दनाक मौत

मोहम्मदी , लखीमपुर खीरी। कस्बा मोहल्ला ब्रह्मदेव कॉलोनी में किराए के मकान पर रह रही एक शिक्षिका की गैस लीकेज के चलते आग लगने से गंभीर रूप से झुलस गई थी। जिसकी इलाज के दौरान 7 दिन बाद दिल्ली के सरकारी अस्पताल में मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार बरेली मोहल्ला सुभाष नगर निवासी रुचि कश्यप विगत 10 वर्षों से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय महमदपुर दिन में खेलकूद शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी। जो मोहल्ले के धर्मेंद्र कश्यप के मकान में किराए पर कमरा लेकर रह रही थी। 13 नवंबर की रात 11 बजे करीब कमरे में रखी गैस लीकेज हो रही थी। दूध गरम करने को लेकर गैस चूल्हा जलाते समय पूरे कमरे में आग लग गई जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई थी। चीख पुकार पर मकान मालिक ने आनन-फानन में इलाज के लिए शाहजहांपुर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। हालात गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल बरेली रेफर किया गया जहां से मेरठ भेजा गया वहां भी हालत में सुधार न होने पर परिजनों ने दिल्ली के सफदर जंग सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिन्होंने इलाज के दौरान गुरुवार की रात मौत हो गई है।

दोदराजपुर रामलीला मेला में रावण दहन व राजगद्दी कार्यक्रम के साथ श्री जनता रामलीला मेला संपन्न

तिलहर-शाहजहांपुर। नगर की प्राचीन दोदराजपुर श्री रामलीला मेला का रावण वध मंचन के बाद रावण के विशालकाय पुतले का दहन कर दिया गया । भगवान श्रीराम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया । शनिवार (आज) राज्याभिषेक व रविवार को राजगद्दी शोभायात्रा के साथ ही मेला संपन्न होगा। नगर के दोदराजपुर में सन 1842 से संचालित 184 साल प्राचीन रामलीला मेला बीती नौ नवंबर को श्री गणेश की पूजा से शुरू हुआ था । शुक्रवार को शाम छह बजे भगवान श्रीराम व दशानन रावण का रोमांचकारी युद्ध मंचन के साथ ही रावण वध कर दिया गया। देखते ही देखते रावण के विशालकाय पुतले का दहन कर दिया गया। उसकी अस्थियों लेने को भरी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान कोतवाल प्रभाष चंद्र भारी पुलिस बल के साथ निगरानी में मुस्तैद रहे। कमेटी संरक्षक मनोज प्रबल अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू , प्रबंधक सोनू खन्ना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, आयोजक विपिन खन्ना, महासचिव शिवओम मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रशांत खन्ना, आशीष सक्सेना, उपाध्यक्ष शिवम गुप्ता समेत तमाम लोग शामिल रहे।

ईवीएम-वीवीपैट की बारीकियां सीखेंगे मास्टर ट्रेनर जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर दिया जोर

अटल सभागार में हुआ प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रम, निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने पर जोर

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु बनाने के लिए बुधवार को अटल सभागार में ईवीएम-वीवीपैट प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुए प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन व्यवस्था में मास्टर ट्रेनरों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्हें ईवीएम और वीवीपैट के संचालन एवं कार्यप्रणाली की पूरी जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे आगे मतदान कार्मिकों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित कर सकें। प्रशिक्षण में बताई गई प्रत्येक जानकारी को गंभीरता से समझने और तकनीकी दक्षता हासिल करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्रा ने ईवीएम-वीवीपैट के संचालन, मतदान प्रक्रिया में उनकी उपयोगिता और तकनीकी बारीकियों से संबंधित जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से मशीनों की कार्यप्रणाली समझाई गई, जिससे निर्वाचन के दौरान किसी भी तकनीकी समस्या का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सके। इस दौरान प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित कुमार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्रा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

दो दिवसीय खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ अनुशासन जीवन का अभिन्न हिस्सा



मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी। कस्बा के टीपीआरएस एजुकेशन इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम राजेश प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि मनोज गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार शर्मा ने किया अतिथियों का बैज अलंकरण कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक आनंद गुप्ता और मुख्य अतिथि में संयुक्त रूप से मां वीणा पाणि चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया है। प्रबंधक ने मुख्य अतिथि को पुष्प देकर सम्मानित किया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ध्वज के साथ ग्राउंड पर मुख्य अतिथि को सलामी दी है। वही खेलों का शुभारंभ मशाल जलाकर किया है। आयोजित खेलों में खो खो, क्रिकेट, म्यूजिकल चेयर, बैडमिंटन, वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया वहीं छात्र-छात्राओं ने योग के कई आसनों को लगाकर अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया है। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा अनुशासन जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल प्रतियोगिताओं से शारीरिक और मानसिक क्षमता का विकास होता है जो आपसी सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी आए अतिथियों का आभार जताया है।

कल खीरी में ब्लैकआउट व एयर रेड की होगी मॉकड्रिल, आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखेगा प्रशासन

शाम छह बजे मेमोरियल मैदान में प्रस्तावित अभ्यास, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, पुलिस व अग्निशमन विभाग की टीमें होंगी शामिल

डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक, ब्लैकआउट से लेकर राहत-बचाव और घायलों को अस्पताल पहुंचाने तक का होगा अभ्यास

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



आपात परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने, नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 22 नवंबर को जिले में ब्लैकआउट एवं एयर रेड (हवाई हमले की चेतावनी) को लेकर व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित होगी। शाम छह बजे प्रस्तावित इस अभ्यास के माध्यम से प्रशासन विभिन्न विभागों, सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता, आपसी समन्वय तथा राहत एवं बचाव संसाधनों की उपलब्धता परखेगा। मॉकड्रिल की तैयारियों और कार्ययोजना को लेकर बुधवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। इसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों को शासन के निर्देशों के अनुरूप निर्धारित प्रक्रिया के तहत अभ्यास संपन्न कराने और आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन एसडीएम/प्रभारी अधिकारी नागरिक सुरक्षा कोर तनवीर अहमद ने किया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी वास्तविक आपात स्थिति को उत्पन्न करना नहीं, बल्कि संभावित परिस्थितियों में प्रशासनिक तैयारियों, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन करना है। इसके जरिए आमजन को भी नागरिक सुरक्षा, ब्लैकआउट की प्रक्रिया और आपात स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और मॉक ड्रिल को गंभीरता एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराएं। आपात परिस्थितियों में जनहानि को न्यूनतम रखने के लिए प्रशासनिक तंत्र की सक्रियता, विभागीय समन्वय और आमजन की जागरूकता बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे अभ्यास से कमियों की पहचान कर भविष्य की तैयारियों को और बेहतर बनाया जा सकता है। मॉक ड्रिल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी, एसएसबी पुलिस, अग्निशमन एवं स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न संबंधित एजेंसियां प्रतिभाग करेंगी। होमगार्ड्स, प्रांतीय रक्षक दल, नेहरू युवा केंद्र, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट एंड गाइड, आपदा मित्र, भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम और स्वयंसेवी संगठनों की भी सहभागिता रहेगी। बैठक में एडीएम (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह, एएसपी (पश्चिमी अमित कुमार राय, सीओ सिटी महक शर्मा, तहसीलदार मुकेश कुमार, चीफ वार्डेन (नागरिक सुरक्षा कोर) डॉ वीबी धुरिया, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, जिला अग्निशमन अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी सुरेश कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पंचायत, निगोही (शाहजहाँपुर)

पत्रांक- 338/न0पं0नि0/ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक-19 नवम्बर 2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतदद्वारा नगर पंचायत निगोही, शाहजहाँपुर के निम्न सारिणी में उल्लिखित निर्माण कार्य हेतु समस्त अधिकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्य हेतु दिनांक 20/111026 से 04/12/026 को अपराहन 3:00 बजे तक ऑन लाइन ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो तदिनांक को अपराहन 4:00 बजे से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी, जिसकी समस्त कार्यवाही वेवसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। ई-निविदा आमंत्रणकर्ता को परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा, सभी निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि वह नियमित रूप से ई - निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत निगोही, शाह।

अध्यक्ष
नगर पंचायत निगोही, शाह।

आर्थिक संकट का सच




कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जब भी विदेश यात्रा पर जाते हैं भाजपा का रक्तचाप बढ़ जाता है। राहुल गांधी अगर निजी यात्रा पर जाते हैं तो भाजपा की मांग रहती है कि वो अपनी निजता को छोड़ सार्वजनिक तौर पर बताएं कि वो कहां जा रहे हैं, क्यों जा रहे हैं और किससे मिल रहे हैं। हालांकि सरकार भाजपा की ही है तो उसे पता रहता है कि राहुल गांधी कब जा रहे हैं, किस फ्लाइट से जा रहे हैं, कहां जा रहे हैं, कब लौट रहे हैं आदि। लेकिन फिर भी बात का बतंगड़ बनाने के लिए वह ये सवाल उठाती है। वहीं राहुल गांधी जब बतौर नेता प्रतिपक्ष विदेश यात्रा पर जाते हैं, तब तो भाजपा की तकलीफ और ज्यादा बढ़ जाती है। क्योंकि तब राहुल वैश्विक मंचों से अपनी बात रखते हैं। अभी अमेरिका की कोलम्बिया और शिकागो यूनिवर्सिटी में चर्चा और व्याख्यान के लिए राहुल गांधी को बुलाया गया था। दोनों ही जगह उन्होंने छात्रों से और समाज के अन्य तबकों के प्रतिनिधियों से खुली चर्चा की। लोकतंत्र, भारत में चुनाव चोरी, एसआईआर की गड़बड़ियां, जेन जी आंदोलन, दिल्ली का बढ़ता प्रदूषण, बेरोजगारी, महंगाई तमाम मुद्दों पर उन्होंने खुल कर अपनी बात रखी। 17 नवंबर को न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया यूनिवर्सिटी में अपने संबोधन के दौरान राहुल गांधी ने भारतीय अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी और लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर जो बयान दिए, उन पर देश में राजनीतिक विवाद शुरू हो चुका है। दरअसल राहुल गांधी ने कहा था कि भारत एक श्आर्थिक आपदाश् की कगार पर है और देश में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी व शिक्षा व्यवस्था की गंभीर समस्याएं हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत का आर्थिक मॉडल करीब एक दशक पहले ही नतीजे देना बंद कर चुका है और इसी क्रम में राहुल ने श्मेक इन इंडियाश् तथा श्स्टार्ट-अप इंडियाश् जैसी योजनाओं की सफलता पर सवाल उठाए। राहुल ने कहा कि एक के बाद एक मोदी की सारी योजनाएं विफल साबित हुई हैं। क्योंकि देश में विनिर्माण क्षेत्र उस स्तर पर नहीं पहुंचा है, जहां बड़ी संख्या में रोजगार पैदा हो सकें। कांग्रेस ने आर्थिक विकास का जो मॉडल बनाया था, जिसमें लघु और मध्यम उद्योगों, कृषि, सार्वजनिक निकायों आदि के लिए जो दीर्घकालिक योजनाएं बनाई जाती थीं, वो अब खत्म हो गया है। उन्होंने उद्योग और व्यापार में एकाधिकार होने पर भी चिंता जताई। राहुल ने इस मुद्दे को भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचना से जोड़ा। उनका कहना था कि अगर आर्थिक विकास का लाभ समाज के बड़े हिस्से तक नहीं पहुंचता और छोटे कारोबार कमजोर होते हैं तो रोजगार तथा आर्थिक अवसरों का संकट बना रहेगा। राहुल गांधी ने कोई ऐसी बात नहीं कही जो वे पहले भारत के मंचों से न कह चुके हों। संसद से लेकर चुनावी सभाओं या छात्रों की गूंज जैसे कार्यक्रमों में राहुल जहां भी जाते हैं, वे इस बात पर लोगों को आगाह करते हैं कि मोदी सरकार ने निजीकरण के नाम पर सब कुछ केवल दो लोगों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी को सौंप दिया है। राजनीति की तरह व्यापार में भी सबको समान अवसर से वंचित किया जा रहा है, जिस वजह से न केवल आम आदमी के लिए आर्थिक संकट बढ़ा है, बल्कि छोटे-मध्यम कारोबारियों की तकलीफें भी बढ़ी हैं। अपनी इन्हीं बातों को राहुल गांधी ने विदेश के मंचों से कह दिया तो अब भाजपा हाय तौबा मचा रही है। भाजपा का कहना है कि वैश्विक आंकड़े भारत की तेज आर्थिक वृद्धि दिखाते हैं, जबकि नेता प्रतिपक्ष देश को नकारात्मक रूप में पेश कर रहे हैं। भाजपा की तरह ही गोदी मीडिया ने भी अपने प्राइम टाइम को इसी चर्चा के लिए सुरक्षित कर लिया कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत का अपमान क्यों करते हैं। भाजपा के लिए राहुल पर हमले करने का शायद यह सबसे आसान तरीका है। लेकिन जो पत्रकार भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए ऐसी चर्चाएं करवा रहे हैं, क्या उन्हें नहीं पता कि सोशल मीडिया के कारण अब दुनिया के किसी भी मंच से कोई भी बात कही जाए, वह तुरंत एक कोने से दूसरे कोने में पहुंचती है। राहुल दिल्ली में आर्थिक बर्बादी की बात करें या न्यूयॉर्क में, एक ही बात है। जब प्रधानमंत्री मोदी ने खुद लोगों से किफायत बरतने, सोना न खरीदने, गाड़ी छोड़ सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने और साल भर तक विदेश न जाने की अपील लोगों से की थी, क्या उसे दुनिया के बाकी लोगों ने नहीं सुना होगा। देश अगर वाकई तेज आर्थिक वृद्धि के पथ पर रहता तो मोदी को ऐसी अपील करने की जरूरत ही नहीं पड़ती। मोदी ने आर्थिक संकट की बात कही तो उसे समझदारी भरी सलाह कहा गया और वही बात राहुल ने दूसरे तरीके से बता दी तो भाजपा को बुरा लग गया। कायदे से उसे बुरा इस बात पर लगना चाहिए कि सत्ता के बारह सालों में वह महंगाई और बेरोजगारी का उपाय नहीं निकाल पाई है, जिससे साधारण जनता बुरी तरह जूझ रही है। नौकरियां न मिलने के कारण लोग गिग वर्कर्स बन रहे हैं, डिग्री हासिल किए युवा तरह-तरह की कुंठाओं का शिकार हो रहे हैं। त्योहार के वक्त भी लोगों को महंगाई से निजात नहीं मिली। क्या यह सब भाजपा को दिखाई नहीं दे रहा। अगर आर्थिक वृद्धि होती तो उसकी खुशहाली आंकड़ों में ही नहीं जमीन पर भी दिखाई देती।

आधुनिक भारत और नेहरू, गांधी परिवार की विरासत

राजेश पांडेय

इन दिनों नेहरू-गांधी परिवार सुर्खियों में है। सोनिया गांधी की किताब-बिलॉन्गिंग ए जर्नी ऑफ लव से जुड़ी हलचल ने लोगों का ध्यान परिवार की तरफ खींचा है। पेंगुइन के टालमटोल के बाद नए प्रकाशक ने किताब छापने का फैसला किया। उस वक्त बताया गया कि किताब की एक लाख प्रतियां प्रकाशित की जाएंगी। 16 नवंबर को नई दिल्ली में लॉन्चिंग पर प्रकाशक हार्पर कॉलिन्स इंडिया के सीईओ अनंत पद्मनाभन ने बताया कि एक सप्ताह में पुस्तक की दो लाख प्रतियां बिक चुकी हैं। पश्चिमी देशों में किसी पुस्तक की दस-बीस लाख प्रतियां बिकना बड़ी बात नहीं है। भारत में किताबें पढ़ने में लोगों की दिलचस्पी ज्यादा नहीं है। इसलिए यह संख्या हैरान करती है। किताब खरीदने वाले लोगों में बड़ी संख्या कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं की भी होगी। फिर भी, किसी शख्सियत के संस्मरण या आत्मकथ्य के प्रति लोगों की उत्सुकता पहले कभी इतनी ज्यादा नहीं देखी गई थी। सोनिया की किताब पर उठी चर्चा के कई कारण हैं। पेंगुइन के टालमटोल के बाद मीडिया में अनुमान लगाए गए। अखबारों ने किताब के अंशों का प्रकाशन शुरू कर दिया। अभी हाल के वर्षों में किसी किताब के इतने ज्यादा अंश मीडिया में नहीं आए हैं। किताब पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की प्रतिक्रिया ने भी लोगों की उत्सुकता जगाई है। यों भी, बीते 12-13 वर्षों से नेहरू-गांधी परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के निशाने पर हमेशा रहता है। कांग्रेस के कार्यकर्ता जवाहर लाल नेहरू को जितना याद नहीं करते हैं, उससे ज्यादा तो भाजपा के नेता उनका नाम लेते हैं। मोदी ने संसद में कई बार नेहरू पर तीखे प्रहार किए हैं। उनके कथनों, आर्थिक नीतियों, विदेश नीति की कड़ी आलोचना की गई है। नेहरू के खिलाफ सुनियोजित अभियान चलाया गया है। बयानों के अलावा मीम्स, ट्रोल्स के जरिये उनका उपहास उड़ाया जाता है। भारत की तमाम सामाजिक, आर्थिक समस्याओं के लिए उन्हें दोषी ठहराया जाता है। नेताओं के अलावा अर्थशास्त्रियों, विश्लेषकों और विद्वानों की फौज नेहरू की नीतियों की समीक्षा करती है। इतिहास के हर दौर में राजनेताओं और समाज को प्रभावित करने



वाली हस्तियों, संगठनों के कामकाज, फैसलों का मूल्यांकन होता है। उनके सही, गलत निर्णयों और उपलब्धियों की वस्तुनिष्ठ समीक्षा होती है। ऐसा होना भी चाहिए। इससे भविष्य के लिए नई दिशा मिलती है। लेकिन, नेहरू,गांधी खानदान की आलोचना के मामले में बहुत बार ऐसा नहीं हो रहा है। आधुनिक भारत में सत्ता पर लंबे समय तक रहने वाले परिवार के मामले में अलग मापदंड अपनाए गए हैं। अब निशाने पर सबसे अधिक राहुल गांधी हैं। उन्हें पप्पू, नामदार, शहजादे, अपरिपक्व सहित कई अन्य उपाधियों से विभूषित किया गया है। उन्हें देश विरोधी बताया जाता है। राहुल की विदेश यात्राओं से पहले उनके खिलाफ भाजपा के बयान आने लगते हैं। राहुल के कुछ बयान असहज करते हैं। लेकिन अब उनमें परिपक्वता नजर आती है। उनके साथ एक समृद्ध राजनीतिक परिवार की विरासत जुड़ी है। उन्हें अच्छा लॉन्च पैड मिला था। उन्होंने अपनी सक्रियता और चुनाव प्रक्रिया में धांधली जैसे मुद्दों को उठाकर एक मजबूत और असरदार विपक्षी नेता के रूप में अलग पहचान बना ली है। सोनिया की किताब में लोगों की दिलचस्पी केवल सोनिया के कारण नहीं है। भारत के इतिहास में नेहरू, गांधी परिवार की अमिट छाप को भुलाना मुश्किल है। स्वाधीनता संग्राम और फिर आजादी के बाद देश की सार्वजनिक गतिविधियां इस परिवार के आसपास केंद्रित रही हैं। खानदान में दो व्यक्तित्व सबसे अहम हैं। एक हैं- जवाहर लाल नेहरू और दूसरी हैं-उनकी बेटी इंदिरा गांधी। भारत के वर्तमान स्वरूप में नेहरू की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। आधुनिक भारत की स्थिति पर गौर करते हुए नेहरू के योगदान को नहीं भूलना चाहिए। नई पीढ़ी शिक्षा, साइंस, टेक्नालॉजी, रिसर्च, मेडिकल साइंस, आईटी, कृषि, औद्योगिक विकास सहित कई क्षेत्रों में भारत की तेज रफ्तार को महसूस करती है। उसके पीछे नेहरू की सोच, दृष्टि और कल्पना मौजूद है। आजादी के संग्राम में साढ़े नौ वर्ष तक जेल में रहे नेहरू ने विकास के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा था। उनके दौर में सार्वजनिक क्षेत्र में 50 से अधिक बड़े संस्थानों की नींव रखी गई। इनमें कुछ प्रमुख हैं, जीवन बीमा निगम, तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग, इंडियन ऑयल, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, हिंदुस्तान मशीन टूल्स। शिक्षा, कला, संस्कृति की तरफ भी उनका झुकाव था। कई संस्थाएं उनके बहुआयामी व्यक्तित्व की तस्वीर पेश करती हैं। संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी, ललित कला अकादमी, नेशनल म्यूजियम, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, फिल्म इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया जैसे संस्थानों ने उनकी पहल से आकार लिया। नेहरू के सपनों का संसार अंतरिक्ष की ऊंचाइयों से होड़ करता था। उन्हें विरासत में गरीब और समस्याग्रस्त देश मिला था। विभाजन की विभीषिका ने देश के मानस पर गहरे जख्म किए थे। उन्होंने ऐसे समय में देश के घावों पर मरहम रखने के साथ उसकी तरक्की का योजनाबद्ध अभियान हाथ में लिया। भाखड़ा नंगल बांध की शुरुआत करते हुए नेहरू ने उसे आधुनिक भारत का तीर्थ कहा था। नेहरू ने भाखड़ा से साथ हीराकुंड, नागार्जुन सागर, दामोदर वैली, रिहंद बांध, तुंगभद्रा, कोसी और चंबल जैसी बांध योजनाओं को धरातल पर उतारा। नेहरू की दृष्टि तरक्की के हर क्षितिज को स्पर्श करती है। अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और एम्स के साथ उनकी प्राथमिकता में नेशनल बुक ट्रस्ट, यूजीसी और एनसीईआरटी भी थे। भारत ने आज आईटी, फार्मास्युटिकल्स और ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में खास पहचान बनाई है। इन सबके पीछे नेहरू के अनंत सपनों की दुनिया है। गूगल के सुंदर पिचई जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की दिग्गज हस्तियां भारत के आईआईएम, आईआईटी की देन हैं। कुछ साल पहले देश में स्मार्ट सिटी की बहुत चर्चा थी। नेहरू ने चंडीगढ़ के रूप में देश के सामने स्मार्ट सिटी की परिकल्पना पेश कर दी थी। नेहरू के दौर में भारत गरीब था। फिर भी, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसकी आवाज बहुत प्रभावशाली थी। दो महाशक्तियों अमेरिका और सोवियत संघ की तनातनी के बीच नेहरू और बाद में इंदिरा गांधी ने भारत की गुटनिरपेक्ष छवि को बनाए रखा। 1962 के युद्ध में चीन से अपमानजनक पराजय के लिए नेहरू को दोषी ठहराया जाता है। कई विशेषज्ञ कहते हैं, चीन के प्रति उनका रवैया नरम था। दूसरी ओर नेहरू के समय खुफिया एजेंसी इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर रहे भोलानाथ मलिक इस धारणा को गलत बताते हैं। मलिक ने अपने संस्मरणों में दावा किया है कि नेहरू की पहल पर भारत ने चीन से लगी सीमा पर उन सभी क्षेत्रों में चौकियां बनवाई थीं जिन पर भारत दावा करता था। मलिक के अनुसार चीनी हमले के समय नेहरू ने तटस्थता के सिद्धांतों को भुलाकर अमेरिका से सैनिक मदद मांगी थी। नेहरू की मौत के दो साल बाद प्रधानमंत्री बनीं इंदिरा गांधी ने भारत की सैनिक ताकत को बढ़ाने का अभियान चलाया। 1971 के बांग्लादेश युद्ध में पाकिस्तान की निर्णायक हार ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का दबदबा बढ़ाया था। भारत ने 1974 में परमाणु परीक्षण के जरिये चीन सहित सभी बड़ी ताकतों को चौंका दिया था। इस पराक्रम के पीछे नेहरू द्वारा सभी क्षेत्रों में खड़ा किया गया मजबूत आधार है। भारतीय जनजीवन के सभी क्षेत्रों में नेहरू की सशक्त मौजूदगी रही है। इसलिए उन्हें भाजपा और संघ परिवार ने निशाना बनाने के लिए सबसे आदर्श और उपयुक्त पात्र माना है। नेहरू, गांधी परिवार की विराट प्रतिमा को खंडित करने के अभियान की पृष्ठभूमि में सोनिया गांधी का अपनी किताब में परिवार का पक्ष पेश करना स्वाभाविक है। उन्होंने नेहरू के बाद की स्थितियों का जिक्र किया है। सोनिया ने किताब की लांचिंग के समय हार्पर कॉलिन्स की पब्लिशर पौलोमी चटर्जी से चर्चा करते हुए कहा, मैं अपने परिवार के संबंध में कही गई काल्पनिक कहानियों के संदर्भ में स्थिति स्पष्ट करना चाहती थी। मेरी सास, पति, बेटे, बेटी और मेरे बारे में बहुत कुछ गलत बताया गया है। उन्होंने कहा, मन को आहत करने वाली ऐसी बातें कही गई हैं जिनका सच से कोई नाता नहीं है। सोनिया के कथन में सच्चाई है। उनकी किताब भारत के आधुनिक राजनीतिक इतिहास का अहम दस्तावेज है। नेहरू, गांधी परिवार के आभामंडल ने उनकी किताब को विशिष्ट चमक दी है।

जम्मू-कश्मीर में अब आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक मोड़ पर पहुंची लड़ाई

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। एक दशक पहले जिस घाटी में आतंकी संगठनों की धमक, अलगाववादी गतिविधियां, पत्थरबाजी और युवाओं को हथियार उठाने के लिए उकसाने का तंत्र सुरक्षा बलों के सामने लगातार चुनौती खड़ा करता था, वहां आज स्थानीय आतंकी भर्ती लगभग शून्य पर पहुंचने और सक्रिय स्थानीय आतंकियों के नेटवर्क के कमजोर पड़ने के संकेत हैं।

दरअसल, कुलगाम में लश्कर-ए-तैयबा के आखिरी ज्ञात सक्रिय स्थानीय कमांडर मोहम्मद लतीफ भट का मारा जाना इस बदलाव की महत्वपूर्ण कड़ी है। 2014 से अब तक जम्मू-कश्मीर में 1891 आतंकियों का सफाया हो चुका है, जबकि इसी अवधि में देशभर में आतंकियों, उग्रवादियों और चरमपंथियों की मौत का आंकड़ा 4952 तक पहुंचा है। सुरक्षा बलों की सफलता अब आतंकवाद के पूरे तंत्र को समाप्त करने की कसौटी पर है। बंदूक, बारूद और आतंकियों के ठिकानों पर प्रहार के साथ कट्टरपंथी विचारधारा, भर्ती तंत्र, आर्थिक सहायता, सीमा पार संचालन और डिजिटल प्रचार के विरुद्ध भी निर्णायक लड़ाई आवश्यक हो गई है। साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल (एसएटीपी) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014 से जम्मू-कश्मीर में 1891 आतंकवादी मारे गए हैं। वर्ष 2014 में 114, 2015 में 115, 2016 में 165, 2017 में 220 और 2018 में सर्वाधिक 271 आतंकियों का सफाया हुआ। इसके बाद 2019 में 163, 2020 में 232, 2021 और 2022 में 193-193 आतंकवादी मारे गए। वर्ष 2023 में यह संख्या 87, 2024 में 69 और 2025 में 46 रह गई। 2026 में अब तक 24 आतंकियों का सफाया किया जा चुका है। 2018 की तुलना में 2025 में आतंकियों के मारे जाने की संख्या में करीब 83 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। यह आंकड़ा आतंकवादी संगठनों की क्षमता, स्थानीय नेटवर्क और उनके संचालन पर लगातार पड़ते दबाव को दर्शाता है। देश के व्यापक आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में 4952 आतंकियों, उग्रवादियों और चरमपंथियों के मारे जाने का आंकड़ा सामने आया है। इसमें जम्मू-कश्मीर के 1891 आतंकी शामिल हैं। बाकी आंकड़े देश के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय उग्रवादी और चरमपंथी संगठनों के विरुद्ध चलाए गए अभियानों से जुड़े हैं। यह तस्वीर बताती है कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न मोर्चों पर एक साथ चल रही है। पत्थरबाजी से भर्ती तक, घाटी में बदला सुरक्षा परिदृश्य जम्मू-कश्मीर में 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 और 35ए हटने के बाद आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई का स्वरूप व्यापक हुआ। सुरक्षा बलों के अभियानों के साथ आतंकियों की आर्थिक सहायता, स्थानीय सहयोगियों, भर्ती तंत्र और संगठनात्मक नेटवर्क पर कार्रवाई तेज हुई। वर्ष 2018 में 228 आतंकवादी गतिविधियों की पहल से जुड़ी घटनाएं दर्ज हुई थीं, जो 2025 में घटकर 12 रह गईं। इस श्रेणी में लगभग 95 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई। संगठित पत्थरबाजी भी घाटी के सुरक्षा परिदृश्य में बड़ा बदलाव दिखाती है। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2018 में 1328 घटनाएं दर्ज हुई थीं, जबकि 2023 में ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई। 2024 में भी 15 जुलाई तक संगठित पत्थरबाजी की कोई घटना दर्ज नहीं हुई थी। स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती वर्ष 2018 के करीब 199 के आंकड़े से घटकर 2023 में 19 से 22 और 2024 में चार से सात के बीच पहुंच गई।

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात ने इस संबंध में बताया कि पिछले दो वर्षों में लश्कर-ए-तैयबा में केवल दो कश्मीरी युवक शामिल हुए और दोनों मारे जा चुके हैं। उमर निसार और मोहम्मद लतीफ भट का सफाया स्थानीय भर्ती तंत्र के लिए बड़ा झटका है। स्थानीय आतंकी भर्ती लगभग शून्य पर पहुंचने का दावा घाटी में सुरक्षा रणनीति के बदले स्वरूप को रेखांकित करता है। बंदूक से आगे, कट्टरपंथ की वैचारिक जमीन पर चोट जरूरी इसे लेकर एयरफोर्स से सेवानिवृत्त, रक्षा विशेषज्ञ डॉ. राजेश शर्मा का हिन्दुस्थान समाचार से कहा, ÷सुरक्षा बल आतंकियों को मार गिरा सकते हैं, उनके ठिकाने ध्वस्त कर सकते हैं, हथियार और धन की आपूर्ति रोक सकते हैं, किंतु आतंकवाद को जन्म देने वाली मानसिकता पर प्रहार के बिना स्थायी समाधान कठिन है। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और इस्लामिक स्टेट जैसे संगठन धार्मिक पहचान और कट्टरपंथी व्याख्याओं का इस्तेमाल युवाओं को हिंसा की ओर धकेलने के लिए करते रहे हैं। ऐसे में निर्दोष नागरिकों की हत्या, आत्मघाती हमले और लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध हिंसा को धार्मिक (मजहबी) उद्देश्य का आवरण देने वाली विचारधारा को चुनौती देना अब सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा होना चाहिए।इसमें परिवार, धार्मिक संस्थाओं, शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ÷आतंकवादी मोहम्मद लतीफ़ भट जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में एक मस्जिद के अंदर छिपा हुआ था, उसे आत्मसमर्पण करने का मौका दिया गया, लेकिन उसने मना कर दिया उसे शायद लगा था कि मस्जिद के अंदर छिपने से वह सुरक्षित रहेगा। हमारी भारतीय सेना ने मस्जिद को बिना किसी नुकसान पहुँचाए आतंकवादी मोहम्मद लतीफ़ भट को मार गिराया। अब तक न जाने कितनी ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिसमें आतंकवादियों ने धार्मिक स्थलों का सहारा लिया है, इसलिए आज यह जरूरी हो जाता है कि मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध वर्ग, धार्मिक विद्वानों, इमामों और मदरसों के संचालकों की भी जिम्मेदारी है कि हिंसा को धार्मिक मान्यता देने वाले तत्वों के विरुद्ध स्पष्ट आवाज उठाएं और युवाओं को शिक्षा, रोजगार तथा राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करें। दूसरी ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में लतीफ भट के खात्मे के बाद सुरक्षा बलों के समन्वित अभियान की सराहना की है। आतंकवाद के विरुद्ध सरकार की रणनीति आतंकियों को मुठभेड़ में मार गिराने तक सीमित नहीं है। आतंकवादियों के लिए ठिकाने उपलब्ध कराने वाले ओवरग्राउंड वर्कर्स, आर्थिक मदद पहुंचाने वाले नेटवर्क, हथियार और संचार साधन उपलब्ध कराने वाले तंत्र तथा सीमा पार से निर्देश देने वाले संचालक भी कार्रवाई के दायरे में हैं। आतंकियों की मदद करने वालों से लेकर फंडिंग तक, पूरे इकोसिस्टम पर कार्रवाई जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीजीपी प्रभात के अनुसार, यूएपीए के तहत 2025 में 240 आरोपित गिरफ्तार किए गए, जबकि 2026 में 18 नवंबर तक 210 गिरफ्तारियां हुईं। आतंकवाद से जुड़ी 155 संपत्तियां पिछले वर्ष कुर्क की गईं और इस वर्ष अब तक 122 संपत्तियों पर कार्रवाई हुई। दो वर्षों में 450 गिरफ्तारियां और 277 संपत्तियों पर कार्रवाई आतंकवाद के संसाधन तंत्र पर प्रहार का हिस्सा है। आतंकवाद के विरुद्ध अभियान में जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना, सीआरपीएफ और खुफिया एजेंसियों का तालमेल भी मजबूत किया जा रहा है। पुलिस प्रशिक्षण में जंगल और पर्वतीय युद्ध, साइबर अपराध, मोबाइल फोरेंसिक, आर्थिक अपराध, टेरर फंडिंग, ड्रोन तथा आधुनिक तकनीक पर जोर दिया गया है। ग्रे हाउंड में 512 पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण और एआई, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डार्क वेब तथा क्रिप्टोकरेंसी जैसे विषयों पर 1201 पुलिसकर्मियों का उन्नत प्रशिक्षण बदलती सुरक्षा चुनौतियों के अनुरूप तैयारी का संकेत है।

कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक रणनीति, हर थाने तक पहुंचे खुफिया तंत्र गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवाद के विरुद्ध देशव्यापी समन्वित रणनीति पर जोर देते हुए कहा कि विभिन्न राज्यों की पुलिस के प्रयासों को एक साझा व्यवस्था में जोड़ना आवश्यक है। कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारिका से कामाख्या तक आतंकवाद से मुकाबले के लिए हर पुलिस थाने के स्तर पर एकसमान रणनीति और मजबूत सूचना तंत्र विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी घटना होने से पहले आतंकियों को पकड़ना सुरक्षा एजेंसियों की सफलता का महत्वपूर्ण पैमाना है। आतंकवादी नेटवर्क के विरुद्ध कार्रवाई में सूचना साझा करने, वित्तीय जांच एजेंसियों के समन्वय, राज्य पुलिस और आतंकवाद निरोधक दस्तों की क्षमता तथा साइबर विशेषज्ञ इकाइयों को मजबूत करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की क्षमता बढ़ाने, विशेष न्यायालय स्थापित करने, आतंकवादी फंडिंग रोकने और विदेशों में छिपे अपराधियों को भारत वापस लाने के प्रयासों को भी इसी रणनीति का हिस्सा बताया गया है। शाह के अनुसार, 2019 से भगोड़ों को वापस लाने के प्रयासों के तहत 36 देशों से 303 भगोड़ों को भारत लाया गया है।

संस्थागत अधिकार के सम्मान का क्षरण भारतीय लोकतंत्र की नींव के लिए खतरा

के रवींद्रन

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के भीतर और बाहर जो असाधारण दृश्य देखने को मिल रहे हैं, वे देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं में पनपी एक गहरी समस्या की चिंताजनक निशानी हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद एक वकील को अदालत कक्ष से बाहर निकाले जाने का नजारा, केवल न्यायिक मर्यादा के उल्लंघन की एक अकेली घटना नहीं है। केरल में सत्ताधारी दल के नेतृत्व से जुड़ी अवमानना की कार्रवाई की पृष्ठभूमि में हुई यह घटना, संवैधानिक अधिकार के प्रति घटते सम्मान और इस क्षरण के कारणों पर कई असहज सवाल खड़े करती है। 16 नवंबर की घटना, जिसमें एक वकील ने कथित तौर पर मुख्य न्यायाधीश की ईमानदारी और उनके पद पर बने रहने की योग्यता पर सवाल उठाए, पेशेवर असहमति की जायज सीमाओं को पार कर गई। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने अवमानना की कार्रवाई की मांग की, और अटॉर्नी जनरल ने भी इस कार्रवाई को शुरू करने के लिए अपनी सहमति दे दी। इससे पहले, सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य न्यायाधीश को निशाना बनाने वाली एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को अवमानना का नोटिस जारी किया था। पार्टी का कहना था कि वह संदेश नेतृत्व की अनुमति के बिना प्रकाशित किया गया था, और बाद में उन्होंने इसके लिए माफी भी मांगी। इन परिस्थितियों पर विचार करना जरूरी है, खासकर इसलिए क्योंकि अवमानना के आरोपों और किसी को दोषी ठहराए जाने के बीच फर्क करना आवश्यक है। एक समय था जब अदालत के शिष्टाचार से थोड़ा सा भी विचलन न्यायिक गरिमा का अपमान माना जाता था। वकील बहुत सम्मान के साथ पीठ (बेंच) के सामने अपनी बात रखते थे, और न्यायिक फैसलों पर असहमति को आमतौर पर स्थापित कानूनी प्रक्रियाओं के जरिए ही व्यक्त किया जाता था। अदालत कक्ष को एक ऐसी जगह माना जाता था जहां व्यक्तियों के बजाय तर्कों का महत्व अधिक होता था। आज के टकरावपूर्ण सार्वजनिक माहौल में यह परंपरा कमजोर पड़ गई है, जहां राजनीतिक बयानबाजी, व्यक्तिगत आरोपों और सोशल मीडिया अभियानों के जरिए अक्सर संस्थागत अधिकारों को चुनौती दी जाती है। फिर भी, इस गिरावट के लिए पूरी तरह से गैर-जिम्मेदार वकीलों, राजनेताओं या अनियंत्रित जनता को जिम्मेदार ठहराना बहुत ही सरल सोच होगी। किसी संस्था के प्रति सम्मान को केवल औपचारिक परंपराओं, अनुशासनात्मक शक्तियों या संवैधानिक दर्जे के सहारे हमेशा के लिए बनाए नहीं रखा जा सकता। इसके लिए लगातार सही आचरण, पारदर्शिता, निष्पक्षता और उन सिद्धांतों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दिखानी पड़ती है, जो उस संस्था के अस्तित्व को सही ठहराते हैं। यह बात संसद और कार्यपालिका पर उतनी ही लागू होती है, जितनी कि संवैधानिक निकायों और न्यायपालिका पर। न्यायपालिका एक अत्यंत संवेदनशील स्थिति में होती है, क्योंकि उस पर मौलिक अधिकारों की रक्षा करने, संविधान की व्याख्या करने और सरकार के अन्य अंगों की मनमानी पर रोक लगाने की जिम्मेदारी होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के बने रहने के लिए न्यायपालिका की स्वतंत्रता अनिवार्य है। इसका मतलब यह नहीं है कि जब कोई फैसला किसी राजनीतिक दल या किसी वादी को निराश करे, तो न्यायपालिका को डराया-धमकाया जाए। अदालतें धमकियों, सुनियोजित दबाव या व्यक्तिगत निंदा के माहौल में काम नहीं कर सकतीं। न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए ऐसे व्यवहार से सुरक्षा जरूरी है। वहीं दूसरी ओर, फैसलों, प्रशासनिक कार्यप्रणालियों और संस्थागत व्यवस्थाओं की तर्कपूर्ण आलोचना करना संवैधानिक लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा है। आलोचना और डराने-धमकाने के बीच का फर्क स्पष्ट होना चाहिए, खासकर तब जब खुद न्यायपालिका को यह तय करना हो कि क्या अदालत की अवमानना हुई है। भारत की न्यायपालिका के सामने ऐसी चुनौतियां हैं जो केवल अदालती कार्रवाई तक सीमित नहीं हैं। लंबित मामलों का भारी बोझ, लंबे समय तक चलने वाले मुकदमे, खाली पद, कानूनी प्रतिनिधित्व तक असमान पहुंच और न्याय पाने का आर्थिक बोझकृइन सबने जनता के बीच निराशा पैदा की है। एक आम नागरिक के लिए, किसी संस्था की विश्वसनीयता इस बात से नहीं मापी जाती कि संविधान के बारे में क्या-क्या कहा जा रहा है, बल्कि इस बात से मापी जाती है कि क्या उसे समय पर और किफायती न्याय मिल सकता है। जो व्यवस्था



सर्वोच्च स्तर पर मौलिक स्वतंत्रता की रक्षा करने में सक्षम है, उसे उन लोगों के लिए भी सुलभ होना चाहिए जो निचली अदालतों में सालों से कानूनी कार्रवाई से जूझ रहे हैं। बड़ी समस्या यह है कि संस्थागत साख में गिरावट भारत की राजनीतिक और प्रशासनिक संस्कृति की एक विशेषता बन गई है। संसद, जिसे कभी राष्ट्रीय विचार-विमर्श का मुख्य केंद्र माना जाता था, अब अक्सर ऐसे टकरावों का गवाह बनती है जो कानूनों की गहन जांच-परख को पीछे धकेल देते हैं। जांच एजेंसियों का कामकाज भी संस्थागत बहस का एक विवादास्पद मुद्दा बन गया है। अलग-अलग राजनीतिक विचारधारा वाली सरकारों के दौर में, चुनिंदा लोगों पर कार्रवाई करने, राजनीतिक कारणों से जांच करने और अलग-अलग लोगों के साथ अलग-अलग व्यवहार करने के आरोप लगते रहे हैं। चुनाव आयोग, स्वायत्त नियामक संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और प्रशासनिक तंत्र के कुछ हिस्सों को लेकर भी ऐसी ही चिंताएं हैं। इन संस्थाओं की वैधता उनकी पेशेवर स्वतं

खबरें एक नजर में

खाद की कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई, विक्रेताओं को रेट बोर्ड लगाने के निर्देश

हमीरपुर। जिले में उर्वरक विक्रेताओं को दुकानों पर खाद की दरों का रेट बोर्ड लगाने और प्रत्येक किसान को कैश मेमो या रसीद देने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूलने और रसीद न देने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई होगी। जिला कृषि अधिकारी के अनुसार, रबी सीजन 2026-27 में अब तक 7,577 मीट्रिक टन यूरिया, 11,936 मीट्रिक टन डीएपी और 890 मीट्रिक टन एनपीके का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में जिले में 14,096 मीट्रिक टन यूरिया, 5,356 मीट्रिक टन डीएपी और 1,758 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। इसके अलावा 1,150 मीट्रिक टन इफको डीएपी और 250 मीट्रिक टन एनपीके की रैक पारादीप से रवाना हो चुकी है। इसके 24 नवंबर तक महोबा रैक प्वाइंट पहुंचने की संभावना है। कृषि अधिकारी ने किसानों से जरूरत के अनुसार ही खाद खरीदने और संतुलित उपयोग करने की अपील की है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का मौका, 21 और 22 नवंबर को विशेष अभियान

हमीरपुर। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत 21 और 22 नवंबर को जिले के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बीएलओ बूथों पर मौजूद रहेंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे अभियान में नागरिक अपनी और परिवार के सदस्यों की मतदाता सूची में नाम व विवरण जांच सकेंगे। एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा फार्म-6 भरकर नाम दर्ज करा सकते हैं। नाम हटवाने या आपत्ति के लिए फार्म-7 तथा नाम, पता, आयु और फोटो में संशोधन के लिए फार्म-8 भरा जा सकता है। एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के अग्रिम आवेदन भी लिए जाएंगे। दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक निर्धारित है। प्रशासन ने पात्र नागरिकों से अभियान का लाभ उठाने की अपील की है।

कल होगा एयर रेड व ब्लैक आउट मॉकड्रिल, छह बजे बजेगा सायरन

हमीरपुर। आपातकालीन परिस्थितियों में राहत और बचाव तैयारियों को परखने के लिए 22 नवंबर को स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिविल डिफेंस एयर रेड एवं ब्लैक आउट मॉक ड्रिल आयोजित होगी। जिलाधिकारी अशोक कुमार के निर्देशन में शाम पांच बजे से अभ्यास शुरू होगा। शाम छह बजे दो मिनट तक हवाई हमले की चेतावनी का प्रतीक सायरन बजाया जाएगा। मॉक ड्रिल में पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य, विद्युत, नगर पालिका, नागरिक सुरक्षा और आपदा मित्रों की टीमें हिस्सा लेंगी। सायरन बजने पर निर्धारित क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद कर ब्लैक आउट किया जाएगा। अभ्यास समाप्त होने पर दो मिनट तक लगातार ऊंची आवाज में ऑल क्लियर सायरन बजेगा और बिजली आपूर्ति बहाल होगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सायरन सुनकर घबराएं नहीं। घरों और दुकानों की लाइट बंद रखें। खिड़की-दरवाजों को पर्दों से ढकें और गैस रेगुलेटर व विद्युत उपकरण बंद कर दें। वाहन चालक सुरक्षित स्थान पर वाहन रोककर हेडलाइट बंद रखें। अफवाहों से बचें और केवल प्रशासन की आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें।

दस वर्षीय बच्ची को बाइक से ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

कुरारा। थाना क्षेत्र के पतारा गांव में दस वर्षीय बच्ची को बाइक से ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को बच्ची दुकान से सामान लेकर घर लौट रही थी। तभी गांव निवासी विदुर सिंह पुत्र स्व. राजेंद्र सिंह उसे घर छोड़ने के बहाने बाइक पर बैठाकर ले जाने लगा। रास्ते में बच्ची के पिता ने उसे देख लिया तो आरोपी बच्ची को बाइक से उतारकर अपने घर ले गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद आरोपी को पतारा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दिलीप मिश्रा, कांस्टेबल कुलदीप मिश्रा और अतुल कुमार यादव शामिल रहे।

मौरम हटाने के विवाद में ग्रामीण का गला दबाया, चार पर मुकदमा

कुरारा। थाना क्षेत्र के डामर गांव में दरवाजे के सामने पड़ी मौरम हटाने को लेकर हुए विवाद में एक ग्रामीण के साथ मारपीट की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्रों समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी भीम सिंह यादव ने पुलिस को बताया कि शिवपाल यादव की मौरम दो साल से उसके दरवाजे के सामने पड़ी है। इससे आवागमन में परेशानी होती है। 26 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे वह दूध लेकर डेयरी जा रहा था। तभी शिवपाल यादव, विक्रम यादव और शिवपाल के पुत्र देवेंद्र व रावेन्द्र ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि शिवपाल ने जान से मारने की नीयत से उसका गला दबाया और थप्पड़ मारे। अन्य लोगों ने भी लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़ित के अनुसार, घटना का वीडियो भी मौजूद है।

विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से पढ़ी संविधान की प्रस्तावना

हमीरपुर। इस्लामिया इंटर कॉलेज में शुक्रवार को संविधान संवाद कार्यक्रम के तहत एक स्वर, एक संविधान विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वंदना अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संविधान के मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राम प्यारे के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में सिविल जज जूनियर डिवीजन अंकित पाल भी मौजूद रहे। वंदना अग्रवाल ने विद्यार्थियों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के संवैधानिक आदर्शों की जानकारी देते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। अंकित पाल ने दैनिक जीवन के उदाहरणों से संविधान के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, प्रधानाचार्य सरवर आलम खान, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इस दौरान पीएलवी पवन तिवारी और हुमैरा भी मौजूद रहे।

देव उठानी एकादशी के साथ ही गूंजेगी शहनाइयों की धुन

गुरसराय। देव उठानी एकादशी का पूजन वैष्णव जनों ने विधिविधान से किया। देव उठानी एकादशी के अवसर भगवान शालिग्राम एवं तुलसी महारानी के विवाह उत्सव के साथ ही आज से ही मांगलिक कार्य प्रारंभ हो गए है। शादी विवाह की शहनाईयों की गूंज प्रारम्भ हो गई है।

नहीं मिली जमानत, प्रार्थनापत्र निरस्त

झांसी। तमंचा, नगदी, मोबाइल सहित गिरफ्तार अभियुक्त का जमानत प्रार्थनापत्र अपर सत्र न्यायाधीश, न्यायालय सं0-1, आदित्य चतुर्वेदी के न्यायालय ने निरस्त कर दिया।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रवि प्रकाश गोस्वामी के अनुसार थाना उल्दन पुलिस ने 16 अक्टूबर 2026 को गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बंगरा से पलरा के बीच कागज फैक्ट्री के पास शरीफ शाह पुत्र जब्बार शाह निवासी नया पटेल नगर करसान रोड उरई जालौन को गिरफ्तार कर जामा तलाशी में कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर , नगदी ,मोबाइल आदि बरामद की थी। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ कई चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था।अभियुक्त शरीफ शाह द्वारा धारा-109 (1) बी0एन0 एस0 व 3/25/28 आर्म्स एक्ट के मामले में प्रस्तुत जमानत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई उपरांत पर्याप्त आधार नहीं पाते हुए न्यायालय ने प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

बेटी होने पर विवाहिता को घर से निकाला, चार पर मुकदमा दर्ज

महोबा। बेटी पैदा होने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता दर्शना का आरोप है कि बेटी होने के बाद ससुराल वाले उसे ताने देने लगे और एक लाख रुपए नकद व बाइक की अतिरिक्त मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की गई।करीब दो महीने पहले उसे घर से निकाल दिया गया। इसके बाद से वह अपनी दो साल की बेटी सियांशी के साथ मायके में रह रही है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अजनर थाना क्षेत्र के पठारी नौआबाद गांव निवासी दर्शना की शादी मई 2022 में महोबा कोतवाली क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव निवासी शिवनंदन सेन के साथ हुई थी। दर्शना का आरोप है कि बेटी पैदा होने के बाद पति शिवनंदन, ससुर राजू सेन, सास कोमल और देवर रघुवीर कहने लगे कि उन्हें लड़का चाहिए था, बेटी नहीं। इसके बाद उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। अजनर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे बताया कि दर्शना की शिकायत पर पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 115(2), 351 (3) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना एसआई राधेमोहन त्रिवेदी को सौंपी गई है।

ट्रांसफार्मर में काम के दौरान करंट लगने से संविदाकर्मी लाइनमैन की मौत

आटा(जालौन)। आटा अकोड़ी मार्ग पर शटडाउन लेकर ट्रांसफार्मर पर काम कर रहे विद्युत विभाग के संविदाकर्मी की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। ग्राम संधि निवासी नीतू कुशवाहा 22 वर्ष आटा पावर हाउस में संविदा विद्युतकर्मी के रूप में कार्यरत था। शुक्रवार शाम करीब चार बजे वह शटडाउन लेकर आटा कोड़ी मार्ग स्थित ट्रांसफार्मर पर मरम्मत का कार्य कर रहा था। आरोप है कि बिना रजिस्टर में एंट्री किए विद्युत आपूर्ति चालू कर दी गई, जिससे नीतू करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। घटना ने विद्युत विभाग की सुरक्षा व्यवस्था और शटडाउन प्रक्रिया के पालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

महिला जनसुनवाई में 15 शिकायतें पहुंचीं, 11 को मिला योजनाओं का लाभ लेने का मौका

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जनसुनवाई और महिला चौपाल आयोजित हुई। इसमें महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखीं। कुल 15 शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में मुख्य चिकित्साधिकारी अलका शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर पैगाम हैदर, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह और जिला कार्यक्रम अधिकारी इंद्रपाल सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए शिविरों का निरीक्षण भी किया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के छह और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के पांच आवेदन प्राप्त हुए। आयोग की सदस्य ने महिलाओं की समस्याओं के समाधान और पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया।

जनगणना की स्वगणना प्रक्रिया से अधिवक्ताओं को कराया परिचित



मौदहा। आगामी जनगणना की तैयारियों के तहत शुक्रवार को तहसील सभागार में एसडीएम करनवीर सिंह की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं की बैठक हुई। इसमें स्वगणना प्रक्रिया की जानकारी देकर अधिवक्ताओं से आमजन को जागरूक करने की अपील की गई। एसडीएम ने बताया कि आगामी जनगणना में नागरिक स्वयं अपने और परिवार से संबंधित जानकारियां ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। स्वगणना के दौरान सही जानकारी दर्ज करना जरूरी है। उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि वे पहले स्वयं प्रक्रिया को समझें और अपने संपर्क में आने वाले लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें, ताकि जनगणना का कार्य सही ढंग से पूरा हो सके। बैठक में बार एसोसिएशन अध्यक्ष शिवलाल पाल, महामंत्री विवेक दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष बृज किशोर त्रिवेदी, सुधाकर शर्मा, जमशेद अहमद, विवेक कुमार, शकील अहमद, संदीप प्रजापति, अजय प्रजापति, अवनीश कुमार, काजी अजमत और अनुराग यादव सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

उद्योग-व्यापार बंधु की बैठक में छह में पांच शिकायतों का निस्तारण

हमीरपुर। जिलाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक हुई। इसमें व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए।



बैठक में व्यापारियों की ओर से रखे गए छह बिंदुओं में पांच का निस्तारण किया जा चुका है। शेष एक मामले को भी जल्द हल करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। उन्होंने व्यापारियों और उद्यमियों से जनगणना-2027 के तहत 30 नवंबर तक स्व-गणना पूरी करने की अपील की। साथ ही कर्मचारियों और आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने को कहा। बैठक में सीडीओ अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उपायुक्त राज्य कर, सहायक आयुक्त राज्य कर दीपक सिंह समेत व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

दीपक से खपरैल के मकान में लगी आग गृहस्थी का सामान राख

कुरारा। थाना क्षेत्र के डामर गांव में दीपक की लौ से एक विधवा महिला के खपरैल वाले मकान में आग लग गई। आग से नकदी, जेवरात, कपड़े और अनाज समेत पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। पीड़िता ने एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान बताया है। जानकारी के अनुसार, रानी पत्नी स्व. लल्लू कोरी के मकान में दीपक की लौ से पर्दे में आग लग गई। शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे धुआं और लपटें देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। संकरा रास्ता होने के कारण दमकल वाहन घटनास्थल तक नहीं पहुंच सका। ग्रामीणों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। पीड़िता के अनुसार, आग में 20 हजार रुपये नकद, जेवरात, कपड़े, पासबुक, आधार कार्ड, दो कुंतल गेहूं, आटा, दाल और चना जल गया। मकान भी क्षतिग्रस्त हुआ है। घटना की सूचना लेखपाल को दी गई है।

बंदरों के हमले से युवक लहूलुहान, अब तक डेढ़ दर्जन लोग घायल

सुमेरपुर। इंगोहटा गांव में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार सुबह घर के बरामदे में सो रहे औलिया खान पर बंदर ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।



ग्रामीणों के अनुसार, बंदरों के हमले में अब तक करीब डेढ़ दर्जन लोग घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद समस्या से निजात दिलाने के लिए वन विभाग की ओर से प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। आए दिन हो रहे हमलों से ग्रामीणों में दहशत है। लोगों ने वन विभाग से बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

घर में घुसकर दिव्यांग महिला से छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

कुरारा। थाना क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव में घर में घुसकर दिव्यांग महिला से छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि 10 नवंबर की रात करीब आठ बजे गांव निवासी हिसाब सिंह पुत्र रामप्रसाद घर में घुस आया। उस समय वह चारपाई पर सो रही थी। आरोपी उसके साथ लेटकर छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर उसकी पुत्रियां मौके पर पहुंचीं तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रानी लक्ष्मीबाई की 198वीं जयंती पर, सिंहासन पर विराजमान प्रतिमा बनी आकर्षण

झांसी। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की 198वीं जयंती के अवसर पर 19 नवंबर को झाँसी में शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कर्मयोगी संस्था द्वारा वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई पार्क में राजधर्म आमंत्रण - मैं अपनी झाँसी नहीं दूंगी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. संदीप सरावगी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजन के दौरान वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस प्रतिमा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें महारानी लक्ष्मीबाई को सिंहासन पर विराजमान दर्शाया गया है। डॉ. सरावगी ने कहा कि पूरे भारत में सिंहासन पर विराजमान झाँसी की रानी की यह पहली और एकमात्र प्रतिमा है। उन्होंने इसे झाँसी के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश के लिए गौरव और सम्मान का विषय बताया। इसके साथ ही वीरांगना के त्याग, समर्पण और आदर्शों को समर्पित राजधर्म स्मारक का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर को दीपों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। रानी लक्ष्मीबाई पार्क, झाँसी दुर्ग और महारानी लक्ष्मीबाई से जुड़ी ऐतिहासिक इमारतें दीपों की रोशनी से जगमगा उठीं।

ईवीएम को लेकर भ्रांतियां दूर करने के लिए तहसील में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



गरौठा (झांसी)। ईवीएम मशीन को लेकर लोगों के बीच फैली भ्रांतियों को दूर करने और मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को गरौठा तहसील परिसर में प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी गरौठा के नेतृत्व में तहसील प्रशासन, पत्रकार बंधुओं, विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं एवं नगर के नागरिकों ने सहभागिता की। इस दौरान ईवीएम मशीन के माध्यम से मॉक मतदान कराया गया तथा मतदान के बाद मशीन में दर्ज वोटों की काउंटिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।प्रतिभागियों ने स्वयं वोट डालकर ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली को समझा और मशीन की गुणवत्ता व कार्यप्रणाली को परखा। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन के मन में ईवीएम को लेकर व्याप्त शंकाओं और भ्रांतियों को दूर कर मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूकता एवं विश्वास बढ़ाना रहा।

महानगर में आगमन पर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के वंशजों का सम्मान

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की कर्मभूमि झाँसी महानगरी में उनकी जयंती के अवसर पर एक भावुक और गौरवपूर्ण क्षण देखने को मिला। महारानी लक्ष्मीबाई के वंशज योगेश अरुण राव अपने परिवार के साथ झाँसी पहुंचे, जहां उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर एवं वर्तमान में नागपुर (महाराष्ट्र) में निवासरत योगेश अरुण राव, उनकी धर्मपत्नी प्रीति योगेश राव, पुत्र प्रियेश योगेश राव और पुत्री धनिका योगेश राव का डॉ. संदीप सरावगी द्वारा तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत पूरे परिवार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा स्मृति चिह्न के रूप में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा भेंट की गई। डॉ. संदीप सरावगी ने महारानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, शौर्य, राष्ट्रप्रेम और सर्वोच्च बलिदान का उल्लेख करते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई केवल झाँसी की ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश की गौरवशाली विरासत हैं। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने, स्वाभिमान के साथ जीने और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता रहेगा। झाँसी उनकी कर्मभूमि रही है और यहां की मिट्टी में आज भी उनकी वीरता और बलिदान की गाथाएं जीवंत हैं।इस अवसर पर संदीप नामदेव, भूरी देवी, नेहा, प्रमेन्द्र, बसंत गुप्ता, सुशांत गुप्ता, राजू सेन, धर्मेंद्र खटीक, नीतू, रसकेंद्र, दीपक, रहीस आदि उपस्थित रहे।

प्रवक्ता राजेशचंद्र की माताजी के निधन पर जताया शोक

गुरसरांय। खेर इंटर कॉलेज के इतिहास के प्रवक्ता राजेश चंद्र की माता जी श्रीमती राम देवी एवं विद्यालय के कर्मचारी देवेंद्र पटेल बालू प्रधान के चाचाजी के निधन पर एक शोक सभा विद्यालय में प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें विद्यालय परिवार ने शोक व्यक्त कर मृतक आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कीद्य इस दौरान बालक एवं बालिका विभाग के अध्यापक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

न्यायिक अधिकारियों ने नगर में संचालित वृद्धाश्रम व आश्रय-गृह का किया निरीक्षण



उरई(जालौन)। जिले के न्यायिक अधिकारियों ने नगर में संचालित दो शैल्टर होम राठ रोड में संचालित वृद्धाश्रम व लहरियापुरवा स्थित आश्रय-गृह का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बहुत व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। न्यायिक अधिकारियों ने दोनों आश्रय स्थलों में रह रहे आश्रितों के रहन-सहन, खानपान, चिकित्सा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी व्यवस्थाओं को जांचा-परखा। सबसे पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा राठ रोड में स्वैच्छिक संस्था शिवा ग्रामोत्थान सेवा संस्था, एफ-473 गुजैनी रतनलाल नगर, कानपुर नगर के सहयोग से संचालित वृद्धाश्रम में निरीक्षण के दौरान 115 संवासी उपस्थित मिले। उपस्थित पंजिका के अनुसार रात्रिकालीन कर्मचारीगण व स्टाफनर्स अर्चना को छोड़कर सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। स्टाफ नर्स अर्चना के बारे में पूछे जाने पर प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि स्टाफ नर्स जिला अस्पताल में संवासियों के इलाज को गई हैं। संवासियों से पूछा गया कि उन्हे चाय-नाश्ता और सुबह-शाम का भोजन समय से मिल रहा है या नहीं, इस पर बताया गया कि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार मिल रहा हैं। वृद्धाश्रम की मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण कि जिला परिषद के सहयोग से मु. लहरियापुरवा में लखनऊ के एनजीओ द्वारा संचालित आश्रय गृह में न्यायिक अधिकारियों ने जांच-पड़ताल की। मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर समस्त दवायें सही व व्यवस्थित पायी गयी। इस दौरान अपर जिला जज प्रथम सतीश चन्द्र द्विवेदी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनाली चन्द्रा लिपिक शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे।

डीएम ने कलेक्ट्रेट में ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का किया शुभारंभ, स्वयं डाला डेमो वोट वीवीपैट से किया सत्यापन

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।



आगामी विधानसभा सामान्य के दृष्टिगत मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की व्यवहारिक जानकारी देने और ईवीएम व वीवीपैट के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को में ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर शुरु किए गए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में 20 नवंबर से शुरु हुई इस व्यवस्था के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम समीर ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं ईवीएम के माध्यम से डेमो वोट डाला और वीवीपैट पर प्रदर्शित पर्ची देखकर अपने मत का सत्यापन किया। डीएम ने डेमो मतदान के माध्यम से ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने बताया कि ईवीएम के साथ वीवीपैट मशीन की व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से मतदाता यह देख सकते हैं कि उनके द्वारा चुने गए प्रत्याशी के पक्ष में ही वोट दर्ज हुआ है। ईवीएम पर बटन दबाने के बाद वीवीपैट की स्क्रीन पर कुछ सेकंड के लिए एक पर्ची दिखाई देती है, जिस पर संबंधित प्रत्याशी का क्रमांक, नाम व चुनाव चिह्न अंकित होता है। इस प्रकार मतदाता स्वयं अपने डाले गए डेमो वोट का सत्यापन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों माधौगढ़, कालपी व उरई की तहसीलों में ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त कलेक्ट्रेट परिसर में भी यह सुविधा उपलब्ध है। इन केंद्रों पर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कोई भी व्यक्ति पहुंचकर डमी बैलेट पेपर के माध्यम से डेमो मतदान कर सकता है। केंद्रों पर मास्टर ट्रेनर व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे, जो ईवीएम के संचालन, मतदान की प्रक्रिया साथ ही वीवीपैट से मत सत्यापन के संबंध में लोगों को जानकारी देंगे।

महिला ने पुलिसकर्मियों पर लगाया अभद्रता का आरोप

महोबा। जिले के कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के मंगरौलकला गांव में एक महिला ने पुलिसकर्मियों पर घर में घुसकर मारपीट और अभद्रता करने का आरोप लगाया है। महिला का दावा है कि विरोध करने पर पुलिसकर्मियों ने उसका ब्लाउज फाड़ दिया और गले से लॉकेट छीन लिया। वह टूटा पुलिस बैज और घड़ी लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँची वहीं कुलपहाड़ कोतवाली प्रभारी ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है। महिला विनोद कुमारी के मुताबिक, 18 नवंबर की रात करीब तीन बजे वह खेत पर बने मकान में अकेली सो रही थी। इसी दौरान कुलपहाड़ कोतवाली की बेलाताल चौकी के पुलिसकर्मी उसके बेटे आशीष के बारे में पूछने पहुंचे। महिला ने उन्हें बताया कि उसका बेटा महोबा में अपनी बहन के साथ रह रहा है। महिला का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने लात मारकर दरवाजा तोड़ा और घर में घुस आए। विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। महिला ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने गले से लॉकेट छीन लिया। पीड़िता के मुताबिक, शोर सुनकर पड़ोसी राजबहादुर और मुकेश पंडित मौके पर पहुंचे। महिला का दावा है कि उनके पहुंचने से उसकी जान बची। उसने बताया कि खुद को बचाने की कोशिश में एक पुलिसकर्मी का लाल-नीली पट्टी वाला बैज उसके हाथ में आ गया और उसकी घड़ी टूटकर गिर गई। इसके बाद वह बैज और घड़ी लेकर एसपी कार्यालय पहुंची और 1090 पर कॉल कर शिकायत की। कुलपहाड़ कोतवाली प्रभारी अनूप सिंह ने गुरुवार शाम करीब पांच बजे महिला के आरोपों को बेबुनियाद बताया। पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध गतिविधियों के मामले में गांव में पूछताछ के लिए दबिश दी गई थी, लेकिन पुलिसकर्मी महिला के घर नहीं गए और न ही कोई विवाद हुआ। पुलिस का कहना है कि महिला का बेटा आशीष आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहता है और उसका आपराधिक इतिहास है। पुलिस के अनुसार, महिला अपने बेटे के खिलाफ कार्रवाई रोकने के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से आरोप लगा रही है।

जिले में ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों का हुआ शुभारंभ

- मतदाता स्वयं मतदान कर समझ सकेंगे मशीनों की कार्यप्रणाली
- तीनों तहसीलों में भी स्थापित किए गए केंद्र

समृद्धि न्यूज़, महोबा।



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जनपद के नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वीवीपैट (VVPAT) की कार्यप्रणाली के प्रति जागरूक करने तथा मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं विश्वास को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से आज जनपद महोबा में ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों का शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का उद्घाटन जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभाष कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं ईवीएम के माध्यम से डेमो वोट डालकर मशीनों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। इसी क्रम में जनपद की तीनों तहसीलों महोबा सदर, चरखारी एवं कुलपहाड़ में संबंधित उप जिलाधिकारियों द्वारा तहसील परिसरों में ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इन केंद्रों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर नए एवं युवा मतदाताओं को बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपैट मशीन की कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है। प्रदर्शन केंद्रों पर आने वाला कोई भी नागरिक स्वयं ईवीएम का बटन दबाकर मॉक वोट डाल सकता

युवाओं और नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए भाजपा ने बनायी रणनीति

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। महानगर के शहर पश्चिमी विधानसभा में मतदाता जोड़ो अभियान के तहत शुक्रवार को आरडी गार्डन में आयोजित हुई कार्यशाला में युवाओं और नए मतदाताओं को जोड़ने पर रणनीति पर चिंतन मंथन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि महानगर के परिश्रमी कार्यकर्ता अभियान को सफल बनाने में कोई कोर कसर न छोड़ें। यही अंतिम अवसर है जब हमें तीनों विधानसभा सहित महानगर के सभी 15 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर जाकर मतदाताओं को जोड़ना है। बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर हर कार्यकर्ता अभियान को सफल बनाए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि इस अभियान के तहत उन लोगों पर विशेष ध्यान दिया जाए जिनके नाम वर्तमान में गांव की मतदाता सूची में दर्ज हैं, लेकिन शहर पश्चिमी के शहरी क्षेत्र की सूची में नहीं हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर ऐसे पात्र मतदाताओं के नाम नियमानुसार शहरी सूची में जुड़वाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को लेकर विपक्ष के फैलाये हुए भ्रम को जनता के बीच जाकर दूर करने की आवश्यकता है। 2027 का रण करीब है और इसी मतदाता सूची के आधार पर हमें चुनाव मैदान में उतरना है। महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में विधानसभा के हर बूथ पर मतदाता जोड़े जाएं पार्टी कार्यकर्ताओं को इसका विशेष ध्यान रखना होगा। अभियान में ढिलाई बिल्कुल भी न बरतें। तीसरी बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर मतदाता जोड़ो अभियान में उतरें कार्यकर्ता। संचालन जिला उपाध्यक्ष कुंज बिहारी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के निधन की सूचना पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधानसभा प्रभारी अश्वनी कुमार द्विवेदी, राम जी शुक्ला, कमलेश गौतम, रमेश पासी, राजू राय, मंजीत कुशवाहा, शिवम पांडेय, पार्षद दुर्गेश नंदिनी, पार्षद दिग्विजय कुशवाहा, पार्षद मिथलेश सिंह, अखिलेश सिंह, भगवान दास, अरुण चौहान भाजपा मीडिया विभाग के विवेक मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियां अधूरी, घाटों पर श्रद्धालुओं की बढ़ेंगी मुश्किलें

16 से अधिक घाटों पर होना है गंगा स्नान, गंदगी, बदहाल सड़कें और क्षतिग्रस्त घाट खोल रहे विभागीय दावों की पोल

समृद्धि न्यूज ब्यूरो



डलमऊ (रायबरेली)। ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेले में अब महज तीन दिन शेष हैं, लेकिन मेला क्षेत्र में तैयारियां अभी अधूरी हैं। प्रशासन की ओर से व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दावे किए जा रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत इसके उलट है। जगह-जगह फैली गंदगी, बजबजाती नालियां और गंगा में गिरते गंदे नाले विभागीय लापरवाही की तस्वीर बयां कर रहे हैं। ऐसे में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।कार्तिक पूर्णिमा पर डलमऊ के 16 से अधिक घाटों पर गंगा स्नान की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन आधा दर्जन घाट अभी भी स्नान के लिहाज से सुरक्षित नहीं हैं। बड़ा मठ से राजा निवाज सिंह घाट के बीच तराई क्षेत्र में गंगा की धारा से हुए कटान के कारण घाटों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। फतेहपुर मार्ग से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में तराई घाट, श्मशान घाट और बड़ा मठ क्षेत्र में उबड़-खाबड़ घाट स्नान करने वालों की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं।वहीं, मेला क्षेत्र की सड़कें भी बदहाल हैं। लोक निर्माण विभाग के दावों के बावजूद कई मार्ग दुरुस्त नहीं हो सके हैं। सिंचाई विभाग की ओर से नहर की पटरी की सफाई में भी खानापूर्ति की गई है। चौरासी मोहल्ले से लालगंज मार्ग पर कंटीली झाड़ियां श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का सबब बन सकती हैं। मेले में पेयजल, बिजली और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि तीन दिन में विभागीय तैयारियां कैसे पूरी होंगी। समय रहते व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हुईं तो श्रद्धालुओं को अव्यवस्थाओं का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

प्रधानपति सहित सोलह लोगों पर घर मे घुस कर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुरवा में प्रधानपति की दबंगई का मामला सामने आया है। जमीन पर इंटर लॉकिंग कार्य का विरोध करने पर प्रधानपति सहित 16 लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज हुआ है। वादी राघवेंद्र सिंह पुत्र रामनगीना सिंह निवासी ग्राम शेखपुरवा ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि बीते 10 नवंबर की सुबह करीब 9 बजे ग्राम प्रधान पति द्वारा प्रतिपक्षी रूद्रप्रकाश सिंह की जमीन पर इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा था। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो रूद्रप्रकाश सिंह, कमलेश सिंह, अशोक सिंह, संदीप, विवेक, प्रिन्स, अर्चना, मंजू, सुनीता, कौशल्या, राहुल, चन्दन, धर्मेन्द्र, अंशु, नितु और आदित्य ने एकजुट होकर मारपीट शुरू कर दी। तहरीर के अनुसार जान बचाकर जब वादी अपने घर में घुसा तो आरोपी दरवाजे पर चढ़कर मारने पिटने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे। इस मामले में थाना कप्तानगंज में मुकदमा अपराध संख्या 0439/2026 को भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 191(2), 115(2) व 351(3) के तहत दर्ज किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार प्रधानपति रूद्रप्रकाश सिंह के खिलाफ यह पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी उनके खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि कप्तानगंज थाने में ही उनके खिलाफ एक मुकदमा दर्ज है, जिसमें उन पर अपने को एसपी बताकर पैसा वसूली करने का आरोप लगा था। लोगो का कहना है कि प्रधानपति क्षेत्र में खुद को एक विधायक का प्रतिनिधि बताता हैं और अपने पद के प्रभाव का इस्तेमाल करता है। आरोप है कि गांव के कई विकास कार्यों मे अपने प्रधान पत्नी के साथ अपना भी नाम शिलापट्ट पर दर्ज कराता है। गांव मे ही कई मामले मे विवादस्पद रहा है इसके खिलाफ कई जाँच शासन मे लंबित है।

डीएम ने खाद बिक्री केंद्र का किया औचक निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़

महराजगंज : किसानों को उर्वरकों की समयबद्ध एवं सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा उर्वरक बिक्री व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. के निर्देश पर आज इफको किसान सेवा केन्द्र, पिपरदेउरा, महराजगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उर्वरक बिक्री केन्द्र खुला मिला तथा किसानों को उर्वरकों का वितरण किया जा रहा था। केन्द्र पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। पॉश मशीन में दर्ज स्टॉक के अनुसार गोदाम में 45.405 मीट्रिक टन यूरिया, 11 मीट्रिक टन डीएपी तथा 20.95 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध पाया गया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर का भी मिलान कर व्यवस्था की जांच की गई।जिलाधिकारी द्वारा उर्वरकों की निर्धारित मूल्य पर बिक्री की जांच हेतु दो किसानों से मोबाइल फोन पर रैंडम आधार पर वार्ता की गई। ग्राम दरहटा निवासी रामशंकर ने बताया कि उन्होंने 18 नवम्बर को 02 बोरी यूरिया एवं 03 बोरी डीएपी तथा ग्राम रूधौली भावचक निवासी पुरुषोत्तम वर्मा ने बताया कि उन्होंने 19 नवम्बर को 02 बोरी यूरिया एवं 02 बोरी डीएपी निर्धारित मूल्य पर खरीदी है। दोनों किसानों ने निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध होने की पुष्टि की। मौके पर उपस्थित अन्य किसानों से भी उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लिया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी आदित्य पाण्डेय को निर्देशित किया गया कि केन्द्र प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक अनिवार्य रूप से खुला रखा जाए तथा यूरिया, डीएपी सहित सभी प्रमुख उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखी जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानी न हो। किसानों को डीएपी के साथ-साथ एनपीके उर्वरकों के उपयोग के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यूरिया एवं डीएपी के साथ किसी भी अन्य उत्पाद की जबरन टैगिंग कर किसानों को बिक्री न की जाए। प्रत्येक किसान को फार्मर रजिस्ट्री एवं खतौनी के आधार पर नियमानुसार निर्धारित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए तथा बिक्री निर्धारित दर पर ही सुनिश्चित की जाए। उर्वरक वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा किसानों के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी आदित्य पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह एवं जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे।


मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत 21 नवम्बर को सभी मतदेय स्थलों पर चलेगा विशेष अभियान

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि आगामी 01 जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 21 नवंबर को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए बताया है कि विशेष अभियान दिवस पर सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने निर्धारित मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने, नाम अपमार्जित कराने तथा मतदाता विवरण में संशोधन से संबंधित दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फार्म-6, अपात्र अथवा मृतक मतदाताओं का नाम हटवाने के लिए फार्म-7 तथा मतदाता सूची में दर्ज विवरण में संशोधन, निवास स्थान परिवर्तन अथवा मतदाता पहचान पत्र से संबंधित सुधार के लिए फार्म-8 भरा जा सकता है। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील किया है कि वे अपने एवं अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र सदस्य का नाम सूची में छूट गया है अथवा किसी प्रकार की त्रुटि है तो संबंधित मतदेय स्थल पर पहुंचकर बीएलओ के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र भरकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल होना लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक है। ऐसे में सभी नागरिक विशेष अभियान दिवस का लाभ उठाते हुए मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में सहयोग करें। दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि आगामी 16 दिसंबर निर्धारित है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में वादी पक्षों के बीच एकरूपता न होने पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

समृद्धि न्यूज़



प्रयागराज। श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से जुड़े मुकदमों में शुक्रवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना की एकलपीठ ने कुल 18 वादों पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वादी पक्षों के बीच एकरूपता न होने पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी में कहा, जब अभी सुनवाई के दौरान ही इतना भ्रम है और वादियों में एकरूपता नहीं दिख रही, तो साक्ष्य के स्तर पर क्या हाल होगा। इस तरह की स्थिति में मुकदमों को आगे बढ़ाना कठिन होगा। कोर्ट ने बेवजह और अस्पष्ट अर्जियां दाखिल करने पर भी नाराजगी जताई। साफ कहा कि आगे से इस तरह की बेसिर-पैर की अर्जियां आईं तो हर्जाना लगाया जाएगा। अब सभी वादों में अगली सुनवाई 10 दिसंबर को दोपहर दो बजे होगी। वाद संख्या नौ में मंदिर पक्ष के अधिवक्ता सौरभ तिवारी के अनुसार सुनवाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) ने वाद संख्या-1 सहित तीन अन्य वादों में लिखित बयान दाखिल करने के लिए तीन दिन का समय मांगा। इस पर कोर्ट ने तीन दिन के भीतर लिखित बयान दाखिल करने का आदेश दिया। कोर्ट ने आवेदन संख्या 60 और 61 को निष्प्रभावी होने के आधार पर खारिज कर दिया। पहला आवेदन दस्तावेजों के दाखिल खारिज (एडमिशन-डिनायल) की कार्रवाई पूरी कराने को लेकर था। दूसरा आवेदन 11 जनवरी 2024 के आदेश को वापस लेने को लेकर था। प्रतिवादी संख्या-2, कमेटी ऑफ मैनेजमेंट ट्रस्ट शाही मस्जिद ईदगाह की ओर से अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने कहा कि दोनों आवेदन अब बेमतलब हो चुके हैं। कोर्ट ने इस तर्क को मान लिया। एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने वाली अर्जी पर फिलहाल कोई आदेश नहीं दिया गया। कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए इस स्तर पर कोई आदेश नहीं दिया जाएगा। यह वाद अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने दायर किया है।

दुष्कर्म, पॉक्सो और अपहरण के मामलों में तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गए जेल

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर । जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कुशीनगर पुलिस ने शुक्रवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और अपहरण से जुड़े मामलों में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। तरयासुजान, अहिरौली बाजार और खड्डा थाने की पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार तरयासुजान पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट से संबंधित मुकदमे में वांछित टुन्नू राम पुत्र सुदामा राम निवासी दौनहा नौका टोला, थाना धनहा, जनपद पश्चिमी चंपारण (बिहार) को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध थाना तरयासुजान में मु0अ0सं0 314/2026 के तहत बीएनएस की धारा 137(2), 87, 64 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 में मुकदमा दर्ज है। वहीं अहिरौली बाजार पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित राजवीर सिंह पुत्र हरिशंकर सिंह निवासी छपिया को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध मु0अ0सं0 248/2026 में बीएनएस की धारा 74, 126(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत मुकदमा दर्ज है। इसी क्रम में खड्डा पुलिस ने अपहरण और पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामले में वांछित अनवर अंसारी उर्फ समीर पुत्र ताज मोहम्मद निवासी वार्ड नंबर 11, नेहरू नगर, नगर पंचायत खड्डा को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध मु0अ0सं0 273/ 2026 में बीएनएस की धारा 137(2), 87 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 16/17 के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों के ख़िलाफ़ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

डीएम ने छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का किया आह्वान

समृद्धि न्यूज़



महाराजगंज : मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज महाराजगंज में छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी के प्रति जागरूक किया उन्होंने युवाओं से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा परिवार और समाज के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए मतदान की भूमिका, मताधिकार के महत्व तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक मतदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान केवल नागरिक का अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। जागरूक मतदाता अपने विवेक और स्वतंत्र विचारों के आधार पर योग्य जनप्रतिनिधि का चयन कर देश और समाज के विकास में योगदान देता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार के प्रलोभन, दबाव या भय से प्रभावित हुए बिना स्वतंत्र रूप से निर्णय लेना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल भावना है। युवाओं की भागीदारी से मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी। डीएम ने विशेष रूप से छात्र-छात्राओं से मतदाता जागरूकता अभियान का सक्रिय सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, पड़ोसियों और आसपास के लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताएं तथा अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें।उन्होंने बताया कि ऐसे युवा, जो एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन करें। इसके लिए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के पास पर्याप्त संख्या में फॉर्म-6 उपलब्ध हैं। पात्र युवा फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करा सकते हैं। उन्होंने अन्य पात्र नागरिकों से भी मतदाता बनने की प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह किया।इस अवसर पर जॉइंट मजिस्ट्रेट सदर ने भी छात्र-छात्राओं से लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य अजय मिश्रा ने जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

देवोत्थान एकादशी के साथ जाग्रत हुए भगवान विष्णु बजे घंटे-घड़ियाल, शुभ एवं मांगलिक कार्य शुरू

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। भगवान विष्णु के चार माह तक शयन करके पुनः जाग्रत होने पर सनातन धर्मावलंबियों ने उत्सव मनाया। कार्तिक शुक्लपक्ष की एकादशी पर शुक्रवार की भोर से मठ-मंदिरों व घरों में घंटा-घड़ियाल, शंख का वादन करके भगवान के जाग्रत होने की खुशी मनाई गई। संतों व भक्तों ने कीर्तन करके प्रभु की महिमा का बखान किया। मंत्रोच्चार के बीच पंचामृत व गन्ना के रस से भगवान विष्णु, लड्डू गोपाल, श्रीराम की प्रतिमा का अभिषेक करके पूजन किया गया। उन्हें गन्ना, सिंघाड़ा, फल, मिष्ठान, तुलसी की पत्ती अर्पित करके विधि-विधान से पूजन करने वाले श्रद्धालुओं में उत्साह रहा। भगवान विष्णु के जाग्रत होने पर शुभ व मांगलिक कार्य पुनः आरंभ हो गए। गृहप्रवेश, यज्ञोपवीत, नामकरण, नए प्रतिष्ठान का शुभारंभ जैसे कार्य होने लगे। अभी तक शुभ व मांगलिक कार्य रुके थे। भगवान विष्णु आषाढ़ शुक्लपक्ष की एकादशी तिथि से शयन कर रहे थे, जिससे समस्त शुभ व मांगलिक कार्य रुके थे। देवोत्थान एकादशी पर संगम, गंगा व यमुना के पवित्र जल में भोर से स्नान शुरू हो गया। स्नान-दान करने के बाद लोगों ने घरों में भगवान विष्णु का पूजन किया। देवोत्थान एकादशी पर शादी-विवाह शुरू हो गए हैं। पवित्र तिथि पर चहुंओर बैंडबाजा, बरात की धूम रही। शहर के हर गेस्ट हाउसों में विवाह हुए। सैकड़ों जोड़े सातफेरे लेकर विवाह के बंधन में बंध गए। बरातियों के निकलने पर सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। सीएमपी के सामने, सिविल लाइंस, कटरा, जानसेनगंज, लूकरगंज, मुट्ठीगंज, नैनी, फाफामऊ, झूंसी, सुलेम सरायं, ट्रांसपोर्टनगर, नैनी, झूंसी, फाफामऊ सहित हर प्रमुख मुहल्ला की सड़कों पर बारात निकलने से राहगीरों को काफी दिक्कत हुई।

पुलिस ने बरामद किए 101 गुमशुदा मोबाइल मालिकों को सौंपे

आठ माह में दो करोड़ 31 लाख के मोबाइल फोन हुए बरामद

समृद्धि न्यूज़

महाराजगंज : गुमशुदा और खोए हुए मोबाइल फोन को बरामदगी के लिए पुलिस लगातार तकनीक आधार पर आधारित अभियान चला रही है ।इसी क्रम में पुलिस ने सी ई आई आर पोर्टल और आधुनिक तकनीकी संसाधनों की मदद से 101 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिया ।मोबाइल फोन वापस मिलने पर लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। कई लोगों ने बताया कि मोबाइल फोन केवल संचार का साधन ही नहीं बल्कि उनकी निजी जानकारी ,जरूरी दस्तावेज, संपर्क और दैनिक कार्यों से जुड़ा महत्वपूर्ण उपकरण है। ऐसे में मोबाइल की बरामदगी से लोगों को आर्थिक नुकसान से राहत मिलने के साथ ही उनकी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा को लेकर भी भरोसा मिला है पुलिस की ओर से गुमशुदा मोबाइल फोन की शिकायतों पर तकनीकी माध्यमों से लगातार कार्रवाई की जा रही है। सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोन के आईएम ई आई नंबर को ट्रैक करने, संदिग्ध उपयोग की जानकारी जुटाने और मोबाइल की लोकेशन एवं नेटवर्क संबंधी तकनीकी सूचनाओं के आधार पर बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

अनियंत्रित बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, युवक घायल

रायबरेली। रहीमगंज-नसीराबाद मार्ग पर बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक भी घायल हो गया। बुजुर्ग ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।जानकारी के अनुसार, नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे बंशी मजरे थौरी निवासी हरिश्चन्द्र पाल (70) पुत्र रामपाल बुधवार शाम करीब सात बजे खाना खाने जा रहे थे। इसी दौरान पूरे बंशी गांव के सामने नसीराबाद के मोहल्ला नाका निवासी अशरफ पुत्र नसीम बाइक संख्या यूपी 33 बीएस 1185 से तेज रफ्तार में पहुंचा और बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों

गंगा एक्सप्रेसवे : डिवाइडर से टकराकर पलटी वैन, चालक की मौत, 11 घायल

महाराष्ट्र से काशी विश्वनाथ दर्शन करने जा रहे थे श्रद्धालु, तीन की हालत गंभीर

समृद्धि न्यूज ब्यूरो

जगतपुर (रायबरेली)। गंगा एक्सप्रेसवे पर बृहस्पतिवार को चालक को झपकी आने से श्रद्धालुओं से भरी वैन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन पलट गई। हादसे में चालक की मौत हो गई, जबकि 11 श्रद्धालु घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के जालना जिले से एक परिवार वैन में सवार होकर काशी विश्वनाथ के दर्शन करने जा रहा था। वैन में गनराज, उनके साले रविंद्र समेत परिवार के अन्य सदस्य सवार थे। जगतपुर थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 505 के पास चालक उमेश (27) पुत्र मोतीलाल निवासी पीरबाओडा, थाना संभाजीनगर, महाराष्ट्र को झपकी आ गई। इससे वैन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। हादसे में चालक समेत सभी सवार घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और एक्सप्रेसवे की एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी जगतपुर पहुंचाया। यहां चिकित्सक डॉ. लईक अहमद ने चालक उमेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल केजू (35), रविंद्र (40) और योगिता (36) को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का सीएचसी में उपचार चल रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष, पीएम सहित लाखों ने दी प्रदेश अध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई

महाराजगंज : केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन , प्रधानमन्त्री भारत सरकार सहित लाखों लोगों ने जन्मदिन की बधाई दी वहीं श्री चौधरी के संसदीय क्षेत्र महराजगंज में जगह-जगह लोगों ने जन्मदिन के अवसर पर अपने प्रिय नेता का जन्मदिन मनाया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के जन्म दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से प्रार्थना किया कि उनका जीवन सुख ,समृद्धि और आरोग्य से परिपूर्ण रहे। इसी प्रकार लाखों भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों ने प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन अवसर पर उनके सुख समृद्धि की ईश्वर से कामना की।

डीएम ने कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज़

महराजगंज, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने कान्हा गोशाला चिउरहा का स्थलीय निरीक्षण कर गोवंश के संरक्षण, चारा, स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गोशाला में वर्तमान में 106 गोवंश संरक्षित हैं, जिनमें 78 नंदी और 28 गाय शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान गोशाला में उपलब्ध भूसा, चूनी, चोकर, गुड़ और पशु आहार की जानकारी ली। हरे चारे की नियमित उपलब्धता होने तक वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पशु चिकित्सकों को नियमित भ्रमण कर बीमार एवं कमजोर गोवंश का उपचार सुनिश्चित करने को कहा। आगामी शीत ऋतु को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को गोवंश के लिए पर्याप्त चारा, स्वच्छ पेयजल और ठंड से जबचाव के इंतजाम समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोवंश के संरक्षण एवं देखभाल में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंश को गुड़ एवं चना खिलाया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

भगवान विष्णु के जागते ही शुरू हो गए मांगलिक कार्य, चातुर्मास का हुआ समापन

छिबरामऊ, कन्नौज। हरि प्रबोधिनी एकादशी पर शुक्रवार को भगवान विष्णु के योगनिद्रा से जागने के साथ ही चातुर्मास का समापन हो गया। इसके बाद से विवाह, गृह प्रवेश, विवाह संस्कार, गोद भराई सहित अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि भगवान विष्णु आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी को योगनिद्रा में चले गए थे। इसी के साथ चातुर्मास का शुभारंभ हुआ था। 20 नवंबर को हरि प्रबोधिनी एकादशी पर भगवान विष्णु के जागने के साथ चातुर्मास व्रत का विराम हो गया। इस अवसर पर भगवान विष्णु को विधि-विधान से सिंघाड़ा, गन्ना आदि का भोग लगाया गया। इसके बाद शंख, घंटा और घड़ियाल बजाकर भगवान को जगाया गया। पुजारी ने पूजा-अर्चना के बाद शंखनाद कर सभी के कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने कामना की कि भगवान के जागने से सभी का भाग्य जागे और हर कोई सुखी, स्वस्थ, निरोगी तथा प्रसन्न रहे। पूजा के बाद मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

महिला से छेड़छाड़ और मारपीट कर झोपड़ी में लगाई आग

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंजारन नगला में खेत में पानी लगा रही 65 वर्षीय महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने गांव के ही पिता-पुत्र पर अभद्रता, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के साथ झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाया है। आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। गांव निवासी विमला देवी पत्नी महेश चंद्र ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 19 नवंबर को वह घर के पास खेत में पानी लगा रही थीं। तभी गांव का एक व्यक्ति वहां पहुंचा और उनके साथ जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर उन्होंने शोर मचाया तो उनका पुत्र और 15 वर्षीय बेटी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद उक्त व्यक्ति का पुत्र भी आ गया। दोनों ने महिला और उनके बच्चों के साथ मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। उनकी झोपड़ी में भी आग लगा दी गई, जिससे सामान जल गया। बेटे ने कसाबा चौकी पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप लगाया।

खेत में आलू की फसल बुआई के दौरान निकली नंदी बाबा की विशाल मूर्ति, दर्शन पाने को उमड़ा जनसैलाब

- मामला कन्नौज जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के चौराचांदपुर गांव का।
- मौके पर पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने खुदाई कराकर मूर्ति को स्थानीय मंदिर में कराया स्थापित

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। खेत में आलू फसल की बुआई के दौरान नंदी बाबा की विशाल मूर्ति निकलने की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सूचना पर मौके पर पुलिस और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी भी पहुंचे। मूर्ति को स्थानीय मंदिर में स्थापित कराया गया है बताते चलें कि, सदर कोतवाली के चौराचांदपुर गांव में आलू की फसल बुआई कार्य चल रहा है। इसी गांव के खेत स्वामी शंभू खान उर्फ विरासत भी अपने खेतों पर आलू बुआई को लेकर खेत की खुदाई करवा रहे थे। जिस समय खेत पर कार्य चल रहा था इसी दौरान खुदाई के दौरान मिट्टी के अंदर से एक विशाल मूर्ति निकली। खेत पर कार्य कर रहे लोगों ने देखा तो बताया कि, विशाल मूर्ति नंदी महराज की है, इसके अलावा मूर्ति का अनुमानित वजन 5/6 क्विंटल बताया जा रहा है। खबर आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में पहुंची तो बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। सूचना पर स्थानीय पुलिस और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी जिला संयोजक पंकज कुमार भी संगठन के अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से मूर्ति को स्थानीय मंदिर में स्थापित कराया गया।

मंदिर में नंदी की मूर्ति स्थापित होते ही लोगों की भीड़ दर्शन को मंदिर पहुंचने लगी। खेत पर मौजूद ग्रामीण बबलू ने नंदी मूर्ति कैसे निकली इसके बारे में बताया।

मामले में विहिप की ओर से दावा किया गया कि, जिस खेत से नंदी बाबा की मूर्ति मिली है, वहां पहले एक प्राचीन मंदिर हुआ करता था। संगठन के पदाधिकारियों ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से खेत में पुरातात्विक जांच और व्यवस्थित खुदाई कराने की मांग की है।पदाधिकारियों का कहना था कि, जांच के दौरान खेत से अन्य प्राचीन मूर्तियां और पुरातात्विक अवशेष भी मिल सकते हैं।गांव में मौके पर पहुंची पुलिस ने नंदी बाबा के दर्शन को आस्था के चलते उमड़ रही भीड़ को व्यवस्थित किया।

मामले में संबंधित विभागीय अधिकारियों की माने तो खेत से मिली मूर्ति की प्राचीनता और मंदिर होने के दावे की बात अधिकारिक पुष्टि और पुरातात्विक जांच के बाद ही होने की बात कही जा रही है।

पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. बबिता यादव के दिशा-निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

विद्यार्थियों ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आकर्षक पोस्टर बनाए। पोस्टरों के माध्यम से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, यातायात संकेतों का पालन करने तथा सुरक्षित वाहन चलाने का संदेश दिया गया। प्रतियोगिता का संयुक्त आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक असिस्टेंट प्रोफेसर सर्वेश कुमार और एनएसएस प्रभारी डॉ. आशीष गुप्ता ने किया।

इस दौरान डॉ. उदय पाल सिंह, डॉ. प्रियंका, डॉ. धर्मवीर सिंह, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. राघवेंद्र प्रताप, अमित कुमार शुक्ला, कार्यालय अधीक्षक मोहम्मद साबिर, गौरव मिश्रा, सत्यम गुप्ता, कुलदीप शुक्ला, जितेंद्र बाबू और संजेश कुमार सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

वंचित जातियों के लोगों को घुमंतू कहने पर भड़के प्रदर्शनकारियों ने लगाए मंत्री मुर्दाबाद और आरक्षण लागू करो के नारे

- मामला कन्नौज जिला कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर राष्ट्रहित इंडियन पार्टी (सेक्यूलर) के पदाधिकारियों के प्रदर्शन का।
- जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रदर्शनकारियों ने भेजा ज्ञापन।
- राष्ट्रहित इंडियन पार्टी ने प्रदर्शन के दौरान सरकार से की अपनी मांगों को मानने की अपील।

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। जिला कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शनकारियों ने राजनीति में शून्य भागीदारी रखने वाली सभी वंचित जातियों के लोगों को घुमंतू कहने पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आरक्षण को लागू करने का भी उदघोष किया। बताते चलें कि, विगत दिन कन्नौज शहर के बोर्डिंग मैदान में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया था। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ भी पहुंची थी। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी सरकार के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी पहुंचे थे। इसके अलावा समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण सहित बड़ी संख्या में बीजेपी के नेता भी कार्यकम में शामिल हुए थे। शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर प्रदर्शनकारी (राष्ट्रीय इंडियन पार्टी/सेक्युलर)राष्ट्रीय अध्यक्ष जानंद गिहार, राजीव गिहार, अगर गिहार, आंसय लोधी आदि नारेबाजी करते हुए पहुंचे। उनका कहना था कि,

उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के द्वारा एससी, एसटी, ओबीसी की वंचित बेरोजगार, निरक्षर, आवासहीन भूमिहीन, वित्तविहीन, सदियों से राजनीति में शून्य भागीदारी रखने वाली सभी वंचित जातियों के लोगों को घुमंतू कहकर अपमानित ना किया जाए। बल्कि ऐसी सभी वंचित जातियों को आरक्षण के तहत सभी क्षेत्रों में भागीदारी दी जाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि,किसी भी समाज को विकसित समाज, शक्तिशाली समाज, मजबूत समाज, समृद्धशाली समाज, शिक्षित समाज, जागरूक समाज, प्रतिष्ठित समाज बनाने के लिए उस समाज को शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक भागीदारी देकर डीएम, एसपी, प्रोफेसर, इंजीनियर, प्रोफेसर, वकील, जज, पत्रकार, विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री बनाया जाए। ताकि यह समाज किसी के सामने भीख ना मांग सकें। सिर्फ घुमंतू कहकर अपमानित करने से किसी भी समाज का कल्याण नहीं हो सकता है। घुमंतू शब्द हमारा एससी एसटी समाज कभी स्वीकार नहीं करेगा। हमारे समाज ने मुगलों और अंग्रेजों को भारत से मार के भगाया है। घुमंतू शब्द को तत्काल आधिकारिक तौर पर प्रतिबंध किया जाए। उपरोक्त पार्टी के नेताओं ने आगे कहा कि,बाबा साहब डॉ. अंबेडकर जी ने एससी-एसटी ओबीसी आरक्षण से इन वर्गों को मजबूत बनाने के लिए नौकरियों में आरक्षण, शिक्षा में आरक्षण, प्रमोशन में आरक्षण, राजनीति में आरक्षण की व्यवस्था दी। इसी कारण इन वर्गों की जातियों के हजारों करोड़ों लोग डीएम, एसपी, एमपी,एमएलए, सीएम के अलावा हजारों करोड़ गरीब लोगों का उद्धार हुआ। इसमें मंत्री असीम अरुण को भी आरक्षण मिला और आरक्षण से वह भी आईपीएस अधिकारी बने।

मुंडन संस्कार में शामिल होने आ रहे बाइक सवार की साइकिल से भिड़ंत

तिर्वा)कन्नौज। मुंडन संस्कार में शामिल होने आ रहे एक बाइक सवार युवक की सामने से आ रही साइकिल से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दो लोग घायल हुए हैं। उपचार को घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। बताते चलें कि, जिले के तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव अंधाऊआ निवासी आकाश कुमार शुक्रवार को तिर्वा के मां अन्नपूर्णा मंदिर में आयोजित एक मुंडन संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने को अपने गांव स्थित घर से बाइक से रवाना हुए थे। जैसे ही आकाश तिर्वा के सियापुर गांव के निकट पहुंचे इसी दौरान सामने से आ रहे चिंतापुर्वा गांव निवासी विनोद पुत्र सियाराम की साइकिल से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दोनों लोग घायल हो गए और सड़क पर घायल अवस्था में गिरे। मामले की सूचना आसपास से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

ईवीएम जागरूकता अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ

- मामला कन्नौज में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर परखी गईं ईवीएम और वीवीपैड की कार्यप्रणाली का।

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर मतदाताओं को ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली समझाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट में फीता काटकर ईवीएम प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

प्रशिक्षण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में पोलिंग बूथ तैयार किया गया है, जहां नागरिक स्वयं ईवीएम से मतदान कर प्रक्रिया को समझ सकते हैं। मतदान करने के बाद वीवीपैट मशीन में निकलने वाली पर्ची के जरिए मतदाता अपने वोट की प्रक्रिया को भी देख सकेंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। जिले की सभी तहसीलों में ईवीएम प्रशिक्षण बूथ स्थापित किए गए हैं। यह अभियान चुनाव की तारीखों की घोषणा तक जारी रहेगा, जिससे नागरिक मतदान प्रक्रिया को आसानी से समझ सकें और जागरूक बनें।

देवउठनी एकादशी पर हुई देवपूजा, अब शुरू होंगे मांगलिक कार्य

- देवताओं को अर्पित किए गए गन्ना और सिंघाड़ा

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज।। कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवोत्थान पर्व पर शनिवार को देव जागरण हुआ। 4 माह से सोए देव एकादशी के दिन जागे। लोगों ने पूजन कर उन्हें नई फसल के गन्ना, सिंघाड़ा व होरा आदि अर्पित किए। घर घर भगवान विष्णु की पूजा के लिए गन्ना व सिंघाड़ा की जमकर बिक्री हुई। पर्व का लाभ उठाते हुए गन्ना व सिंघाड़ा बिक्रेताओं ने ग्राहकों से मनमाने दाम वसूल किये।

नगर व ग्रामीण क्षेत्र में परंपरागत तरीके से देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया गया। महिलाओं ने घरों में पकवान बनाकर देवी देवताओं की पूजा की और उन्हें गन्ना व सिंघाड़ा आदि अर्पित किए। घर में चावल के घोल से देवताओं की आकृति बनाई गई। महिलाओं ने व्रत रखकर देवताओं की पूजा की। पौराणिक मान्यता के अनुसार देवउठनी एकादशी के दिन ही देवता जागृत होते हैं और फिर इसी दिन से विवाह आदि मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में गन्ना के खेत में पूजा की जाती है। इसी दिन से गन्ना और शकरकंद की कटाई शुरू हो जाती है तथा गेहूं की बुवाई का काम भी शुरू होता है। देवोत्थान के त्योहार पर महिलाओं ने घरों के आंगन मे चौक बनाकर गन्ना व सिघाड़ा एवं शकरकन्द आदि से भगवान विष्णु की पूजा की, जिसके चलते नगर के विशुनगढ़ तिराहा, कोतवाली के सामने, सौरिख तिराहा, नगर पालिका रोड, मंशेश्वरनाथ मन्दिर के पास एवं बैक ऑफ इण्डिया के समीप गन्ना व सिघाडे.की जमकर बिक्री हुई। गन्ना विक्रेताओं ने दस से लेकर बीस रुपये का एक गन्ना बेचा। सब्जी बिक्रेताओं ने शकरकन्द भी पचास से साठ रुपये किलो तक बेची।

गन्ना खरीद रहे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता लालू व कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा आदि का कहना था कि मंहगाई के दौर में त्योहारों की तो केवल औपचारिकता निभाई जा रही हैं।

पूजा के लिए कम ही सही गन्ना और सिंघाड़ा तो खरीदना ही है, जिसका लाभ यह बेचने वाले उठा रहे हैं। मोहल्ला तिवारियान में स्वर्गीय महेश चन्द्र तिवारी के पुत्रों श्रीचन्द्र तिवारी उर्फ ललुआ और विश्वनाथ तिवारी ने विधि विधान पूर्वक देवी देवताओं की पूजा की।

प्रभात उजास न्यास ने प्रतिष्ठित डॉक्टर जेके वर्मा को किया सम्मनित

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। प्रभात उजास न्यास ने नगर के प्रतिष्ठित डॉक्टर और समाजसेवी डॉ जेके वर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मनित किया।

डॉ जेकेवर्मा का जीवन केवल एक चिकित्सक का नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवीय करुणा का अनुपम उदाहरण है। 15 मार्च 1942 को यहां की पावन धरती पर जन्मे डॉ. जेके वर्मा ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा के पश्चात तिर्वा के गवर्नमेंट स्कूल से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बी.एससी. तथा प्रतिष्ठित एसएन मेडिकल कॉलेज, आगरा से एमबीबीएस, डीसीएच और पीडियाट्रिक्स में एमडी की उपाधियाँ प्राप्त कीं। अपने शैक्षणिक जीवन में उन्होंने तपेदिक के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए बीसीजी कन्वर्जन एवं ट्यूबरकुलोसिस पर शोध कार्य भी प्रस्तुत किया। अपने उत्कृष्ट ज्ञान और प्रतिभा के बल पर उन्हें विदेशों, विशेष रूप से दुबई और इंग्लैंड में आकर्षक अवसर प्राप्त हुए। किंतु उन्होंने व्यक्तिगत समृद्धि के बजाय समाजसेवा का मार्ग चुना। उन्होंने उन अवसरों को त्यागकर अपने जन्मस्थान छिबरामऊ लौटने का निर्णय लिया, ताकि ग्रामीण भारत के लोगों को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करा सकें।

वर्ष 1972 से बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में उनकी सेवा यात्रा प्रारम्भ हुई और पिछले पाँच दशकों से अधिक समय में उन्होंने हजारों बच्चों को नया जीवन दिया है। उन्होंने केवल उपचार ही नहीं किया, बल्कि नगर और आसपास के क्षेत्रों में आधुनिक उपकरणों एवं उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं की मजबूत नींव स्थापित की।

आज, जब वे एक शांत, सम्मानित और संतुष्ट जीवन व्यतीत कर रहे हैं, तब उनकी विरासत को उनके सुपुत्र बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि वर्मा स्नेह हॉस्पिटल में आगे बढ़ा रहे हैं।

इस अवसर पर संस्था की संस्थापक इंदिरा दुबे, समन्वयक शशिकान्त शुक्ला, मीरा वर्मा, चेतना वर्मा, रवि वर्मा सहित नगर के गणमान्य उपस्थित रहे।

रिजर्व ड्यूटी वाले शिक्षक विद्यालयों से नदारद

छिबरामऊ, कन्नौज। जनगणना कार्य में ड्यूटी लगाए जाने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग के कुछ शिक्षकों के विद्यालय न पहुंचने का मामला सामने आया है। शिकायत के अनुसार, जिन शिक्षकों, कर्मचारियों की ड्यूटी रिजर्व में लगाई गई है और जिन्हें अभी तक कोई एन्यूमरेशन ब्लॉक (ईबी) आवंटित नहीं हुआ है, वे भी विद्यालय नहीं जा रहे हैं। आरोप है कि ऐसे शिक्षक घरों पर रहकर आराम कर रहे हैं और उनका कहना है कि वे 31 दिसंबर से 14 जनवरी 2027 तक शीतकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद ही विद्यालय जाएंगे। इससे विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रभावित होने की आशंका है। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) से मांग की गई है कि रिजर्व ड्यूटी वाले और ईबी आवंटित न होने वाले शिक्षकों, कर्मचारियों को विद्यालयों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए जाएं।

ईवीएम जागरूकता अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ

- मामला कन्नौज में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर परखी गईं ईवीएम और वीवीपैड की कार्यप्रणाली का।

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर मतदाताओं को ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली समझाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट में फीता काटकर ईवीएम प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

प्रशिक्षण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में पोलिंग बूथ तैयार किया गया है, जहां नागरिक स्वयं ईवीएम से मतदान कर प्रक्रिया को समझ सकते हैं। मतदान करने के बाद वीवीपैट मशीन में निकलने वाली पर्ची के जरिए मतदाता अपने वोट की प्रक्रिया को भी देख सकेंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। जिले की सभी तहसीलों में ईवीएम प्रशिक्षण बूथ स्थापित किए गए हैं। यह अभियान चुनाव की तारीखों की घोषणा तक जारी रहेगा, जिससे नागरिक मतदान प्रक्रिया को आसानी से समझ सकें और जागरूक बनें।

भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास ने कहा, सफलता धन या प्रसिद्धि से नहीं, संस्कार और सही निर्णय से मिलती है

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज कन्नौज। नौनागपुर चौकी के ग्राम रामपुर भुड़िया में चल रही भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास घनश्याम पांडे ने कहा कि जीवन में सफलता केवल धन या प्रसिद्धि से नहीं मापी जाती, बल्कि अच्छे संस्कार, सही निर्णय और संतुलित जीवन से भी जुड़ी होती है। कथा व्यास ने कहा कि माता-पिता हमारे पहले गुरु होते हैं, जिन्होंने हमें जीवन जीने का सही मार्ग सिखाया है, उनके अनुभव और सीख हमारे लिए मार्गदर्शक दीपक की तरह होते हैं, जो कठिन परिस्थितियों में भी हमें सही दिशा दिखाते हैं, इसलिए उनकी बातों को मानना और उनका सम्मान करना सफलता की ओर बढ़ने का सबसे मजबूत आधार बनता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन उसके संग के अनुसार ढलता है, जिस प्रकार सुगंधित फूलों के पास बैठने से हमारे वस्त्रों में भी खुशबू आ जाती है, उसी प्रकार सच्चे और सद्गुणी लोगों के संग से हमारे विचार, व्यवहार और संस्कार पवित्र हो जाते हैं, उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि ईमानदारी, करुणा और धैर्य ही सच्ची सफलता की कुंजी हैं, इसलिए जीवन में मित्र और मार्गदर्शक चुनते समय सावधानी आवश्यक है, सच्चे लोगों का संग हमें कठिन समय में सही मार्ग दिखाता है, हमारी गलतियों को सुधारता है और हमें लक्ष्य की ओर प्रेरित करता है।

कथा व्यास ने कहा कि भगवान केवल अपराध नहीं देखते, बल्कि भाव को देखते हैं, जो उन्हें विष पिलाने के लिए आया, यदि उसका भी उद्धार कर सकते हैं तो हमारा क्यों नहीं कर सकते हैं, जब मानव अहंकार और स्वार्थ छोड़कर भगवान की शरण में जाता है, तो वे अवश्य हमारा उद्धार करते हैं, हमारे पापों का नाश करते हैं और हमें जीवन के दुखों से मुक्त कर मोक्ष की ओर ले जाते हैं।

उन्होंने कहा कि बिना सत्संग के बुद्धिमान तो बना जा सकता है, पर विवेकवान नहीं बना जा सकता है, हमें विवेकवान होना चाहिए, क्योंकि विवेकवान व्यक्ति न किसी का बुरा करता है, न किसी का बुरा होने देता है, जब तक हम अपनी संस्कृति और सनातन को नहीं समझेंगे, तब तक हमारे बच्चे भी हमारी संस्कृति को नहीं समझेंगे, जो मनुष्य वेद को मानता है और वेद के उपदेश को मानता है, वही सच्चा सनातनी है।

बैक यार्ड पोल्ट्री योजना के तहत चूजों का किया गया निःशुल्क वितरण



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। राजकीय पशु चिकित्सालय कैंपस में बैक यार्ड पोल्ट्री योजना के तहत 41 लाभार्थियों में 50-50 चूजों का निःशुल्क वितरण किया गया।

उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर नेम कुमार ने बताया कि पूर्व में संबंधित ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान, खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी की संस्तुति के साथ लाभार्थियों का चयन किया गया था। यह योजना अनुसूचित जाति की निर्धन, बेरोजगार एवं ऐसे महिला लाभार्थियों हेतु संचालित है, जिनके पास मुर्गियों के बच्चों को रखने की जगह हो और जो मुर्गी पालन में रूचि रखते हों।

इसमें पॉल्ट्री फीड एवं आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध करवाईं जातीं हैं। साथ ही छप्पर निर्माण हेतु 450 रुपए (लगभग) की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है। उन्होंने कहा विकास खण्ड छिबरामऊ के अंतर्गत कुल 41 लाभार्थियों को चूजे वितरित किए गए।

इससे लाभार्थियों को अतिरिक्त रोजगार प्राप्त करने के साथ साथ उनकी आय में भी वृद्धि होगी।





पुलिस ने दो भाईयों को बैठाया थाने में सदमे में मां की मौत

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

थाना क्षेत्र में 13 नवंबर को हुई मारपीट की घटना के मामले में कथित तौर पर कार्रवाई न होने से नाराज परिजनों ने शुक्रवार दोपहर नवाबगंज-मंझाना रोड पर जाम लगा दिया। परिजनों के मुताबिक, दोनों युवकों को थाने में बैठाए जाने की खबर मिलते ही उनकी मां को सदमा लगा और हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। करीब डेढ़ से दो घंटे तक चले जाम के बाद पुलिस के आश्वासन पर मार्ग बहाल हो सका।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मंझाना रोड स्थित नगर पंचायत क्षेत्र के नगला जोधा निवासी ज्ञान सिंह और निर्देश कुमार पुत्रगण घुरई लाल की

नवाबगंज-मंझाना रोड पर परिजनों व ग्रामीणों ने लगाया जाम

बीते 13 नवंबर को पड़ोस के कुछ युवकों से किसी बात को लेकर मारपीट हो गई थी। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आईं, जिनमें घुरई लाल के पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा था, जहां से चोटें गंभीर होने के कारण उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। तीन दिन बाद इलाज कराकर दोनों घर लौटे थे। परिजनों का आरोप है कि उनके पक्ष की ओर से आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि दूसरे पक्ष की तहरीर पर पुलिस


मृतका की फाइल फोटो


जाम लगाये ग्रामीणों को समझाती पुलिस

ने अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी थी। इसी मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर शुक्रवार को निर्देश कुमार और ज्ञान सिंह थाने पहुंचे थे, जहां पुलिस ने कथित रूप से दोनों को बैठा लिया। परिजनों के अनुसार, इसकी सूचना मिलते ही उनकी मां मीना देवी को सदमा लग गया और हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने दोपहर करीब 3 बजे नवाबगंज-मंझाना रोड पर जाम लगा दिया, जिससे आवागमन बाधित हो गया और करीब डेढ़ से दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। शुरुआती दौर में मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज गौतम सिंह ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने कस्बा इंचार्ज पर पैसे लेकर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार किसी सरकारी कार्य से फतेहगढ़ गए हुए थे। सूचना मिलने पर उन्होंने मौके पर पुलिस बल भेजा। घटना की जानकारी पाकर चौकी इंचार्ज दरोगा अभिलाख सिंह और मंझाना इंचार्ज दरोगा जगराम सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे, लेकिन परिजन किसी की बात मानने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया और शव को कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया के लिए थाने ले जाया गया। परिजनों ने थाना पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों के पास जाने की बात कही है। स्थिति की सूचना मिलने पर मोहम्मदाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक मजार के पास अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से एक की हालत नाजुक देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव नगला दमू निवासी इबरान खां अपने साथी निसार खां के साथ बाइक से नवाबगंज से वापस अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में एक मजार के समीप सामने से आ रहे चार पहिया वाहन के अज्ञात चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही इबरान खां और निसार खां बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद इबरान खां की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

मामले में घायल इबरान खां की मां अलवती पत्नी चांद खां ने थाना पुलिस को अज्ञात चार पहिया वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

बाबा खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा


खाटू श्याम बाबा की पालकी निकालते भक्तगण

भक्तों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

बाबा श्री खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट फतेहगढ़ की ओर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा श्री खाटू श्याम जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। जगह-जगह बाबा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर संतोष गुप्ता आयोजक, विवेक गुप्ता, अनिल तिवारी, विकास गुप्ता संरक्षक, टीना ठाकुर, रवीना, दीपक, नरेश राजपूत, सौरभ, मनु सक्सेना, शनि राजपूत, विशाल गुप्ता, गौरव सक्सेना, हर्षित मिश्रा, सुमन गुप्ता और बीना तिवारी सहित अनेक श्रद्धालु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं बीज वितरण जारी

चयनित किसान तीन दिन में लें बीज

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

वर्तमान रबी अभियान 2026-27 के अंतर्गत जनपद में गेहूं बीज सामान्य वितरण योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान पर कुल 8,010 कुंतल का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष 7,639 कुंतल बीज प्राप्त हो चुका है।

कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत किसानों द्वारा बुकिंग की जा रही है और निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऑटो लॉटरी या लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से चयन के बाद बीज का वितरण किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया गया है कि चयनित किसानों के मोबाइल पर चयन संबंधी संदेश भी भेजा जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद कई किसान विकास खंड स्तर पर स्थापित बीज भंडारों पर बीज लेने नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे किसानों से अपील की गई है कि वे समय रहते अपना बीज प्राप्त कर लें, अन्यथा तीन दिन बाद उनका चयन निरस्त कर दिया जाएगा और उनके स्थान पर दूसरे किसान का चयन कर


किसानों को बीज सौंपते अधिकारी

लिया जाएगा। अभी तक 6,818 किसानों द्वारा बुकिंग कराई जा चुकी है। लक्ष्य के सापेक्ष बुकिंग और चयन पूर्ण होने के बाद अन्य किसानों को बीज नहीं मिल सकेगा।

इसलिए किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे कृषि विभाग के पोर्टल पर बुकिंग कराकर बीज प्राप्त कर लें। इसके अलावा, वर्तमान में गेहूं बीज के साथ मसूर का बीज भी निःशुल्क उपलब्ध है। बीज प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर किसान जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम नंबर 05692297733 पर संपर्क कर सकते हैं।

दुकानदार के पैसे मांगने मारा थप्पड़

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। पुल गालिब स्थित परचून की दुकान चलाने वाले गजेंद्र वर्मा से एक युवक ने 50 रुपये की सिगरेट ली और बिना पैसे दिए जाने लगा। जब दुकानदार ने पैसे मांगे तो युवक ने गाली-गलौज शुरू कर दी और थप्पड़ मार दिया, जिससे काउंटर का सामान बिखर गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानदार ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई। कस्बा चौकी प्रभारी इमरान फरीद के अनुसार, वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

दहेज हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में आरोपी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। थाना कमालगंज पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के मामले में नामजद व वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। 30 अक्टूबर को थाना कमालगंज में वादी की ओर से तहरीर दी गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अभियुक्तगणों ने वादी की बहन से अतिरिक्त दहेज के रूप में 5 लाख रुपये की मांग कर उसे प्रताड़ित किया तथा दहेज न मिलने पर गाली-गलौज और मारपीट की। जिससे क्षुब्ध होकर वादी की बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तहरीर के आधार पर धारा 115(2)/352/85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट में अवनीश पुत्र स्व0 कौशलेन्द्र सिंह समेत कुल 5 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त अवनीश कुमार पुत्र स्व0 कौशलेन्द्र सिंह निवासी ग्राम नगला जोध थाना कमालगंज को गिरफ्तार कर लिया।

चोरी हुआ मोबाइल लेने हापुड़ लेने गये युवक का कासगंज में मिला शव

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

चोरी हुआ मोबाइल फोन वापस लेने हापुड़ जाने की बात कहकर घर से निकले कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेम नगर निवासी 24 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कासगंज में मिला। बुधवार सुबह कासगंज शहर कोतवाली क्षेत्र में स्टेशन के पास देशी शराब के ठेके के निकट युवक का शव पड़े होने की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने फोन करके बुलाने और हत्या कर शव फेंकने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्राम प्रेम नगर निवासी किशनपाल जोशी का पुत्र धर्मेन्द्र जोशी (24) मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार, कुछ समय पहले धर्मेन्द्र अपनी पत्नी मालादेवी को छोड़ने उनके मायके अलोपीनबाग प्रयागराज जा रहा था। सफर के दौरान कानपुर रेलवे स्टेशन पर उसका 22 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन चोरी हो गया , जिसे उसने किश्तों पर खरीदा था। धर्मेन्द्र ने इसकी लिखित शिकायत कानपुर जीआरपी व आरपीएफ से करने के साथ-साथ कायमगंज स्थित मोबाइल विक्रेता को भी जानकारी दी थी। परिजनों ने बताया कि करीब 15 दिन पहले धर्मेन्द्र के पास हापुड़ से एक कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को हापुड़ थाने से बताते हुए कहा कि उसका चोरी हुआ फोन मिल गया है और वह आकर ले जाए। 8 दिन पहले फिर उसी तरह कॉल कर उसे फोन ले जाने के लिए हापुड़ बुलाया गया। मंगलवार को धर्मेन्द्र हापुड़ जाने की बात कहकर घर से निकला था। मंगलवार शाम को धर्मेन्द्र ने अपनी मां कमलादेवी को फोन कर घबराते हुए कहा कि मम्मीए हमारे फोन पर एक हजार रुपये डलवा दो, हमें चोरों ने पकड़ लिया है। मां ने कहा कि घर से जो पैसे लेकर गए थे वह कहां गए, शराब पीने के लिए रुपये मांग रहे हो और पैसे भेजने से मना कर दिया। इसके कुछ ही देर बाद धर्मेन्द्र का फोन बंद हो गया। बुधवार सुबह सूचना मिली कि कासगंज शहर कोतवाली क्षेत्र में स्टेशन के पास देशी शराब के ठेके के निकट धर्मेन्द्र मृत अवस्था में पड़ा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कासगंज मोर्चरी भिजवाया और परिजनों को खबर दी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए कहा कि धर्मेन्द्र को मोबाइल दिलाने के बहाने बुलाकर उसकी हत्या की गई और शव को शराब के ठेके के पास फेंक दिया गया। कासगंज पुलिस ने प्रारंभिक जांच में अधिक शराब के सेवन से मौत होने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है और अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। शव गांव पहुंचते ही पत्नी मालादेवी, मां कमलादेवी, भाई राम रहीश और बहनों शकुंतला व रीमा का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप


गुमशुम बैठे परिजन

बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर निकली निशान शोभायात्रा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में नगर में भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ बजरिया से हुआ, जहां संजय अग्रवाल ने बाबा खाटू श्याम की आरती उतारकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा में फूलों से खूबसूरती से सजे सुसज्जित रथ पर बाबा खाटू श्याम की दिव्य प्रतिमा विराजमान थी। हाथों में निशान थामे श्रद्धालु डीजे की भक्तिमय धुनों पर झूमते और नृत्य करते हुए चल रहे थे। इस दौरान श्रद्धालु बाबा के भजनों और जयकारों में मगन नजर आए। बजरिया से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा श्यामा गेट, मुख्य चौराहा, गल्ला मंडी, जटवारा, ट्रांसपोर्ट चौराहा, पृथ्वी दरवाजा, लोकमन और गंगा दरवाजा होते हुए निकली। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। यात्रा शिवाला भवन पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में मुकेश दुबे, विवेक शर्मा, प्रबल शर्मा, बुलाकी वर्मा, विष्णु वर्मा, शौर्य भारद्वाज, अंशुल, करन शाक्य, राम शर्मा, हिमांशु मौजूद रहे।

सत्य भारती स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

ग्राम ज्योना स्थित सत्य भारती स्कूल में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को कार्यक्रम में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता के दौरान 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर दौड़, सैक रेस, रोप रेस, लेमन रेस, लूडो, कैरम, खो-खो और कबड्डी सहित कई स्पर्धाएं आयोजित की गईं,

विजेता बच्चों को किया गया सम्मानित

जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अंकित प्रथम, शिवा द्वितीय और शिवांशु तृतीय रहे। बालिका वर्ग में युवी प्रथम, रिया द्वितीय और प्रतीक्षा तृतीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में आर्यन प्रथम, सागर द्वितीय और विहान तृतीय रहे। बालिका वर्ग में अंशी प्रथम, प्रतिज्ञा द्वितीय और वैष्णवी तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में निशांत प्रथम, अर्पित द्वितीय और महिपाल तृतीय रहे। बालिका वर्ग में रौनक प्रथम, अंशिका द्वितीय और सोनम तृतीय स्थान पर रहीं। सैक रेस सागर ने प्रथम, ध्रुव ने


कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

द्वितीय और नार ने तृतीय स्थान हासिल किया। रोप रेस पलक प्रथम, अंशिका द्वितीय और सोनम तृतीय स्थान पर रहीं। लेमन रेस कक्षा पीपी पहले समूह में आरव प्रथम, ऋषभ द्वितीय और गौरव तृतीय रहे, जबकि दूसरे समूह में अंशी प्रथम, मानवी द्वितीय और पल्लवी तृतीय रहीं।

इनडोर खेल लूडो में काव्या प्रथम, भावना द्वितीय और अनामिका तृतीय रहीं। कैरम प्रतियोगिता में शैलवी प्रथम, केशव द्वितीय और रौनक तृतीय स्थान पर रहे। खो-खो बालिका वर्ग शक्ति हाउस प्रथम, वैभव हाउस द्वितीय और शांति हाउस तृतीय स्थान पर रहा। कबड्डी बालक वर्ग शांति हाउस प्रथम, वैभव हाउस द्वितीय और शक्ति हाउस तृतीय स्थान पर रहा।

मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रेखा देवी और मोनू मिश्रा ने विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लस्टर कोऑर्डिनेटर रजी उल्लाह खान और प्रधानाचार्य शिवलेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों उजमा मंसूरी, शिव कुमार, शिवम, शालिनी, प्रतीक्षा और अनिरुद्ध का विशेष योगदान रहा।

विधायक ने दो प्रमुख डामर सड़कों का किया शिलान्यास

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

विधानसभा अमृतपुर के अंतर्गत नवाबगंज मंडल क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए शुक्रवार को विधायक सुशील शाक्य ने विधि-विधान से पूजन एवं नारियल फोड़कर दो महत्वपूर्ण डामर सड़कों का शिलान्यास किया। कुल 1.65 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाली इन सड़कों से क्षेत्र के कई गांवों का आवागमन सुगम हो जाएगा।

चांदपुर से बांसमई मोहम्मदाबाद मार्ग तक 1000 मीटर लंबी डामर सड़क का निर्माण कार्य, जिसकी अनुमानित लागत 67 लाख 58 हजार रुपये है। ग्राम प्रहलादपुर सरैया से तेजापुर तक 1400 मीटर लंबी डामर सड़क का निर्माण कार्य, जिसकी


शिलान्यास करते विधायक मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष

अनुमानित लागत 98 लाख 17 हजार 354 रुपये है। विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क और यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इन सड़कों के बन जाने से ग्रामीणों, किसानों और स्कूली बच्चों को आवागमन में हो रही समस्याओं से स्थायी निजात मिलेगी। इस अवसर पर चेयरमैन अनिल राजपूत, कमल भारद्वाज, प्रधान अभयराज सिंह, सभासद शिवमंगल सिंह, अनुज भदोरिया सहित लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राकेश कुमार यादव, जूनियर इंजीनियर मोईन खान और ठेकेदार सोनू पांडे मौजूद रहे।

प्रेम विवाह के बाद संपत्ति के बंटवारे पर खूनी संघर्ष

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अताईपुर जदीद में छोटे भाई द्वारा बड़े भाई की पत्नी से प्रेम विवाह करने के बाद घर में संपत्ति और बच्चों के हिस्से को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे चल गए। मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसके बाद मामला थाने पहुंचा और पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया।

गांव अताईपुर जदीद निवासी कुंवरपाल प्रजापति पुत्र देवरूप ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसका अपने बड़े भाई बलवीर की पत्नी रानी के साथ प्रेम

पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया

संबंध चल रहा था। इसी प्रेम प्रसंग के चलते रानी अपने दो बच्चों रिंकू और शिवा के साथ कुंवरपाल के साथ रहने लगी और उससे शादी कर ली। कुंवरपाल ने अपने भाई पप्पू से कहा कि दोनों बच्चे बलवीर से हैं, इसलिए घर का बंटवारा कर बच्चों को उनका हिस्सा दे दिया जाए। पप्पू भड़क गया और दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

आरोप है कि गुस्से में आए पप्पू ने डंडे से कुंवरपाल की पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 393 जोड़े हुए एक दूजे के

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

क्रिश्चियन इण्टर कॉलेज मैदान में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता तथा सांसद मुकेश राजपूत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कुल 393 जोड़ों का विवाह एवं निकाह धार्मिक रीति-रिवाजों से कराया गया। इनमें 390 हिंदू जोड़ों का विवाह और 03 मुस्लिम जोड़ों का निकाह शामिल रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। जिला समाज कल्याण

नवदंपतियों को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने दिया आशीर्वाद

अधिकारी ने अतिथियों का स्वागत किया, मदन मोहन कन्नौजिया बालिका इण्टर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वर्ष 2017-18 से संचालित योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी जोड़े पर कुल एक लाख रुपये की धनराशि व्यय की जाती है। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में अंतरित किए जाते हैं तथा 25 हजार रुपये के वैवाहिक उपहार वर-वधू को दिए जाते हैं। इसके अलावा 15 हजार रुपये प्रति जोड़ा आयोजन व्यवस्थाओं भोजन, पंडाल, फर्नीचर, पेयजल, प्रकाश आदि पर खर्च किए जाते हैं। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह गरिमापूर्ण ढंग से कराने में महत्वपूर्ण सहारा बन रही है। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों से आपसी सम्मान-विश्वास बनाए रखने, कर्तव्यों के निर्वहन तथा जल संरक्षण व वृक्षारोपण जैसे सामाजिक कार्यों में योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने भी नवदंपतियों को सुखद व मंगलमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने वर-वधू को वैवाहिक उपहार भेंट किए और पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनन्द उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक , नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, एसडीएम सदर संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, सीओ सदर अभय वर्मा, पीडी डीआरडीए कपिल कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी शालिनी, प्रभारी जनगणना अधिकारी पारखी भार्गव सहित अन्य अधिकारी व परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


नव दंपत्ति को उपहार देते सांसद व डीएम आदि


नव जोड़ों को शपथ दिलाती डीएम व सांसद

श्री श्याम बाबा का जन्मोत्सव पर निकली निशान यात्रा

भजन-कीर्तन व आतिशबाजी से गूंजा नगर

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष एकादशी के अवसर पर नगर में श्री श्याम बाबा का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। श्री राम जानकी मंदिर महालक्ष्मी खाटू श्याम धाम, नया कोठा पार्चा में प्रातःकाल पं0 विजय प्रकाश तिवारी और पं0 गणेश मिश्रा द्वारा मंगला दर्शन व अभिषेक के बाद बाबा का दिव्य श्रृंगार, दर्शन, भोग, प्रसाद और आरती की गई। भक्तों ने बाबा को हैप्पी बर्थडे के साथ लाल गुलाब भेंट किया। इस आयोजन में मयंक मिश्रा, जीतू शुक्ला, राघव, अंकित अग्रवाल, राजेश पाठक और रवि अवस्थी शामिल रहे। वहीं, फतेहगढ़ ठाकुरद्वारा से कोठा पार्चा पहुंची निशान यात्रा का अनिल त्रिपाठी व मनीष मिश्रा ने स्वागत कर बाबा को निशान अर्पित किया। जहां मुख्य पुजारी ने मोरछड़ी से आशीर्वाद दिया।


शोभायात्रा में मौजूद भक्तगण

इसके अलावा श्री राधाशालि श्याम मंदिर लोहाई रोड पर पं0 सुशील, राजीव, सोनू एवं हर्षित सिंगलिया सहित भक्तों ने पंचामृत अभिषेक व ऊं श्याम देवाय नमः मंत्र का पाठ कर फूलों से श्रृंगार, भोग-प्रसाद और आरती संपन्न कराई। भजन-कीर्तन में मुख्य गायिका पायल ने दौड़े के सहारा आजा, तेरा दास पुकारे आजा.. तथा मैं हूं तेरे भरोसे श्याम बाबा, खाटूधाम आऊंगी...जैसे भजनों से समा बांध दी। वहीं हम तो है तेरे दीवाने मस्ताने पर भक्तों ने रंग जमाया, जबकि भजन गायकों व ढोलक पार्टी मदन, राघव, अखिल ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस दौरान अजय वर्मा, पवन अग्रवाल, सुरेंद्र, अरुण जालान, राहुल अग्रवाल, विशाल अग्रवाल व पंकज आदि ने ज्योति प्रज्वलित कर पूजन-अर्चन किया। सायंकाल केक काटकर व गुलाब अर्पित कर जन्मोत्सव मनाया गया और रात्रि में आतिशबाजी के साथ फूलों के भव्य श्रृंगार, ज्योति पूजन व शयन आरती के साथ कार्यक्रम को विश्राम दिया गया। नेहरु रोड पर संजय गर्ग ने खाटू श्याम यात्रा का पुष्प वर्षा का स्वागत किया।

श्रद्धा और उल्लास संग मनाई गई देवउठनी एकादशी

बाजारों में गन्ने व सिंघाड़े की रही भारी मांग

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की देवउठनी प्रबोधिनी एकादशी का पावन पर्व शुक्रवार को पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जागते हैं, जिसके साथ ही चातुर्मास समाप्त हो जाता है और विवाह सहित सभी मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाती है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि योगनिद्रा से जागने के बाद श्रीहरि सबसे पहले माता तुलसी की पुकार सुनते हैं, इसलिए भक्तों ने चार गन्नों का मंडप बनाकर भगवान विष्णु के साथ-साथ माता तुलसी का भी विधि-विधान से पूजन किया। घर में सुख-समृद्धि और सौभाग्य की कामना के साथ पूजा में मौसमी फल जैसे सिंघाड़ा, शकरकंद, कंद व बेर आदि अर्पित किए गए। पर्व के चलते शहर के प्रमुख बाजारों में सुबह से ही खरीदारी के लिए भारी रौनक रही। किसानों द्वारा लाए गए ताजे गन्ने बाजार में 20 से 30 रुपये प्रति नग बिके, जबकि सिंघाड़ा 50 रुपये प्रति किलो तक बिका। इसके अलावा फल और फूलों की दुकानों पर भी दिनभर खरीदारों की भीड़ जुटी रही।


बाजार में बिकता गन्ना

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन

बांदा। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने तिंदवारी विधान सभा क्षेत्र के भुजौली गांव में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व केंद्रीय राज्यमंत्री का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया। प्रदेशाध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु व सुखमय जीवन की कामना की। सभी ने संगठन मजबूती और जन सेवा कार्यों को आगे बढ़ने का संकल्प लिया। तिंदवारी विधान सभा क्षेत्र के भुजौली गांव में शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पंकज चौधरी का जन्मदिन भाजयुमो जिला मंत्री आशीष पटेल के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उत्साह से मनाया। केक काटकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं देकर उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुखमय जीवन की भगवान कामतानाथ से कामना की। सभी ने संगठन की मजबूती और जन सेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का जन्मदिन कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह और प्रेरणा का अवसर है।

भागवत कथा के श्रवण से बड़े से बड़ा पापी भी हो जाता है भवसागर से पार

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

कृष्ण नगर कादरी गेट स्थित श्रीमद् भागवत कथा समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को कथा व्यास अविचल महाराज ने गोकर्ण और धुंधकारी के जन्म व मोक्ष का मार्मिक प्रसंग सुनाया।

कथा का रसपान कराते हुए महाराज ने बताया कि एक ही माता की संतान होने के बावजूद गोकर्ण ज्ञान और भक्ति के प्रतीक बने, जबकि धुंधकारी कुकर्मों के मार्ग पर चला गया। अंततः गोकर्ण ने श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण के माध्यम से ही प्रेत योनि में भटक रहे अपने भाई धुंधकारी का उद्धार किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा ऐसी पावन गंगा है, जिसके श्रवण मात्र से बड़े से बड़ा पापी भी तर जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते नजर आए। हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष कौशलेन्द्र द्विवेदी एवं प्रदेश महामंत्री शिवम् त्रिपाठी ने भाग लिया। इस धार्मिक आयोजन के दौरान जितेन्द्र कुमार मिश्रा, नरेन्द्र शुक्ला, सुआलाल मिश्रा, आनंद मिश्रा, वरुण पाण्डेय, मुकेश मिश्रा, आशीष शुक्ला, सत्यम दीक्षित, राकेश मिश्रा, एसएल मिश्रा, सर्वेश दीक्षित, सुमित मिश्रा, जितेन्द्र सिंह और प्रदीप मिश्रा, शुभम त्रिपाठी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के विश्राम पर सामूहिक आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।


कलश में यात्रा में मौजूद भक्तगण

कुल शरीफ की रस्म के साथ उर्स-ए-ख्वाजा मोहब्बत शाह का समापन

मुल्क में अमन-ओ-अमान की मांगी गई दुआ, सभी धर्मों के पहुंचे जायरीन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

शहर फतेहगढ़ की गंगा-जमुनी तहज़ीब, आपसी भाईचारे और सूफियाना परंपरा की मिसाल लोको स्थित ख़ानक़ाह हज़रत मख़दूम शाह सैयद शहाबुद्दीन औलिया की दरगाह शरीफ में आयोजित उर्स-ए-हज़रत ख़्वाजा मोहब्बत शाह अलैहि रहमा का समापन कुल शरीफ की रस्म के साथ हुआ।

इस मौके पर दूर-दराज़ से पहुंचे जायरीनों ने दरगाह पर चादर और फूल पेश कर अकीदत का इज़हार किया तथा मुल्क में अमन-ओ-अमान, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। उर्स पर सुबह आठ बजे कुरआनख्वानी का आयोजन हुआ। इसके बाद जायरीनों ने दरगाह शरीफ पर हाजिरी देकर बुजुर्गों को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। दोपहर दो बजे महफिल-ए-सिमा कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसमें मशहूर कव्वाल कमालुद्दीन, कव्वाल कोनेन वारसी ने अपने सूफियाना कलाम से समां बांध दिया। उनकी प्रस्तुतियों पर जायरीन झूमते और रूहानी माहौल से सराबोर नजर आए। शाम 6 बजकर 16 मिनट पर कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। खानकाह शरीफ के सज्जादानशीन हज़रत पीरज़ादा शाह मुहम्मद वसीम उर्फ मुहम्मद मियां चिश्ती साबरी मुजद्दिदी ने विशेष दुआ कराई। दुआ में मुल्क की तरक्की, अमन-ओ-अमान, आपसी सौहार्द, इंसानियत और खुशहाली के लिए बारगाह-ए-इलाही में गुज़ारिश की गई। उन्होंने बाहर से आए सभी मेहमानों और जायरीनों का इस्तकबाल भी किया। इसके बाद लंगर तकसीम किया गया। खुसूसी देवाशरीफ से आए सय्यद आले मुस्तफा उर्फ सुहेल मियां तथा मदार से आए हज़रत मौलाना नुरूल अराफात, सीमांचल बिहार से हज़रत मौलाना शेख इंतिख़ाब आलम साबरी, खानकाह के सदर मुफ़्ती गुलाम आसी ने भी बेहतरीन अंदाज ने तकरीर कर सभी ने एक साथ आलम, इंसानियत को आपसी भाई चारा और बुजुर्गों की तालीमात पर खूब जोर दिया। हाजी अकरम साबरी, हाजी समी उल्लाह साबरी, मुबीन साबरी, अंसार साबरी, रफत हुसैन, अनवर साबरी कोटा, बबलू, तनवीर साबरी, फैसल साबरी, हाजी इलियास खान, आफताब साबरी सहित बड़ी संख्या में जायरीन और अकीदतमंद मौजूद रहे।


चादरपोशी करते अकीदतमंद

खबरें एक नजर में

भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला फूंकने का किया प्रयास


राहुल गांधी का पुतला छीनती पुलिस

कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय जनता पार्टी द्वारा फतेहगढ़ स्थित बड़े चौराहे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया जाना था। जैसे ही पुतले में आग लगायी गयी, तभी पुलिस ने भाजपा नेताओं से पुतला छीन लिया। कांग्रेस पार्टी द्वारा हैदराबाद में आयोजित भारत समिट कार्यक्रम के दौरान इटैलियन पॉलिटिशियन जियाकोमो फिलिपेक ने मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय चुनाव व्यवस्था को लेकर ओछी टिप्पणी की थी। उस समय नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी मंच पर मौजूद थे और उनके सामने ऐसी टिप्पणी होने पर वे मुस्कुराते रहे, जिसे राहुल गांधी की ओछी मानसिकता का प्रदर्शन बताया गया है। इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में बविता पाठक, किरन सिंह, अनिल तिवारी, शिवम दुबे, आरबी सिंह, विजय पाण्डेय, विब्बू भदौरिया, शनि यादव, रोहन ठाकुर, सेंडी पाल, तेजा ठाकुर, दिनेश, अंकित, रिंकूभदौरिया, आदित्य राठौर, रामू परिहार, अजय राठौर, एके राठौर, अनुज, सुनील गौर, सर्वेश सोमवंशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जैक एंड जिल एकल नृत्य प्रतियोगिता हुई संपन्न


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व शिक्षक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल के प्री प्राइमरी से जैक एंड जिल एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्री प्राइमरी से लगभग 25 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने दुर्गा चालीसा अर्जनी विनोदिनी विश्व विनोदिनी, जिद पर आ गई पार्वती, मैया यशोदा यह तेरा कन्हैया एकेसरी के लाल, ओ देश मेरे जैसे गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इसके अतिरिक्त हरियाणवी गीत मटक चलूंगी, गुजराती गीत जोगड़ा तारा एवं सरस्वती वंदना वर दे वीणा वादिनी पर बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। सभी बच्चों ने रंग बिरंगी वेशभूषा में अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं नृत्य कला का शानदार प्रदर्शन किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में एलकेजी से दिविशा सोमवंशी प्रथम, पल्लवी दीक्षित द्वितीय, अक्षिता दीक्षित तृतीय स्थान पर रहीं। यूकेजी से आरोही सिंह प्रथम, वर्णिका अग्निहोत्री द्वितीय, शानवी सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने कहा इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास मंच पर प्रस्तुति देने की क्षमता तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति रुचि विकसित करना है।

भक्तिभाव से निकली तुलसी-शालिग्राम की भव्य शोभायात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। तुलसी विवाह कमेटी के तत्वावधान में 19 नवंबर की मध्य रात्रि को माता तुलसी जी एवं भगवान शालिग्राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ निकाली गई। इसके उपरांत 20 नवंबर 2026 की भोर सुबह बरगदिया घाट पर कमेटी के मंत्री सुभाष राठौर ने पत्नी के साथ विधि-विधान एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार तुलसी जी एवं शालिग्राम जी का विवाह संपन्न कराया। इस धार्मिक आयोजन में कमेटी के संयोजक सनी राजपूत, अध्यक्ष अनिल तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय वर्मा, महामंत्री गौरव सक्सेना, संरक्षक डा0 राजीव पाठक, उपाध्यक्ष मुन्ना लाल, अनु कुदेसिया, मंत्री मन्नू सक्सेना, हर्षित मिश्रा, दिव्यांशु गुप्ता, सदस्य विशाल गुप्ता, अभि,अंशु, मनोज सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इसके साथ ही एवं गंगा सेवा समिति के सदस्यों सहित अनेक श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।


शोभायात्रा में मौजूद स्वरुप

बरगदिया घाट पर संपन्न हुआ विवाह

ब्लॉक में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का हुआ आयोजन

नगर पंचायत अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दवा खाकर दिया जागरूकता का संदेश

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

जनपद को फाइलेरिया (हाथीपांव) जैसी गंभीर बीमारी से मुक्त बनाने के उद्देश्य से विकासखंड कार्यालय परिसर में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत सहित ब्लॉक स्तर के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व अन्य गणमान्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान दवा सेवन को लेकर लोगों के मन में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के लिए सर्वप्रथम स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत व उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, लेकिन समय रहते साल में एक बार दवा का सेवन कर इससे पूरी तरह बचा जा सकता है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम जब भी घर-घर आए, तो सभी लोग बिना किसी संकोच के अपने सामने ही फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन अवश्य करें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से इस अभियान को जन-आंदोलन बनाकर सफल बनाने और अपने आसपास के लोगों को भी दवा खाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया।


कार्यक्रम में मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष

महाविद्यालय में मतदाता पंजीकरण एवं जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन



जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद एनसीसी कैडेट्स

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। एनएकेपीजी कॉलेज में एनसीसी अधिकारी एवं प्राचार्या प्रो0 डॉ0 पारुल मिश्रा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु फार्म-6 भरा तथा यह वादा किया कि वह अपने गली-मोहल्ले में सभी 18 वर्ष से ऊपर आयु पूर्ण कर चुके कैडेट्स एवं जनसामान्य को पंजीकरण हेतु प्रेरित करेंगी। कैडेट्स ने जागरूकता हेतु एक रैली भी निकाली तथा शहरवासियों को प्रेरित किया कि इस बार फर्रुखाबाद में प्रत्येक व्यक्ति का वोटर लिस्ट में नाम हो, साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि सभी वोट डालकर अपने संवैधानिक दायित्व की पूर्ति करें। महाविद्यालय की सभी छात्राओं से भी फार्म-6 भरने का कार्य करवाया गया। प्रवक्ताओं डॉ0 श्रुति गुप्ता, डॉ0 शिल्पी मिश्रा, डॉ0 श्वेता सिंह, कु0 शालिनी धूसिया, कु0 प्रियंका वर्मा, डॉ0 वंदना सिंह, डॉ0 प्रज्ञा दीक्षित, सुवर्णा शुक्ला, श्रुति मिश्रा, सुखदेव मिश्रा, राजेंद्र दिवाकर व गोपी का सहयोग रहा।

ईवीएम वीवीपैट ईडीसी के प्रदर्शन केन्द्र का डीएम ने किया शुभारंभ

बांदा। आम जनमानस में ईवीएम एवं वीवीपैट की जागरुकता तथा प्रचार प्रसार के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तर पर ईवीएम-वीवीपैट का प्रदर्शन केंद्र ईडीसी का शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी अमित आसेरी ने किया। जिले की चारों विधान सभा क्षेत्रों व तहसीलों अतर्रा, पैलानी, नरैनी, बांदा एवं बबेरू में संबंधित उप जिलाधिकारी व ईआरओ ने ईडीसी का शुभारंभ किया गया। यह निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के दिनांक तक क्रियाशील रहेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी अमित आसेरी ने जन सामान्य से कहा कि कि वह विशेष अभियान 21 (शनिवार) व 22 नवंबर (रविवार) को छूटे हुए मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में निर्धारित मतदान केंद्रों मे जाकर दर्ज कराए। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता सूची में अपना नाम एवं विवरण की जांच भी अवश्य कर ले।

महिला आरोग्य समिति की सदस्य डायरिया नियंत्रण में निभाएंगी बड़ी भूमिका

बार-बार पतली दस्त होने पर बच्चे को जरूर दें ओआरएस का घोल: डॉ. सर्वेश

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को हैबतपुर गढ़िया कॉलोनी में एएनएम श्वेता की अध्यक्षता में महिला आरोग्य समिति का गठन हुआ। जिसमें श्वेता ने बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के बारे में जरूरी टिप्स दिए।

समिति की सदस्यों ने बच्चों को डायरिया से सुरक्षित रखने के लिए जरूरी कदम उठाने का संकल्प लिया। बच्चों के सम्पूर्ण टीकाकरण, आयुष्मान भारत योजना, परिवार नियोजन के साधनों के उपयोग व अन्य स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। श्वेता ने कहा कि बच्चों की सही देखभाल के साथ स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखा जाए, ताकि बच्चे डायरिया समेत अन्य संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित बने रहें। उन्होंने कहा कि दिन भर में अगर बच्चे को दो या दो से अधिक बार पानी जैसी पतली दस्त आए तो बच्चे को आशा कार्यकर्ता द्वारा दी जाने वाली जिंक की गोली और ओआरएस का सेवन बताई गयी। हाथों की स्वच्छता का पूरा ख्याल रखें और हमेशा स्वच्छ जल ही पियें और ताजा ढका हुआ भोजन ही खुद खाएं और बच्चों को खिलाएं। खाना बनाने और खाना खाने से पहले, शौच के बाद एवं घर की साफ-सफाई के बाद हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह धुलते हैं तो हाथ स्वच्छ एवं कीटाणु मुक्त होगा और बीमारियां दूर रहेंगी।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 सर्वेश यादव ने बताया कि डायरिया किसी भी मौसम में हो सकता है। इसलिए बच्चों को पतली दस्त होने पर ओआरएस और जिंक जरूर दें। बैठक के दौरान अनुपम मिश्र, महिला आरोग्य समिति की अध्यक्ष रजनी, आशा कार्यकर्ता खुशबू, सरला मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद लोग

स्वगणना कार्य करना राष्ट्र निर्माण के लिए बेहद जरूरी: एसडीएम

पैलानी,बांदा। नवागंतुक उप जिलाधिकारी ने विधिवत कार्यभार ग्रहण करने के बाद तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों के साथ बैठक करते हुए स्वगणना कार्य तेजी से कराने पर जोर दिया। ग्रामीणों, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं व समाजसेवियों से एसडीएम ने स्वगणना का आह्वान किया। कहा कि स्वगणना कार्य करना राष्ट्र निर्माण के लिए बेहद जरूरी है। पैलानी तहसील की नवागंतुक एसडीएम प्रीति तिवारी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों, प्रधानाचार्यो, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों से कहा कि स्वगणना करना राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। सटीक जनसंख्या आंकड़ों से सरकार को भविष्य की योजनाएं बनाने में मदद मिलती है। शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सही संसाधन पहुंचाने का आधार डेटा बनता है। नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करके प्रक्रिया को तेज और अधिक सटीक बना सकते हैं। बताया कि स्वगणना कार्य 16 नवंबर से शुरू हो गया है। यह 30 नवंबर तक चलेगा। स्वगणना जन-जागरूकता के लिए तहसील क्षेत्र में होर्डिंग्स व मुनादी कराकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों से कहा कि`ब.बमदेने.हवअ.पद लिंक को मोबाइल पर डाउनलोड कर अपनी स्वगणना कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

खंड शिक्षा अधिकारी के स्थानांतरण पर भावुक हुए शिक्षक, दी विदाई

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

शासन के निर्देशानुसार हुए तबादले के क्रम में नवाबगंज के खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा का स्थानांतरण जनपद रामपुर के लिए हो गया है। इस अवसर पर विकासखंड कार्यालय परिसर स्थित खंड शिक्षा कार्यालय में शिक्षकों एवं स्टाफ द्वारा एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षकों और कर्मचारियों ने बीईओ अमर सिंह राणा का माल्यार्पण कर उन्हें स्मृति चिह्न व उपहार भेंट किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई के दौरान कई शिक्षक व कर्मचारी भावुक हो गए। इस मौके पर शिक्षक प्रशांत कटियार, संजीव रंजन, परविंदर सिंह, आनंद भरण राणा, पंकज यादव, डॉ0 अखिलेश, सुरेश चंद्र, लेखाकार सनोज यादव, वरिष्ठ लिपिक सुशील कुमार, राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार और देवेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकगण

मतदाता सूची में नाम जुड़ने से वंचित न रहे पात्र: सदर विधायक

समृद्धि न्यूज,बांदा।

मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर सदर विधान सभा क्षेत्र की आयोजित बैठक में सूची मंथ मतदाताओं के नाम जोड़ने की रणनीति तय की। कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर एसआईआर में वंचित रह गए मतदाताओं के नाम सूची में जुडवाने का आह्वान किया। सदर विधायक ने कहा कि सूची में किसी भी पात्र मतदाता का नाम जुड़ने से वंचित न रहे।जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में शुक्रवार को मतदाता जोड़ो अभियान की बैठक आयोजित हुई। सदर विधान सभा क्षेत्र प्रभारी अवधेश गुप्ता ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अभियान में पिछले एसआईआर में वंचित रहने और पहली जनवरी 2027 को 18 वर्ष आयु पूरी कर रहे युवाओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने का कार्य करें। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि मतदाता सूची में कटे मतदाताओं को चिन्हित कर फार्म भरवाने का कार्य करें। कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम जुड़ने से वंचित न रहे।

भाजपा महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के पदाधिकारी में वोट बढ़वाने का कार्य करें। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिला, मंडल व शक्ति केंद्र पदाधिकारी बूथों में जाकर छूटे मतदाताओं के फार्म भरवाने का कार्य करें।

सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम त्रुटिवश पंकज दर्ज हो गया है, जबकि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम पंकज सिंह दर्ज है, जो सही है। मेरे डीएल में मेरा सही नाम पंकज सिंह दर्ज करने की कृपा करें। **पंकज सिंह पुत्र रनवीर सिंह निवासी चन्दुइया पो0 सिलसन्डा, तहसील कायमगंज, जनपद फर्रु0**

खबरें एक नजर में

मंदिर चढ़ोत्तरी की नीलामी पुनः आज

कुंडा-प्रतापगढ़। सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर के पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेला की मंदिर चढ़ोत्तरी की नीलामी प्रक्रिया को तहसीलदार न्यायिक प्रमोद यादव ने स्थगित कर दिया है। नीलामी अब पुनः शनिवार 21 नवंबर को अपराह्न 3रू00 बजे आयोजित की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने सभी बोली दाताओं से अपीलक है कि निश्चित समय और स्थान पर पहुंचकर नीलामी प्रक्रिया में शामिल हो।

शम्स तबरेज को मिला सांसद धर्मेंद्र यादव के हाथों शिब्ली अवार्ड

प्रतापगढ़। महान शिक्षाविद्, विचारक एवं साहित्यकार अल्लामा शिब्ली नोमानी की पुण्यतिथि पर 18 नवंबर 2026 को ऑल इंडिया कैफी आजमी एकेडमी, निशातगंज, लखनऊ में पूर्वांचल फ्यूचर फोरम द्वारा 'शिब्ली डे' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रतापगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता शम्स तबरेज को सामाजिक कार्य और उर्दू फ्रोग में योगदान के लिए 'अल्लामा शिब्ली नोमानी एवार्ड' से सम्मानित किया गया। आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। सम्मान पर शम्स तबरेज ने आयोजकों व अतिथियों का आभार जताया तथा फोरम के कन्वीनर आफाक अहमद आजमी का विशेष धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनका हौसला बढ़ाएगा और सामाजिक कार्यों व उर्दू के फ्रोग के लिए और अधिक समर्पण से काम करने की प्रेरणा देगा। कार्यक्रम में एमएलसी शाह आलम गुड्डू जमाली, प्रो. अयाज अहमद इस्लाही, मौलाना अलाउद्दीन नदवी, प्रो. मसूद आलम, डॉ. इलियास आजमी, शीराज आलम आजमी, जैद अहमद फारूकी, सैफबाबर, सिकंदर यादव और जय सिंह प्रताप यादव समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने अल्लामा शिब्ली नोमानी की इल्मी, अदबी व सामाजिक विरासत को याद करते हुए उनके विचारों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

एकादशी को 5100 दीपों से जगमगाया सोनामऊ गंगा घाट



कुंडा-प्रतापगढ़। समाज सेवी जीवन लाल यादव व प्रधान पति सुरेश यादव के अगुवाई में गंगाघाट पर शुक्रवार को एकादशी के दिन 14वें दीप महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां 5100 दीपों से सोना मोहतापुर गंगा घाट जगमगा उठा। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गंगा पूजन के पश्चात 5100 दीप पतित पावनी मोक्षदायिनी मां गंगा की निर्मल व अविरल धारा में प्रवाहित किए गए, तो टिमटिमाते तारों की भांति ऐसा लगा जैसे आसमान ही धरती पर उतर आया है। दीप महोत्सव के अवसर पर घाट पर एकादशी मेला का भी आयोजन किया गया था। जहां पर बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी करते हुए मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह के समापन पर आयोजन सुरेश कुमार यादव ने सभी के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मनीष सिंह, वीरेंद्र यादव, खंड विकास अधिकारी अरविंद कुमार, थानाध्यक्ष मनोज तोमर, जितेंद्र विश्वकर्मा, विजय बहादुर विश्वकर्मा, सत्यपाल वर्मा, लालजी अग्रहरि, जवाहर लाल गुप्ता, मनीष चौधरी, प्रदीप सिंह, बृजलाल यादव, जितेंद्र गौतम, राजू प्रजापति,राम गोपाल अग्रहरि समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बड़नपुर में बुलेट-साइकिल की भिड़ंत में दो घायल, पूर्व विधायक ने पहुंचाया अस्पताल

कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़। कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत बड़नपुर गांव के समीप शुक्रवार शाम एक तेज रफ्तार बुलेट बाइक ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार और बाइक चालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। घटना के समय उधर से गुजर रहे गडवारा के पूर्व विधायक सौरभ मिश्रा ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए घायलों को तत्काल उपचार मुहैया कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कटरा मेदनीगंज निवासी मोहम्मद हनीफपुत्र कल्लू शुक्रवार शाम टेऊंगा की ओर से साइकिल द्वारा अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह बड़नपुर के पास पहुंचे, कटरा मेदनीगंज की तरफसे आ रहे एक अनियंत्रित बुलेट सवार युवक ने उनकी साइकिल में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। घायल बुलेट सवार युवक की तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। इसी दौरान कटरा से शहर की ओर जा रहे पूर्व विधायक सौरभ मिश्रा ने भीड़ देखकर अपना वाहन रुकवाया। एंबुलेंस के आने में हो रही देरी को भांपते हुए उन्होंने बिना समय गंवाए अपने निजी वाहन और चालक की मदद से दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया। इतना ही नहीं, उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से फोन पर वार्ता कर दुर्घटना की जानकारी दी और घायलों का समुचित व त्वरित इलाज सुनिश्चित करने को कहा। स्वयं घटनास्थल पर डटे रहकर राहत कार्य कराने के पूर्व विधायक के इस सराहनीय कदम की स्थानीय लोगों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता समाज के लिए प्रेरणास्रोतः पं. रामकृपाल तिवारी

गडवारा-प्रतापगढ़। क्षेत्र के शुकुलपुर गांव में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुक्रवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन व्यास पीठ से कथावाचक पंडित रामकृपाल तिवारी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के पावन मिलन का अत्यंत मार्मिक प्रसंग सुनाया, जिसे सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा का रसपान कराते हुए महाराज श्री ने कहा कि सच्ची मित्रता में अमीरी और गरीबी का कोई भेद नहीं होता। उन्होंने प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि पत्नी के बार-बार आग्रह करने पर दरिद्रता से जूझ रहे सुदामा फटे वस्त्रों में ही अपने बाल सखा द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे। मार्ग में लोगों ने उनकी दशा देखकर उपहास भी उड़ाया, लेकिन जब द्वारिका के महल में सुदामा के आगमन की सूचना पहुंची, तो स्वयं भगवान श्रीकृष्ण मित्र से मिलने के लिए व्याकुल होकर नंगे पांव राजमहल से दौड़ पड़े। कथावाचक ने बताया कि श्रीकृष्ण ने मित्र सुदामा को गले लगाया, उन्हें अपने राजसिंहासन पर बैठाया और अपने अश्रुओं से उनके चरण पखारे। ईश्वर और भक्त के इस अद्भुत मिलन की कथा सुनकर श्रोताओं की आंखों से भी खुशी के आंसू छलक पड़े। इस अवसर पर मुख्य यजमान सालिक राम शुक्ल, गायत्री शुक्ला, रमेश शुक्ल, छोटे तथा हौसिला यादव सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

निजी हैंडपंप को सरकारी अभिलेखों में रिबोर दिखाकर निकाले 33 हजार रुपये

चांदा, सुलतानपुर। विकासखंड प्रतापपुर कमैचा की ग्रामसभा हड़िया सरपतहा में निजी हैंडपंप को सरकारी अभिलेखों में रिबोर दर्शाकर 33 हजार रुपये का भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। गांव निवासी इंदल निषाद ने तत्कालीन प्रधान/प्रशासक और सचिव पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए अधिकारियों से शिकायत की थी। शिकायत के अनुसार, इंदल निषाद ने अपने निजी खर्च से एक वर्ष पहले घर पर इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाया था। आरोप है कि इसी हैंडपंप को सरकारी अभिलेखों में रिबोर दिखाकर भुगतान करा लिया गया। शुक्रवार को अवर अभियंता पंकज मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर हैंडपंप का निरीक्षण किया और शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया। जेई ने जांच आख्या उच्चाधिकारियों को भेज दी है।शिकायतकर्ता ने संबंधित भुगतान की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, अन्य ग्रामसभाओं में भी हैंडपंप रिबोर के नाम पर भुगतान में अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं, जिनकी पुष्टि होना बाकी है। अब आगे की कार्रवाई उच्चाधिकारियों के निर्णय पर निर्भर है।

कल पुलिस लाइन में होगी एयर रेड-ब्लैकआउट मॉकड्रिल

सुलतानपुर। ड्रोन और हवाई हमले जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए 22 नवंबर को पुलिस लाइन परिसर में शाम छह बजे सिविल डिफेंस एयर रेड-ब्लैकआउट मॉक एक्सरसाइज आयोजित होगी। इसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में बैठक हुई। इसमें एडीएम प्रशासन रत्नप्रिया सहित संबंधित अधिकारी, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक और आपदा मित्र शामिल हुए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से समय रहते तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। मॉक ड्रिल में हवाई हमले की चेतावनी के लिए दो मिनट तक सायरन बजाया जाएगा। इसके बाद निर्धारित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद कर ब्लैकआउट किया जाएगा। खतरा समाप्त होने पर ऑल क्लियर सिग्नल दिया जाएगा। अभ्यास के दौरान आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक उपचार, एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाने और ध्वस्त भवनों से लोगों को सुरक्षित निकालने का भी प्रदर्शन होगा।


ट्रक की चपेट में आने से बाइकसवार की मौत, चालक फरार

चांदा, सुलतानपुर। चांदा कोतवाली क्षेत्र के सोनावा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-731 पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनावा गांव निवासी सुरेश चंद्र मिश्रा (55) पुत्र विद्याधर मिश्रा शुक्रवार सुबह बाइक से सोनावा बाजार गए थे। वहां से घर लौटते समय जौनपुर से सुलतानपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह ट्रक के पहियों की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल होने के कारण मौके पर ही दम तोड़ दिया।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजकुमार वर्मा पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को कब्जे में लेकर कोतवाली पहुंचाया गया।

बेंती में श्रीराम कथा का आयोजन शांतिपूर्ण संपन्न

कथा के चौथे दिन पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज के दिव्य दरबार में उमड़ी श्रद्धालु की भारी भीड़

समृद्धि न्यूज़, कुंडा-प्रतापगढ़।







हिंदू हृदय सम्राट कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया द्वारा बेती में आयोजित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज की धार्मिक कथा शुक्रवार को सकुशल संपन्न हो गया। कथा के चौथे दिन पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज के दिव्य दरबार में भारी भीड़ पड़ी। उन्होंने श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए धीरेंद्र शास्त्री की अपील पर श्रद्धालु भक्तगण मंच के करीब पहुंचकर महाराज जी का दर्शन व आशीर्वाद लिया। दिव्य दरबार के दौरान उन्होंने पर्चियां निकालकर श्रद्धालुओं की समस्याएं सुनीं। इसी बीच उन्होंने प्रेत बाधा से पीड़ित होने का अनुभव करने वाले लोगों को आगे आने के लिए कहा। इसके बाद तीनों पंडालों से बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मंच के पास पहुंचने लगे।दरबार के दौरान हनुमान चालीसा का पाठ शुरू होते ही कुछ श्रद्धालु भावुक और असामान्य व्यवहार करते नजर आए। कुछ महिलाएं जमीन पर लेटने और झूमने लगीं, जबकि कुछ पुरुष चिल्लाते और दांत पीसते दिखाई दिए। एक युवक ने अपनी शर्ट उतारकर सीना पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान पंडाल में मौजूद लोगों के बीच यह दृश्य चर्चा का विषय बना रहा। प्रेत बाधा से ग्रसित लोगों को दवा और इलाज जारी रखने की सलाह दी है। महाराज जीट ने कहा कि यदि केवल भभूत से ही चमत्कार होता तो कैंसर का अस्पताल बनवाने की जरूरत क्यों पड़ती। उन्होंने भगवान हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण के प्राण बचाने का प्रसंग सुनाया। साथ ही श्रद्धालुओं को सलाह दी कि धार्मिक दरबारों के चक्कर में पड़कर दवाइयां लेना बंद न करें। इससे पहले जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष व कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने बागेश्वर धाम सरकार के आगमन से जुड़ा प्रसंग सुनाया।



उन्होंने कहा कि चाहें तो बागेश्वर धाम सरकार को प्रयाग से हेलीकॉप्टर के जरिए भी लाया जा सकता था, लेकिन वह स्वयं वहां पहुंचे। उन्होंने इसे श्रद्धालुओं के समर्थन और सामर्थ्य से जोड़कर बताया। चार दिवसीय कार्यक्रम के सफल आयोजन पर राजा भैया ने अभी के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सांसद एवं अभिनेता मनोज तिवारी ने भजन प्रस्तुत किए। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, सांसद रमेश अवस्थी, विधायक पूजा पाल सहित कई विशिष्ट अतिथि भी कार्यक्रम में पहुंचे।

अस्थाई गौशाला का शुभारंभ, निराश्रित पशुओं को मिलेगा सुरक्षित आश्रय

समृद्धि न्यूज़, संडवा चंद्रिका-प्रतापगढ़।



क्षेत्र के निराश्रित एवं बेसहारा पशुओं के संरक्षण तथा किसानों की फसलों की सुरक्षा के उद्देश्य से ग्राम सभा ताला सिरिस्ताबाद में शुक्रवार को नवनिर्मित अस्थाई गौशाला का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान वंशराज सिंह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर किया गया। पूजन के उपरांत निराश्रित गोवंश को तिलक लगाकर एवं फूल-माला पहनाकर सस्सम्मान गौशाला परिसर में प्रवेश कराया गया। उल्लेखनीय है कि यह अस्थाई गौशाला आसपास के करीब एक दर्जन गांवों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आई है। जानकारी के अनुसार जगदीशपुर, गौराडाँड़, रामनगर भोजपुर, दादू पूरन सिंह, पीरूपुर, रसूलपुर गुलरहा, मकईपुर, रायचन्द्रपुर तथा नेवादा गौराडाँड़ ग्राम पंचायतों के बीच यह इकलौती गौशाला है। इसके संचालन से क्षेत्र में खुले घूम रहे बेसहारा पशुओं को न केवल सुरक्षित आश्रय मिल सकेगा, बल्कि उनके लिए चारे, पानी और नियमित देखभाल की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इससे स्थानीय किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान पर भी प्रभावी अंकुश लग सकेगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान वंशराज सिंह ने समारोह में पधारे समस्त अतिथियों, ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा की यह पहल गो-संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से अभय राज सिंह (नेवादा गौराडाँड़), रायचन्द्रपुर के प्रधान, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, तकनीकी सहायक बृजेश मिश्र, राजेंद्र शुक्ल तथा मालिक सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ईवीएम प्रशिक्षण व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रतापगढ़। मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली से परिचित कराने तथा मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को तहसील सदर में ईवीएम प्रशिक्षण एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रेमचन्द मौर्य एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर अनुष्का शर्मा के निर्देशन में हुए इस आयोजन में अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार सदर ओम प्रकाश सिंह और मास्टर ट्रेनर धर्मेन्द्र ओझा की मौजूदगी में विधानसभा क्षेत्र-248 प्रतापगढ़ तथा विधानसभा क्षेत्र-247 विश्वनाथगंज के लिए अलग-अलग ईवीएम मशीनें लगाई गईं। परिसर में पहुंचे अधिवक्ताओं और नागरिकों को मतदान की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। लोगों ने बैलेट यूनिट पर अपनी पसंद के उम्मीदवार के सामने का नीला बटन दबाकर मतदान किया और वीवीपैट मशीन में प्रदर्शित पर्ची देखकर अपने वोट का सत्यापन किया। प्रतिभागियों ने स्वयं देखा कि जिस प्रत्याशी के लिए बटन दबाया गया, उसी के नाम व चुनाव चिह्न की पर्ची वीवीपैट में दिखकर बॉक्स में गिरी। अधिकांश लोगों ने स्वयं मतदान कर ईवीएम व वीवीपैट की कार्यप्रणाली को समझा और पूरे आयोजन के दौरान खासा उत्साह दिखा।

मतदाता सूची पुनरीक्षण विशेष अभियान

- 21, 22, 28 व 29 नवंबर को विशेष अभियान, फॉर्म-6 से जुड़वाएं नाम

प्रतापगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर जनपद की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण चल रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेमचन्द मौर्य ने बताया कि मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 17 नवंबर 2026 को हो चुका है। नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन के लिए दावे और आपत्तियां 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक ली जाएंगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए 21 व 22 नवंबर (शनिवार-रविवार) तथा 28 व 29 नवंबर 2026 (शनिवार-रविवार) को विशेष अभियान चलेगा। दावे-आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक होगा और अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील की है कि 01 जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले या कर चुके पात्र युवा, जिनका नाम सूची में नहीं है, वे विशेष तिथियों में बूथ पर जाकर फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को दें। नाम में संशोधन के लिए फॉर्म-8 भरा जा सकता है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल भी निर्धारित तिथियों में बूथों पर बीएलए नियुक्त कर बीएलओ के संरक्षण में त्रुटियां दूर कराने में सहयोग कर सकते हैं।

तीन माह से नहीं हुआ टीएचआर प्लांट का भुगतान

- दर्जनों महिलाओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन
- जिले में चल रही पांचों इकाइयां बंदी के कगार पर

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।



जिले में समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए चल रहे 5 टी एच आर प्लांट का बीते 3 माह से भुगतान नहीं हुआ।जिससे प्लांट में काम कर रही महिलाओं के आजीविका पर संकट खड़ा हो गया।करोड़ो के भुगतान में देरी को लेकर शुक्रवार को समूह की महिलाओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बता दें कि जिले के जयसिंहपुर में सौभाग्य प्रेरणा महिला लघु उद्योग टीएचआर, दूबेपुर में प्रगति प्रेरणा महिला लघु उद्योग टीएचआर, कादीपुर के मगरावा में संकल्प प्रेरणा महिला लघु उद्योग टीएचआर,देहली बाजार में उद्यमिता प्रेरणा महिला लघु उद्योग टीएचआर संचालित है।जिनके द्वारा बनाए गए पोषाहार को बाल विकास विभाग द्वारा खरीदारी की जाती है।एवं प्लांट में काम करने वाली महिलाओं को एक दिन 262 रुपए के हिसाब से मिलता है।बीते 03 माह से टी एस आर प्लांट का भुगतान न होने से महिलाओं को उनकी दैनिक मजदूरी नहीं मिली।जिससे उनके भरण पोषण का संकट उत्पन्न हो गया।शुक्रवार को सैकड़ों महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर भुगतान दिलाने की मांग उठाई।जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने महिलाओं को जल्द भुगतान दिलाने का भरोसा दिया।इस संबंध में डीपीओ शरद त्रिपाठी ने बताया कि हमारे द्वारा लगातार भुगतान किया जाता है। डीसीएनआरएलएम केडी गोस्वामी ने बताया कि जिले के पांचों टीएचआर इकाइयों का करीब 09 करोड़ रुपए बकाया है।तीन महीने से भुगतान न होने से इकाइयां बंद हो गई है।विगत पखवारे भर पहले 03 करोड़ रुपए आए थे जिसका अभी भुगतान नहीं हुआ है।जिलाधिकारी द्वारा जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया गया है।

ईवीएम-वीवीपैट प्रदर्शन केंद्रों का संचालन शुरू

सुलतानपुर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत जनपद में ईवीएम एवं वीवीपैट प्रदर्शन केंद्रों का संचालन गुरुवार से शुरू हो गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्थापित इन केंद्रों के माध्यम से आमजन को मतदान प्रक्रिया और ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली की जानकारी दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय स्तर पर प्रदर्शन केंद्र स्थापित किए गए हैं। यहां नागरिकों को ईवीएम से मतदान करने, वीवीपैट में मत की पर्ची देखने तथा पूरी मतदान प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन कर जागरूक किया जाएगा। इन केंद्रों का संचालन विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की अधिसूचना जारी होने तक किया जाएगा। इसका उद्देश्य मतदाताओं की शंकाओं का समाधान करने के साथ मतदान प्रक्रिया के प्रति विश्वास और जागरूकता बढ़ाना है।

कवियों की रचनाओं से गूंजा पुष्प वाटिका का मंच, देर रात तक सजी काव्य महफिल



मोतिगरपुर, सुलतानपुर। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर गुरुवार शाम बाजार स्थित पुष्प वाटिका में 'मां तुझे सलाम' थीम पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन हुआ। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों और शायरों ने गीत, गजल, वीर रस और हास्य-व्यंग्य की रचनाओं से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ फरेंदा विधायक एवं कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता वीरेंद्र चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अयोध्या की कवयित्री अर्चना द्विवेदी ने सरस्वती वंदना से काव्य पाठ की शुरुआत की। जमुना प्रसाद उपाध्याय और बिहारी लाल अंबर ने अपनी व्यंग्यात्मक रचनाओं से खूब तालियां बटोरीं। अशोक पांडेय अनहद ने महापुरुषों और वीरांगनाओं के योगदान को कविता में पिरोया। राजस्थान के कोटा से आए कुंवर जावेद ने गंगा-जमुनी तहजीब और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।इसके अलावा रामकिशोर त्रिपाठी, फलक सुलतानपुरी, प्रमोद द्विवेदी, रितेश राजवाड़ा और शिवकिशोर तिवारी खंजन ने भी काव्य पाठ किया। इस मौके पर पूर्व विधायक ओपी सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओपी चौधरी सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी मौजूद रहे।

पोस्टर प्रतियोगिता में कविता व क्विज में प्रेरणा रहीं अव्वल

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिला विज्ञान क्लब की ओर से शुक्रवार को सेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल, महुअरिया में 'स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन' विषय पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के करीब 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. डीएस मिश्रा, सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा माध्यमिक अखिलेश पांडेय और आनंद मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वक्ताओं ने स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन, नवाचार और नई तकनीक के महत्व पर प्रकाश डाला।पोस्टर प्रतियोगिता में केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कविता निषाद प्रथम, सेमफोर्ड की नवेरा खान द्वितीय और भदैया की दीपिका विजय यादव तृतीय रहीं। क्विज प्रतियोगिता में केएनआईसी करौंदिया की प्रेरणा उपाध्याय प्रथम, जीआईसी के अश्वनी यादव द्वितीय और जीआईसी महाराजगंज के राम पाठक तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान लखनऊ के नारायण पपेट ग्रुप ने कठपुतली शो के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संयोजक प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार तिवारी ने अतिथियों के प्रति आभार जताया।

अनियंत्रित कार ने टेंपो में मारी टक्कर, 5 घायल

- कुड़वार सुलतानपुर मार्ग पर शराब ठेका के पास की घटना

समृद्धि न्यूज़, कुड़वार सुल्तानपुर।



खाटू श्याम भंडारे से वापस टेंपो से जा रहे जयसिंहपुर निवासी पांच लोगों को अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी।दुर्घटना में टेंपो पर बैठे घायलों को कड़ी मसक्कत के बाद निकालकर पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।जिला मेडिकल कॉलेज से दो लोगों की हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। गुरुवार शुक्रवार की रात करीब डेढ़ बजे स्थानीय कस्बे से खाटू श्याम संकीर्तन में शामिल होने के बाद जयसिंहपुर निवासी संजू पत्नी अरुण कुमार, सौरभ पुत्र अरुण कुमार, अरुण कुमार पुत्र केदारनाथ, संजू पत्नी श्याम बिहारी व शनि पुत्र बिहारी लाल टेंपो से घर जाने के लिए निकले थे।कस्बे से निकलने के बाद कुड़वार सुल्तानपुर मार्ग पर दारू के ठेके के पास टेम्पो चालक किनारे खड़ी करके पेशाब करने चला गया।तभी कुड़वार कस्बे की तरफ से आ रही अनियंत्रित कार ने टेंपो में टक्कर मार दी।दुर्घटना में सभी टेम्पो सवार फंस गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मसक्कत के बाद सभी को बाहर निकालकर स्थानीय सीएचसी भेजवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।जिला मेडिकल कालेज में संजू पत्नी अरुण कुमार का इलाज चल रहा है।सौरभ और अरुण कुमार को डिस्चार्ज कर दिया।वही गंभीर घायल संजू पत्नी श्याम बिहारी व शनि पुत्र बिहारी लाल को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।प्रभारी थानाध्यक्ष दिनेश यादव ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजवाया गया।दुर्घटना करने वाली कार को हिरासत में लेकर कार्यवाही की जा रही है।

सूकर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

कुंडा-प्रतापगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र कालाकांकर में आयोजित पांच दिवसीय सूकर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण में 20 युवा किसानों ने भाग लेकर सूकर पालन की आधुनिक व वैज्ञानिक तकनीकों का ज्ञान प्राप्त किया। समापन अवसर पर परीक्षा आयोजित की गई और सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिन्हें पाकर किसानों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। प्रशिक्षण के दौरान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ पशु चिकित्सक डॉ. प्रसेनजीत देबनाथ ने प्रतिभागियों को सूकर पालन से होने वाले आर्थिक लाभ, उन्नत प्रजातियों के चयन, संतुलित आहार, आवास प्रबंधन, नियमित टीकाकरण तथा स्वास्थ्य प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक तरीके से पालन करने पर कम लागत में बेहतर आय अर्जित की जा सकती है। केंद्र के प्रभारी व प्रसार वैज्ञानिक डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने किसानों को सूकर पालन में मार्केट लिंकेज और मूल्य संवर्धन के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यदि किसान उत्पादन के साथ-साथ बाजार की मांग और उत्पादों के मूल्य संवर्धन पर ध्यान दें, तो वे इसे एक लाभकारी और टिकाऊ व्यवसाय के रूप में स्थापित कर सकते हैं। अंतिम दिन आयोजित मूल्यांकन परीक्षा के उपरांत सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर कमल सरोज, लालजी, संदीप, शुभम, हेमंत, शशांक, हर्ष और प्रवीण सहित कुल 20 प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

